  - **संरचित सरकारी नेतृत्व वाले कार्यक्रमों** के माध्यम से सफल उद्यमियों को प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप्स के साथ जोड़ने से उनकी अधिगम की प्रक्रिया में तेज़ी आ सकती है।

- **गिग इकॉनमी स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिये श्रम कानूनों में सुधार:** गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को समायोजित करने के लिये श्रम सुधार पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिरता को बढ़ा सकते हैं।
  - सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 जैसे कार्यक्रमों के तहत **गिग श्रमिकों के लिये सामाजिक सुरक्षा फ्रेमवर्क और स्वास्थ्य लाभ का निर्माण करके कार्यबल की अस्थिरता** को कम किया जा सकता है।
  - इससे विशेष रूप से **खाद्य वितरण, राइड-हेलिंग और लॉजिस्टिक्स** जैसे क्षेत्रों के स्टार्टअप्स को लाभ होगा।

- **उभरते क्षेत्रों में सीमा पार सहयोग को बढ़ावा देना: AI, ब्लॉकचेन और स्वच्छ ऊर्जा** जैसे क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने से भारतीय स्टार्टअप वैश्विक नवाचार में अग्रणी स्थान पर आ सकते हैं।
  - **अमेरिका और जापान जैसे देशों के साथ** स्टार्टअप एक्सचेंज कार्यक्रमों पर केंद्रित द्विपक्षीय समझौते **ज्ञान अंतरण को सक्षम कर सकते हैं।**
  - इन्हें स्टार्टअप इंडिया अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलनों के साथ एकीकृत करने से भारत की वैश्विक स्टार्टअप उपस्थिति बढ़ सकती है।

निष्कर्ष:

भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने सरकारी नीतियों, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार और उभरते निवेश परिदृश्य के कारण उल्लेखनीय वृद्धि और वैश्विक क्षमता का प्रदर्शन किया है। हालाँकि, **फंडिंग की कमी, नीतिगत अस्थिरता और प्रतिभा प्रतिधारण जैसी चुनौतियाँ** महत्त्वपूर्ण बाधाएँ बनी हुई हैं। इस इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के लिये, भारत को **विनियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना चाहिये ग्रामीण डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करना चाहिये और अकादमिक-स्टार्टअप सहयोग को बढ़ावा देना चाहिये।**

■■■

भारत में मृदा क्षरण से निपटना

भारत की कृषि स्थिरता मृदा स्वास्थ्य में गिरावट के कारण एक गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। हाल के आकलन से पता चलता है कि 5% से भी कम **भारतीय मृदा में नाइट्रोजन का स्तर अधिक** है, जबकि **केवल 20% में पर्याप्त कार्बनिक कार्बन** है। वर्तमान उर्वरक सब्सिडी प्रणाली, जो मुख्य रूप से **यूरिया पर केंद्रित** है, ने **असंतुलित पोषक तत्त्वों के प्रयोग को बढ़ावा** दिया है, जिसमें अत्यधिक नाइट्रोजन एवं अपर्याप्त फास्फोरस और पोटेशियम का उपयोग शामिल है। यह पोषक तत्त्व असंतुलन न केवल कृषि उत्पादकता को कम करता है बल्कि पर्यावरण क्षरण में भी योगदान देता है। इन चुनौतियों का समाधान करने और दीर्घकालिक मृदा स्वास्थ्य एवं कृषि स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये **तत्काल प्रणालीगत सुधारों की आवश्यकता** है।

भारत में मृदा क्षरण की वर्तमान स्थिति क्या है?

- **वर्तमान स्थिति: भारत के मरुस्थलीकरण और भूमि क्षरण एटलस (SAC- 2021)** से पता चलता है कि सत्र 2018-19 के दौरान भूमि क्षरण की वर्तमान सीमा **97.85 मिलियन हेक्टेयर** थी, जो **देश के भौगोलिक क्षेत्र का 29.77%** है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **भौगोलिक विस्तार और गंभीरता:** अर्द्र-शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हैं तथा **राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात एवं तेलंगाना जैसे राज्यों में** महत्त्वपूर्ण भूमि क्षरण देखा गई है।
  - अकेले राजस्थान में **21 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि क्षरित क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत** है, जिसका मुख्य कारण यहाँ के शुष्क क्षेत्रों में वायु जनित क्षरण है।
  - **मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया में वृद्धि** हुई है तथा अब **83.69 मिलियन हेक्टेयर भूमि** को मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया से गुज़र रही शुष्क भूमि के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो वर्ष 2003-05 के बाद से 1 मिलियन हेक्टेयर से अधिक की निवल वृद्धि है।

भारत में मृदा क्षरण के प्रमुख कारण क्या हैं?

- **असंवहनीय कृषि पद्धतियाँ:** रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों **और** एकल फसल उत्पादन **के अत्यधिक प्रयोग** सहित गहन कृषि तकनीकों पर भारत की निर्भरता के परिणामस्वरूप पोषक तत्त्वों की कमी एवं मृदा अम्लीकरण हुआ है।
  - उदाहरण के लिये, पंजाब और हरियाणा को हरित क्रांति की उच्च उपज वाली फसलों की परंपरा के कारण कार्बनिक कार्बन के स्तर में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है।
  - भारत में DDT और HCH जैसे **ऑर्गेनोक्लोरीन कीटनाशक** वर्तमान में प्रयुक्त **कीटनाशकों का 70% से अधिक हिस्सा** हैं।
- **निर्वनीकरण (वनों की कटाई) और शहरीकरण:** कृषि, बुनियादी अवसंरचना और शहरी विस्तार के लिये तेज़ी से निर्वनीकरण से मृदा क्षरण में वृद्धि होती है तथा जल धारण क्षमता कम हो जाती है।
  - हाल के आँकड़ों से पता चला है कि **भारत के प्राकृतिक वनों में वर्ष 2013 से 2023 तक वृक्षावरण की 95% हानि** हुई है।
    - उदाहरण के लिये, पश्चिमी घाट जो 36 वैश्विक जैवविविधता हॉटस्पॉट में से एक है, में **सदाबहार वन क्षेत्र में 5% की कमी** देखी गई, जिससे स्थानीय मृदा की उर्वरता प्रभावित हुई।
- **अतिचारण और असंवहनीय पशुधन प्रबंधन:** अनियमित चारण से वनस्पति की हानि होती है, **जिससे ऊपरी मृदा का क्षरण** होता है, विशेष रूप से राजस्थान और गुजरात जैसे शुष्क एवं अर्द्र-शुष्क क्षेत्रों में।
  - भारत में **535 मिलियन से अधिक पशुधन** हैं जो धारणीय वहन क्षमता से अधिक हैं। पशुधन की संख्या में वृद्धि के कारण **चरागाह भूमि पर दबाव** बढ़ गया है, जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक चारण और वनस्पति आवरण का विनाश हो रहा है।
- **जल कुप्रबंधन और सिंचाई पद्धतियाँ:** अत्यधिक भूजल निष्कर्षण और निम्न स्तरीय सिंचाई तकनीक, **जैसे** गहन सिंचाई (Flood Irrigation) के परिणामस्वरूप मृदा की लवणता बढ़ती है तथा जलभराव होता है।
  - अत्यधिक सिंचाई के कारण जल लवणता में वृद्धि हुई है। देश में **लगभग 6.74 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र लवणता से प्रभावित** है।
    - पंजाब में अत्यधिक सिंचाई के कारण **लवणीकरण के कारण लगभग 50% भूमि क्षरित** हो गई है, जिसके कारण जलभराव हो गया है और सतह पर नमक/लवण संचयन हो गया है।
  - अनुमान बताते हैं कि प्रत्येक वर्ष लगभग **10% अतिरिक्त क्षेत्र लवणीय** हो रहा है और वर्ष 2050 तक **लगभग 50% कृषि योग्य भूमि लवण प्रभावित हो जाएगी।**
- **औद्योगिक प्रदूषण और खनन गतिविधियाँ:** उद्योगों द्वारा **भारी धातुओं, रसायनों और प्रदूषकों को** निकटवर्ती मृदा पारिस्थितिकी तंत्र में उत्सर्जित किया जाता है, विशेष रूप से ओडिशा एवं झारखंड जैसे खनन-प्रधान राज्यों में।
  - **कोयला खनन और फ्लाई ऐश डंप** से उत्पन्न विषाक्त प्रदूषण ने भूमि के बड़े हिस्से को अनुपजाऊ बना दिया है।
  - उदाहरण के लिये, **तमिलनाडु में स्टरलाइट कॉपर संयंत्र** द्वारा वायु और आस-पास के जल निकायों में ज़हरीले रसायनों के उत्सर्जन के कारण गंभीर मृदा एवं जल प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **जलवायु परिवर्तन और चरम मौसम घटनाएँ:** जलवायु परिवर्तन से प्रेरित घटनाएँ, जैसे **अनियमित वर्षा, सूखा और बाढ़,** मृदा अपरदन और पोषक तत्त्वों की कमी को बढ़ाती हैं।
  - उदाहरण के लिये, **वर्ष 2023 में हिमाचल प्रदेश में आई बाढ़ के कारण कृषि क्षेत्रों में मृदा की ऊपरी सतह का भारी क्षय हुआ।**
  - जलवायु परिवर्तन के कारण सदी के अंत तक उच्च या बहुत अधिक मृदा अपरदन दर वाले क्षेत्रों की संख्या **35.3% से बढ़कर 40.3% हो जाने की संभावना** है।
- **स्थानांतरित कृषि या झूम कृषि** और **कर्तन एवं दहन प्रथाएँ: नगालैंड और मणिपुर** जैसे पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानांतरित खेती/झूम कृषि के कारण मृदा की उर्वरता में गिरावट जारी है, क्योंकि इसके तहत कर्तन एवं दहन चक्र कार्बनिक पदार्थों को नष्ट कर देती हैं।
  - पूर्वोत्तर भारत में कुल 4925 वर्ग किमी क्षेत्र को **झूमिंग हॉटस्पॉट के रूप में अभिनिर्धारित** किया गया है, जिसमें से **62% से अधिक अरुणाचल प्रदेश, असम और मिज़ोरम में** आता है, जिससे व्यापक मृदा क्षरण एवं जैवविविधता का ह्रास होता है।
- **अनियमित निर्माण और बुनियादी अवसंरचना परियोजनाएँ: सड़कों, बाँधों और शहरी बस्तियों** के लिये बड़े पैमाने पर निर्माण से ऊपरी मृदा नष्ट हो जाती है तथा प्राकृतिक जल निकासी पैटर्न बाधित हो जाता है।
  - **उदाहरण के लिये, उत्तराखंड में चार धाम राजमार्ग** के निर्माण के कारण मृदा अस्थिरता और भूस्खलन की घटनाएँ हुई हैं, **राजमार्ग के एक भाग पर 300 से अधिक घटनाएँ दर्ज की गई हैं।**
- **आक्रामक प्रजातियाँ:** ***लैंटाना कैमरा*** (पंचफूली) जैसी **आक्रामक वनस्पति प्रजातियों** का प्रसार पोषक तत्त्वों को कम करके और देशी जैव विविधता को बाधित करके मृदा की उर्वरता को कम करता है।
  - **हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि 22% प्राकृतिक क्षेत्रों** में अत्यधिक चिंताजनक आक्रामक वनस्पति दर्ज किये गए हैं तथा अनुमान है कि इनसे **66% प्राकृतिक क्षेत्रों को खतरा** हो सकता है।



मृदा संरक्षण से संबंधित भारतीय सरकार की पहल आंशिक रूप से ही प्रभावी क्यों रह जाती है?

- **खंडित नीति फ्रेमवर्क:** भारत की मृदा प्रबंधन नीतियाँ **कई मंत्रालयों और योजनाओं में विखंडित** हैं, जिसके कारण समन्वय एवं फोकस की कमी होती है।
  - उदाहरण के लिये, **मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (सिंचाई) और मनरेगा (भूमि पुनर्भरण)** जैसे कार्यक्रमों से स्वतंत्र रूप से संचालित होती है।
  - यह दृष्टिकोण **समग्र मृदा प्रबंधन को रोकता है।**
- **अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी:** यद्यपि **मृदा स्वास्थ्य कार्ड और परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY) जैसी योजनाओं का** उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य में सुधार करना है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर इनके कार्यान्वयन में काफी बाधाएँ आती हैं।
  - वर्ष 2022 के आँकड़ों से पता चलता है कि **केवल 33% किसान ही मृदा स्वास्थ्य संबंधी सिफारिशों का प्रयोग** करते हैं। जवाबदेही व रियल टाइम फीडबैक की कमी से प्रभाव और कम हो जाता है।
- **क्षेत्रीय विशिष्टता की उपेक्षा:** अधिकांश मृदा स्वास्थ्य पहल सामान्य हैं और वे **राजस्थान में मरुस्थलीकरण** या **गुजरात में लवणता जैसी क्षेत्र-विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करने में विफल** रहती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इस एक ही नीति के कारण मृदा प्रबंधन पहल की प्रभावकारिता प्रभावित होती है।

- **अनुसंधान और कार्यान्वयन के बीच कमज़ोर संबंध:** ICAR और IIT जैसे संस्थानों द्वारा भारत में मृदा अनुसंधान के परिणामों को प्रभावी रूप से क्षेत्र-स्तरीय समाधानों में परिवर्तित नहीं किया जाता है।
  - उदाहरण के लिये, बायोचार **और** माइक्रोबियल उर्वरक **जैसे नवाचारों का** व्यावसायीकरण के लिये सरकारी समर्थन की कमी के कारण कम उपयोग किया जाता है। यह वियोग मृदा स्वास्थ्य सुधार पर अनुसंधान एवं विकास के प्रभाव को कम करता है।

भारत में प्रभावी मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के लिये क्या उपाय अपनाए जा सकते हैं?

- **संधारणीय कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना: जैविक कृषि, फसल चक्र और कृषि वानिकी** को प्रोत्साहित करने से कार्बनिक पदार्थ एवं सूक्ष्मजीव गतिविधि में वृद्धि करके मृदा के स्वास्थ्य को बहाल किया जा सकता है।
  - **परंपरागत कृषि विकास योजना** जैविक कृषि का समर्थन करती है, लेकिन किसानों को अधिक प्रशिक्षण देकर इसके दायरे को बढ़ाने की आवश्यकता है।
  - **मृदा की रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिये PKVY को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के साथ जोड़ने से** क्षेत्र-विशिष्ट सिफारिशें सुनिश्चित हो सकती हैं।
- **वाडी प्रणाली को बढ़ावा देना:** भारत में पारंपरिक वृक्ष-आधारित कृषि पद्धति वाडी प्रणाली के तहत **कृषि, बागवानी और वानिकी को एकीकृत किया जा सकता है।**
  - यह कृषि वानिकी को एक सतत् अभ्यास के रूप में बढ़ावा देता है, **क्षरण को रोककर मृदा स्वास्थ्य को बढ़ाता है,** जल संरक्षण करता है और जैवविविधता को समृद्ध करता है।
  - यह दृष्टिकोण सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण और संधारणीय कृषि को भी समर्थन देता है, जिससे यह प्रभावी मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के लिये एक मूल्यवान उपाय बन जाता है।
- **जल प्रबंधन तकनीकों में सुधार:** ड्रिप और स्प्रिंकलर प्रणालियों जैसी सूक्ष्म सिंचाई विधियों को अपनाने से **जल संरक्षण के साथ-साथ जलभराव तथा लवणीकरण में कमी आती है।**
  - उदाहरण के लिये, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) का उद्देश्य सिंचाई का विस्तार करना है, लेकिन **जल-मृदा संतुलन को अनुकूलित करने के लिये इसे परिशुद्ध कृषि के साथ एकीकृत किया जा सकता है।**
    - वर्तमान में सूक्ष्म सिंचाई कवरेज केवल **19% है, जो इसे बढ़ाने की व्यापक संभावना को दर्शाता है।**
- **रेत खनन के विरुद्ध विनियमन लागू करना:** सख्त निगरानी और संवहनीय रेत खनन नीतियों से नदी तट के अत्यधिक अपरदन को रोका जा सकता है तथा मृदा पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा की जा सकती है।
  - **नदी तल की निगरानी के लिये ड्रोन और AI** जैसी प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके, जैसा कि **आंध्र प्रदेश रेत खनन विनियमन मॉडल** में देखा गया है, अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकता है।
- **बंजर भूमि का पुन: उर्वरता: वनरोपण, चरागाह पुनरुद्धार (जैसे- बन्नी चरागाह पुनरुद्धार) एवं आर्द्रभूमि पुनर्भरण** के माध्यम से भूमि पुनर्ग्रहण से मृदा अपरदन में उल्लेखनीय कमी आ सकती है, **जोकि मरुस्थलीकरण से निपटने के लिये** संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCCD) **के** तहत **वर्ष 2030 तक** भूमि क्षरण तटस्थता प्राप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।
  - **राष्ट्रीय वनरोपण कार्यक्रम (NAP)** जैसे कार्यक्रमों को बेहतर अभिगम के लिये समुदाय-नेतृत्व वाली पहलों को एकीकृत करना चाहिये।
  - भूमि पुनरुद्धार में रोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिये **NAP को मनरेगा के साथ** एकीकृत करने से **पारिस्थितिकी पुन:प्राप्ति और ग्रामीण विकास के दोहरे उद्देश्य पूरे हो सकते हैं।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **संरक्षण कृषि को बढ़ावा देना: शून्य जुताई, मल्चिंग और कवर फसल** जैसी संरक्षण कृषि पद्धतियाँ मृदा की संरचना तथा कार्बनिक कार्बन को बढ़ाती हैं।
  - उदाहरण के लिये, लुधियाना, पंजाब स्थित **बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया (BISA) सक्रिय रूप से शून्य-जुताई कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देता है, विशेष रूप से 'हैप्पी सीडर' प्रौद्योगिकी** के उपयोग के माध्यम से।
  - PMKSY के अंतर्गत इन विधियों को अन्य उच्च उपज वाले क्षेत्रों में विस्तारित करने से व्यापक प्रभाव सुनिश्चित होगा।
- **दूषित मृदा के लिये जैव-उपचार अपनाना: सूक्ष्मजीवों और पादपों** का उपयोग करके जैव-उपचार से भारी धातुओं एवं औद्योगिक अपशिष्टों से **प्रदूषित मृदा का शोधन** किया जा सकता है।
  - **कृषि भूमि को पुनः उपजाऊ बनाने के लिये इस तकनीक का गुजरात के अंकलेश्वर औद्योगिक क्षेत्र** में सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया है।
  - क्रिओसोट प्रभावित मृदा में मिलाने के लिये बचे हुए मशरूम कम्पोस्ट में मछली के तेल का प्रयोग दूषित मृदा के लिये जैव-उपचार का एक उदाहरण है।
    - **इस संयोजन के परिणामस्वरूप पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (PAH)** का सबसे प्रभावी अपघटन हुआ।
- **मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता का विस्तार:** मृदा स्वास्थ्य कार्ड (SHC) योजना को वितरण से आगे बढ़कर **इसकी सिफारिशों को लागू करने के लिये किसान शिक्षा पर ध्यान केंद्रित जाना चाहिये।**
  - SHC डेटा को **किसान सुविधा ऐप जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने से रियल टाइम परामर्श सेवाएँ** प्रदान की जा सकती हैं।
  - इसे **स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्रों (KVK) के साथ एकीकृत करने से** किसानों के लिये ज़मीनी स्तर पर समर्थन सुनिश्चित हो सकता है।
- **तटीय मृदा प्रबंधन योजनाएँ बनाना:** तटीय क्षेत्रों के लिये व्यापक मृदा प्रबंधन योजनाएँ मैंग्रोव वनरोपण और लवण प्रतिरोधी फसलों के माध्यम से लवणता की अधिक मात्रा को कम कर सकती हैं।
  - **जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC) के अंतर्गत राष्ट्रीय तटीय मिशन** जैसी परियोजनाओं को आवास संरक्षण के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य पर भी अधिक ध्यान देना चाहिये।
  - **तमिलनाडु** के **मैंग्रोव पुनरुद्धार मॉडल** को व्यापक प्रभाव के लिये दोहराया जा सकता है।
- **अनुसंधान एवं विकास में निवेश: जैव-उर्वरकों और कुशल मृदा परीक्षण** किट जैसी मृदा-अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास के लिये अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने से मृदा प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है।
  - ICAR जैसे संस्थानों को **किफायती समाधान खोजने के लिये स्टार्टअप के साथ मिलकर काम करना चाहिये।** उदाहरण के लिये, **बायोचार उत्पादन को कृषि अपशिष्ट प्रबंधन के साथ एकीकृत करने** से अपशिष्ट कम हो सकता है और मृदा भी समृद्ध हो सकती है।
- **शहरी खाद और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना:** नगरपालिका खाद सुविधाओं को प्रोत्साहित करने से **शहरी जैविक अपशिष्ट को उच्च गुणवत्ता वाली खाद में परिवर्तित किया जा सकता है,** जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो सकती है।
  - **कर्नाटक कम्पोस्ट विकास निगम, जो प्रतिदिन 250 टन गीले अपशिष्ट का प्रसंस्करण करता है,** एक अनुकरणीय मॉडल है।
  - खाद की बिक्री पर GST छूट के माध्यम से ऐसी परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने से इसे अपनाने में और अधिक वृद्धि हो सकती है।
- **प्राकृतिक खेती की पहल को सुदृढ़ करना: सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती (SPNF) मॉडल** जैसी प्राकृतिक खेती तकनीकें मृदा की जैवविविधता को बढ़ाने के साथ-साथ बाय कृषि आदान पर निर्भरता को कम करती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- SPNF को स्थानीय **कृषि विज्ञान केंद्रों (KVK) से जोड़ने** से किसानों द्वारा इसे अपनाना तथा बेहतर पहुँच सुनिश्चित हो सकती है।

- **एकीकृत पोषक तत्त्व प्रबंधन को बढ़ावा देना: जैविक और जैव-उर्वरकों** के साथ-साथ रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग से पोषक तत्त्व असंतुलन को दूर किया जा सकता है।
  - **पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (NBS)** को संशोधित कर इसमें **जैव-उर्वरकों** को शामिल करना तथा सुदृढ़ीकृत उर्वरकों को बढ़ावा देना, बेहतर मृदा स्वास्थ्य सुनिश्चित कर सकता है।
  - NBS सुधारों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड डेटा के साथ जोड़ने से किसान-विशिष्ट सिफारिशें सुनिश्चित हो सकती हैं।
- **डिजिटल मृदा स्वास्थ्य मानचित्रण का विकास: मृदा स्वास्थ्य मानचित्रण के लिये** एक **राष्ट्रीय डिजिटल डाटाबेस** क्षरण की प्रवृत्तियों पर नज़र रखने और स्थान-विशिष्ट उपायों की सिफारिश करने में मदद कर सकता है।
  - **आवधिक मृदा मानचित्रण के लिये ISRO के पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों** का लाभ उठाने से कार्यान्वयन योग्य जानकारी प्राप्त होगी।
  - इस तरह के आँकड़ों को कृषि नीतियों में एकीकृत करने से परिशुद्ध मृदा प्रबंधन पद्धतियाँ संभव हो सकती हैं।
- **माइक्रोप्लास्टिक संदूषण से निपटना: एकल-उपयोग प्लास्टिक** पर सख्त **प्रतिबंध के साथ-साथ कृषि प्लास्टिक के बेहतर प्रबंधन पर भी ध्यान** देना चाहिये।
  - जैवनिम्नीकरणीय विकल्पों और पुनर्चक्रण प्रणालियों को बढ़ावा देने से माइक्रोप्लास्टिक मृदा प्रदूषण को कम किया जा सकता है।
  - **बायोडिग्रेडेबल कृषि-प्लास्टिक विकसित करने वाले उद्योगों को प्रोत्साहन देने से** इस बदलाव को समर्थन मिल सकता है।
- **सामुदायिक भागीदारी को सुदृढ़ बनाना: मृदा संरक्षण में स्थानीय स्वयं सहायता समूहों एवं पंचायती राज संस्थाओं** को सशक्त बनाना बेहतर पहुँच और कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है।
  - उदाहरण के लिये, **गुजरात का सहभागी वाटरशेड कार्यक्रम एक आदर्श हो सकता है।**
  - ऐसे समुदाय-नेतृत्व वाले मॉडलों को देश भर में विस्तारित करने से स्वामित्व और सफलता दर में वृद्धि हो सकती है।
- **जलवायु अनुकूलन को मृदा संरक्षण के साथ एकीकृत करना: वनरोपण** जैसी जलवायु अनुकूलन रणनीतियों को **मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ संयोजित** करने से जलवायु-प्रेरित क्षरण के विरुद्ध समुत्थानशीलन उत्पन्न किया जा सकता है।
  - उदाहरण के लिये, जलवायु परिवर्तन के लिये राष्ट्रीय अनुकूलन कोष (NAFCC) परियोजनाओं को **वाटरशेड विकास योजनाओं के साथ एकीकृत करने से संतुलन हो सकता है।**
    - राजस्थान जैसे राज्य ऐसी दोहरे उद्देश्य वाली पहल से लाभान्वित हो सकते हैं।

निष्कर्ष:

एकीकृत, संधारणीय कृषि पद्धतियों, प्रभावी जल प्रबंधन और लक्षित संरक्षण प्रयासों के माध्यम से मृदा के क्षरण को नियंत्रित करना भारत के कृषि भविष्य के लिये आवश्यक है। भारत की कृषि अर्थव्यवस्था, जैसे 57% आजीविका के लिये कृषि पर निर्भरता और **SDG 15 (भूमि पर जीवन) को प्राप्त करने,** दीर्घकालिक कृषि उत्पादकता, खाद्य सुरक्षा एवं पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये मृदा का स्वास्थ्य महत्त्वपूर्ण है।

■■■

लघुपक्षवाद से बदलती वैश्विक कूटनीति

बहुपक्षवाद **की धीमी, प्रायः अप्रभावी** प्रक्रियाओं से हटकर, लघुपक्षवाद/मिनीलेटरलिज़्म, विशेष क्षेत्रीय चिंताओं से निपटने के लिये राष्ट्रों के बीच साझेदारी को प्रोत्साहित करके वैश्विक व्यवस्था को पुनर्परिभाषित कर रहा है। भारत इस बदलाव में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो बहुध्रुवीयता को आगे बढ़ाने और अपने रणनीतिक हितों को सुरक्षित करने के लिये मिनीलेटरल फ्रेमवर्क का लाभ उठाता है। भरोसेमंद भागीदारी और सुरक्षित व्यापार की इच्छा से प्रेरित, **मिनीलेटरलिज़्म देशों को वैश्विक शासन की अनिश्चितताओं का एक विकल्प** प्रदान करता है। जबकि वे चुस्त और केंद्रित समाधान प्रदान करते हैं, उनका सीमित दायरा व्यापक वैश्विक मुद्दों के समाधान में बाधा डाल सकता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

लघुपक्षवाद/मिनीलेटरलिज़्म क्या है?

- **मिनीलेटरलिज़्म से तात्पर्य** विशिष्ट वैश्विक, क्षेत्रीय या मुद्दा-आधारित चुनौतियों से निपटने के लिये सीमित संख्या में देशों को शामिल करते हुए छोटे, **अधिक केंद्रित गठबंधनों या गठबंधनों के गठन** से है।
  - ये गठबंधन आमतौर पर **साझा हितों, लक्ष्यों या चिंताओं वाले देशों के बीच बनाए जाते** हैं, जिससे निर्णय लेने में तेज़ी आती है एवं अधिक लक्षित परिणाम प्राप्त होते हैं।
- **उदाहरण: अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया को शामिल करने वाला** चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता (क्वाड) मिनीलेटरलिज़्म/लघुपक्षवाद का एक उदाहरण है, जो एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

मिनीलेटरलिज़्म/लघुपक्षवाद मल्टीलेटरलिज़्म/बहुपक्षवाद से किस प्रकार भिन्न है?

पहलू	मिनीलेटरलिज़्म/लघुपक्षवाद	मल्टीलेटरलिज़्म/बहुपक्षवाद
प्रतिभागियों की संख्या	कुछ देश (जैसे, 3-10 सदस्य राष्ट्र)	व्यापक भागीदारी (प्रायः वैश्विक, जैसे संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन)
केंद्र	विशिष्ट मुद्दे या क्षेत्रीय चुनौतियाँ	व्यापक, वैश्विक चुनौतियाँ जिनके लिये सार्वभौमिक सहमति की आवश्यकता है।
निर्णय लेना	कम सदस्यों के कारण अधिक तीव्र और अधिक लचीला।	कई राष्ट्रों के बीच आम सहमति की आवश्यकता के कारण धीमी प्रक्रिया
मुद्दों का दायरा	संकीर्ण, सुपरिभाषित उद्देश्य (जैसे- सुरक्षा, व्यापार)	व्यापक, वैश्विक चिंताओं को दूर करना (जैसे- जलवायु परिवर्तन)
समावेशिता	समान विचारधारा वाले या रणनीतिक रूप से संरेखित राष्ट्रों तक सीमित।	विचारधारा की परवाह किये बिना सभी देशों के लिये खुला है।
क्षमता	उच्च, क्योंकि कम सदस्यों के कारण कार्यवाही शीघ्र होती है।	निम्न, क्योंकि विविध हितों के कारण निर्णय में विलंब हो सकता है।

वैश्विक व्यवस्था बहुपक्षवाद से लघुपक्षवाद की ओर क्यों स्थानांतरित हो रही है?

- **वैश्विक सहमति का विखंडन:** बहुपक्षवाद को प्रायः विविध सदस्य राज्यों के अलग-अलग हितों के कारण आम सहमति प्राप्त करने में कठिनाई होती है, जिसके परिणामस्वरूप अकुशलता और निष्क्रियता उत्पन्न होती है।
  - दोहा विकास एजेंडा को अंतिम रूप देने में **विश्व व्यापार संगठन की असमर्थता** (दो दशक से अधिक समय के बाद भी) **से यह निष्क्रियता स्पष्ट हो रही है।**
  - परिणामस्वरूप, देश व्यापक एवं प्रगतिशील ट्रांस-पैसिफिक भागीदारी समझौते (CPTPP) जैसे छोटे, मुद्दा-विशिष्ट गठबंधनों का विकल्प चुन रहे हैं।
- **शक्ति विषमता और उभरती भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता: बहुपक्षीय संस्थाओं में प्रमुख शक्तियों का प्रभुत्व** छोटे राष्ट्रों को दरकिनार कर देता है, जिससे असंतोष और अविश्वास बढ़ता है।
  - उदाहरण के लिये, चीन की बेल्ट एंड रोड परियोजना (BRI) विश्व बैंक जैसे पारंपरिक बहुपक्षीय ढाँचे के बाहर वैश्विक वित्त को नया आयाम दे रही है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इसके अतिरिक्त G-7 जैसे छोटे समूह भी **प्रतिसंतुलन के रूप में उभरे** हैं तथा G-7 के हालिया वक्तव्यों में चीन के आर्थिक दबाव पर भी ध्यान दिया गया है।

- **संकट प्रबंधन में दक्षता और गति:** बहुपक्षीय व्यवस्थाओं की तुलना में, जिनमें प्राय: नौकरशाही संबंधी विलंब का सामना करना पड़ता है, मिनीलेटरल/लघुपक्षीय फ्रेमवर्क संकटों पर तेज़ी से प्रतिक्रिया करने में सक्षम बनाते हैं।
  - कोविड-19 महामारी के दौरान, WHO जैसे बहुपक्षीय निकायों की **विलंब से प्रतिक्रिया के लिये आलोचना की गई,** जबकि क्वाड देशों ने वैश्विक स्तर पर **कोविड टीकों की 1.2 बिलियन से अधिक खुराक उपलब्ध कराने पर सहमति व्यक्त की।**
  - यह आपात स्थितियों से निपटने में लघुपक्षीय व्यवस्था की दक्षता को उजागर करता है।
- **केंद्रित एवं अनुकूलित दृष्टिकोण:** मिनीलेटरलिज़्म/लघुपक्षवाद देशों को व्यापक बाधाओं के बिना विशिष्ट, कार्यान्वयन योग्य लक्ष्यों पर सहयोग करने की अनुमति देता है।
  - उदाहरण के लिये, ऑस्ट्रेलिया-यूके-यूएस (AUKUS) साझेदारी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे व्यापक बहुपक्षीय समझौतों की अकुशलताओं को नज़रअंदाज़ करते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में **क्षेत्रीय सुरक्षा और तकनीकी साझाकरण सुनिश्चित** करता है।
- **वैश्विक शक्ति में संरचनात्मक बदलावों की प्रतिक्रिया:** चीन और भारत जैसी क्षेत्रीय शक्तियों के उदय ने क्षेत्रीय हितों के लिये लघु स्तरीय मंचों के निर्माण को बढ़ावा दिया है।
  - क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP), जिसमें अमेरिका शामिल नहीं है, यह दर्शाती है कि किस प्रकार एशियाई अर्थव्यवस्थाएँ पश्चिमी प्रभुत्व वाली पारंपरिक बहुपक्षीय प्रणालियों को नज़रअंदाज़ कर रही हैं।
- **बहुपक्षीय संस्थाओं में वैधता का संकट: संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं की महत्त्वपूर्ण मुद्दों** (जैसे- रूस-यूक्रेन युद्ध) का समाधान करने में असमर्थता ने उनकी विश्वसनीयता को समाप्त कर दिया है।
  - संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों के विरुद्ध मेज़बान देशों का बढ़ता प्रतिरोध, जो **सूडान द्वारा UNAMID को अस्वीकार करने, माली द्वारा MINUSMA को जबरन वापस लेने तथा कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य द्वारा MONUSCO को बाहर करने के दबाव** में देखा जा सकता है, विश्वसनीयता की हानि को दर्शाता है।

मिनीलेटरलिज़्म/लघुपक्षवाद के उदय में भारत की क्या भूमिका है?

- **क्षेत्रीय सुरक्षा में नेतृत्व:** भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामकता का प्रतिकार करने के लिये लघु-पक्षीय सुरक्षा फ्रेमवर्क में एक प्रमुख अभिकर्त्ता के रूप में अपनी स्थिति बना रहा है।
  - **क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया)** के माध्यम से भारत समुद्री सुरक्षा, अवैध मत्स्यन का मुकाबला करने और क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने पर काम कर रहा है।
  - इसके साथ ही, भारत दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) **में शामिल है** तथा क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद निरोध और आर्थिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- **लक्षित समझौतों के माध्यम से आर्थिक साझेदारी:** भारत क्षेत्रीय आपूर्ति शृंखलाओं को बढ़ाने तथा चीन पर निर्भरता कम करने के लिये लघु-पक्षीय व्यापार और आर्थिक समझौतों में सक्रिय रहा है।
  - उदाहरण के लिये, भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते **के तहत,** दोनों देश वर्ष 2030 तक **गैर-पेट्रोलियम उत्पादों के व्यापार को दोगुना** करके **100 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचाने पर सहमत हुए।**
- **रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग:** भारत अपनी प्रौद्योगिकी और नवाचार क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिये मिनीलेटरल प्लेटफॉर्मों का लाभ उठा रहा है।
  - उदाहरण के लिये, **क्वाड के तहत जापान और अमेरिका के साथ भारत की साझेदारी सेमीकंडक्टर विनिर्माण** पर केंद्रित है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- अमेरिका के साथ समझौते के पश्चात् भारत उत्तर प्रदेश के जेवर में एक **मल्टाइ-मटेरियल सेमीकंडक्टर निर्माण इकाई** स्थापित करेगा।

- **विशिष्ट गठबंधनों के माध्यम से जलवायु नेतृत्व:** भारत अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) जैसी लघु-पक्षीय जलवायु कार्रवाई पहलों का नेतृत्व करता है, जो विकासशील देशों के लिये सौर ऊर्जा समाधानों पर ध्यान केंद्रित करता है।
  - इसके अतिरिक्त, **भारत की G-20 अध्यक्षता** के दौरान शुरू किया गया वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन, सतत् ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
  - यह विशिष्ट वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिये जलवायु-केंद्रित लघुपक्षीय फ्रेमवर्क में भारत के नेतृत्व को दर्शाता है।
- **दक्षिण-दक्षिण सहयोग का निर्माण:** भारत ग्लोबल साउथ में विकास को बढ़ावा देने के लिये लघु-पक्षीय **दक्षिण-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने में सबसे आगे** है।
  - भारत-ब्राज़ील-दक्षिण अफ्रीका (IBSA) वार्ता मंच गरीबी उन्मूलन, व्यापार और सतत् विकास पर केंद्रित है।
  - वर्ष 2023 में, **भारत** ने वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट (VOGSS) **की मेज़बानी की**, जिसमें वैश्विक असमानताओं और बहुपक्षीय प्रणालियों में सुधारों पर चर्चा करने के लिये देशों को एक साथ लाया गया।
- **आपूर्ति शृंखला सुदृढ़ीकरण:** भारत लचीली और विविधीकृत वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं के निर्माण के लिये लघु-पक्षीय प्रयासों में एक महत्त्वपूर्ण अभिकर्त्ता बन गया है।
  - भारत-ऑस्ट्रेलिया-जापान आपूर्ति शृंखला सुदृढ़ीकरण पहल (SCRI) के माध्यम से भारत वैश्विक आपूर्ति शृंखला विविधीकरण को सुविधाजनक बना रहा है, **जिसका प्रमुख लाभार्थी भारत** है।

मिनीलेटरलिज़्म/लघुपक्षवाद को आगे बढ़ाने में भारत को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है?

- **सामरिक स्वायत्तता और साझेदारी के बीच संतुलन:** भारत की ऐतिहासिक **गुटनिरपेक्ष नीति,** लघुपक्षीय रूपरेखाओं में अपेक्षित गहन संरेखण के साथ संघर्षरत है।
  - उदाहरण के लिये, **क्वाड गठबंधन** भारत की **रणनीतिक स्वायत्तता** और दीर्घकालिक रक्षा साझेदार रूस के साथ संतुलन बनाने की **संबंधी बाधाएँ:** भारत की संस्थागत क्षमता और वित्तीय संसाधन सीमित हैं, जिससे विभिन्न मिनीलेटरल/लघुपक्षीय मंचों में नेतृत्व करने या सक्रिय रूप से भाग लेने की इसकी क्षमता सीमित हो गई है।
  - उदाहरण के लिये, **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, क्वाड और BRICS में** एक साथ भूमिका निभाने के लिये महत्त्वपूर्ण कूटनीतिक एवं वित्तीय क्षमता की आवश्यकता होती है।
  - **भारत का रक्षा बजट वर्ष 2023 में 72.6 बिलियन डॉलर रहा, जो पहले से ही तनावपूर्ण है,** जिससे **अतिरिक्त प्रतिबद्धताओं के लिये सीमित संभावना** शेष है।
- **वैश्विक संस्थाओं में हाशिये पर जाने का जोखिम:** मिनीलेटरलिज़्म/लघुपक्षवाद पर अत्यधिक निर्भरता के कारण **भारत को पारंपरिक बहुपक्षीय मंचों पर हाशिये पर जाने का खतरा** है, जहाँ बड़े सुधार आवश्यक हैं।
  - उदाहरण के लिये, **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों के लिये भारत का प्रयास** रुका हुआ है तथा मिनीलेटरलिज़्म/लघुपक्षवाद में इसकी सक्रिय भूमिका के बावजूद इसमें बहुत कम प्रगति हुई है।
  - इससे यह चिंता उत्पन्न होती है कि छोटे गठबंधनों पर ध्यान केंद्रित करने से वैश्विक संस्थागत सुधार के दीर्घकालिक लक्ष्य कमज़ोर हो सकते हैं।
- **समेकित घरेलू सहमति का अभाव:** संप्रभुता संबंधी चिंताओं और विदेशी गठबंधनों पर अत्यधिक निर्भरता के कारण भारत को गहन लघुपक्षीय प्रतिबद्धताओं के प्रति घरेलू विरोध का सामना करना पड़ रहा है।
  - उदाहरण के लिये, **RCEP में शामिल होने को लेकर चल रही बहसों में** घरेलू उद्योगों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की आशंकाएँ उजागर हुईं, **जिसके कारण भारत ने वर्ष 2020 में इससे बाहर निकलने का फैसला किया।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- यह राष्ट्रीय हितों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के साथ संरेखित करने में आंतरिक चुनौतियों को दर्शाता है।

- **अतिव्यापी रूपरेखा और पुनरावृत्ति:** मिनीलेटरल प्लेटफॉर्मों के प्रसार से प्रयासों की पुनरावृत्ति और अकुशलता उत्पन्न होने का खतरा है।
  - उदाहरण के लिये, **भारत क्वाड और I2U2 दोनों का हिस्सा** है, जो प्रौद्योगिकी एवं बुनियादी अवसंरचना के सहयोग जैसे क्षेत्रों में एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।
  - इन फ्रेमवर्क के बीच सामंजस्य बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है, विशेषकर तब जब साझेदार प्रत्येक समूह में अलग-अलग एजेंडों को प्राथमिकता देते हैं।

भारत बहुपक्षवाद के साथ लघुपक्षवाद को संतुलित करने के लिये क्या उपाय अपना सकता है?

- **बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधारों का समर्थन: भारत संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन और IMF** जैसे बहुपक्षीय मंचों में सुधारों का समर्थन कर सकता है ताकि उन्हें अधिक समावेशी एवं कुशल बनाया जा सके।
  - उसे अपनी बढ़ती वैश्विक स्थिति और ग्लोबल साउथ में गठबंधनों का लाभ उठाते हुए **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों के लिये प्रयास करना चाहिये।**
  - **IBSA जैसे मंचों पर ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका** जैसे लघुपक्षीय साझेदारों के साथ सहयोग करके भारत इन सुधारों के लिये गति बढ़ा सकता है।
- **क्षेत्रीय बहुपक्षीय फ्रेमवर्क को सुदृढ़ करना: भारत को विशिष्ट क्षेत्रीय मुद्दों के समाधान** के लिये लघुपक्षवाद का उपयोग करते हुए **SAARC और BIMSTEC** को पुनर्जीवित व सुदृढ़ करने के लिये काम करना चाहिये।
  - उदाहरण के लिये, भारत व्यापक क्षेत्रीय सहयोग सुनिश्चित करने के लिये **क्वाड की समुद्री पहल को BIMSTEC की ब्लू-इकॉनमी परियोजनाओं के साथ जोड़ने का प्रस्ताव** कर सकता है।
- **"हाइब्रिड डिप्लोमेसी" मॉडल विकसित करना:** भारत एक संरचित हाइब्रिड दृष्टिकोण अपना सकता है, जहाँ **लघुपक्षवाद बहुपक्षवाद का पूरक हो तथा यह सुनिश्चित हो कि कोई भी सदस्य अन्य को कमज़ोर न करे।**
  - उदाहरण के लिये, भारत ग्लोबल साउथ के अधिक देशों को एकीकृत करके **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का विस्तार** कर सकता है तथा **प्रौद्योगिकी अंतरण में तीव्रता लाने के लिये क्वाड जैसे छोटे गठबंधनों का उपयोग** कर सकता है।
- **ग्लोबल साउथ गठबंधन में नेतृत्व स्थापित करना:** भारत विशिष्ट चुनौतियों के लिये लक्षित लघुपक्षीय पहलों में संलग्न रहते हुए बहुपक्षीय मंचों पर ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है।
  - वर्ष 2023 में G-20 की अध्यक्षता के आधार पर भारत **वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट** को एक वार्षिक बहुपक्षीय मंच के रूप में संस्थागत रूप दे सकता है।
  - **विश्व की 60% से अधिक जनसंख्या दक्षिण में रहती है,** अत: भारत छोटे गठबंधनों और बड़े बहुपक्षीय निकायों के बीच सेतु का काम कर सकता है।
- **बहुपक्षीय लक्ष्यों के साथ लघुपक्षीय एजेंडा को संरेखित करना:** भारत अपने लघुपक्षीय पहलों को **संयुक्त राष्ट्र के सतत् विकास लक्ष्यों (SDG)** जैसे व्यापक बहुपक्षीय लक्ष्यों के साथ संरेखित कर सकता है।
  - उदाहरण के लिये, भारत सतत् विकास लक्ष्य 9 (उद्योग, नवाचार और बुनियादी अवसंरचना) को प्राप्त करने के लिये **UNDP कार्यक्रमों के साथ क्वाड की प्रौद्योगिकी-साझाकरण पहलों को एकीकृत कर सकता है।**
  - भारत के घरेलू नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य, जिसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट क्षमता हासिल करना है, को भी **ISA के वैश्विक सौर लक्ष्यों के साथ संरेखित** किया जा सकता है।
- **बहुपक्षीय प्रभाव के लिये आर्थिक कूटनीति का लाभ उठाना:** भारत को बहुपक्षीय व्यापार नीतियों को प्रभावित करने के लिये अपनी लघुपक्षीय आर्थिक साझेदारी का उपयोग करना चाहिये।
  - उदाहरण के लिये, भारत, **भारत-यूएई-इज़रायल त्रिपक्षीय व्यापार पहल को अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (AfCFTA)** जैसे बड़े व्यापार ब्लॉक के साथ एकीकृत कर सकता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **AfCFTA में 54 देशों को शामिल किये जाने के साथ,** यह संबंध भारत के आर्थिक और बहुपक्षीय प्रभाव को बढ़ा सकता है।

- **बहुपक्षीय एकीकरण के लिये क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाना:** भारत क्षेत्रीय संपर्क परियोजनाओं में अपने नेतृत्व का उपयोग करके बहुपक्षीय और लघुपक्षीय पहलों के बीच के अंतर को कम कर सकता है।
  - उदाहरण के लिये, भारत **भारत-बांग्लादेश-नेपाल सीमा पार** ऊर्जा व्यापार पहल का विस्तार कर सकता है तथा इसमें **BIMSTEC देशों को भी शामिल कर सकता है,** जो व्यापक बहुपक्षीय ऊर्जा सहयोग के साथ संरेखित होगा।
  - भारत **बांग्लादेश को 1,160 मेगावाट विद्युत ऊर्जा का निर्यात** कर रहा है, जो एक क्षेत्रीय ऊर्जा केंद्र के रूप में इसकी क्षमता को दर्शाता है।
- **एक सेतुबंधक तंत्र के रूप में बहुपक्षीयता को बढ़ावा देना:** भारत **बहुपक्षीयता और लघुपक्षीयता के बीच एक मध्यवर्ती कदम के रूप में बहुपक्षीय समझौतों का समर्थन** कर सकता है।
  - उदाहरण के लिये, भारत अपनी क्वाड वैक्सीन पहल के आधार पर **वैश्विक वैक्सीन निर्माण मानकों** पर बहुपक्षीय समझौते के लिये दबाव डाल सकता है।
  - भारत पहले से ही **वैश्विक वैक्सीन लीडर है, जो विश्व की 60% से अधिक वैक्सीन का उत्पादन करता है,** जिससे उसे ऐसे प्रयासों का नेतृत्व करने की विश्वसनीयता मिलती है।
- **बहुपक्षीय डिजिटल शासन का समर्थन:** भारत संयुक्त राष्ट्र और विश्व व्यापार संगठन के माध्यम से वैश्विक डिजिटल शासन मानदंडों को आगे बढ़ाने के लिये बहुपक्षीय डिजिटल साझेदारी में अपने नेतृत्व का उपयोग कर सकता है।
  - उदाहरण के लिये, भारत, **भारत-यूरोपीय संघ कनेक्टिविटी साझेदारी को डिजिटल पब्लिक गुड्स अलायंस जैसे बहुपक्षीय फ्रेमवर्क के साथ जोड़ने का प्रस्ताव** कर सकता है।
  - **भारत की आधार प्रणाली,** जो विश्व स्तर पर सबसे बड़ा बायोमेट्रिक डेटाबेस है, व्यापक डिजिटल गवर्नेंस समाधान के लिये एक ब्लूप्रिंट हो सकती है।

निष्कर्ष:

मिनीलेटरलिज़्म **लक्षित भागीदारी के माध्यम से क्षेत्रीय चुनौतियों के लिये त्वरित समाधान** प्रदान करके वैश्विक शासन को नया आयाम दे रहा है। इस बदलाव में भारत का नेतृत्व, विशेष रूप से **क्वाड जैसे फ्रेमवर्क में,** रणनीतिक हितों को सुरक्षित करते हुए अपनी वैश्विक स्थिति को बढ़ाता है। हालाँकि इन गठबंधनों का सीमित दायरा व्यापक वैश्विक मुद्दों का समाधान करने के लिये चुनौतियाँ प्रस्तुत करता है। संतुलन बनाने के लिये, **भारत को बहुपक्षीय संस्थानों में सुधारों को आगे बढ़ाना चाहिये, एक हाइब्रिड कूटनीति मॉडल अपनाना चाहिये** और मिनीलेटरल एजेंडा को व्यापक वैश्विक लक्ष्यों के साथ जोड़ना चाहिये, ताकि क्षेत्रीय एवं वैश्विक सहयोग दोनों ही विकसित हो सकें।

■■■

भारत के विनिर्माण क्षेत्र में सुधार

भारत अपनी विनिर्माण यात्रा में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है, जिसमें **रणनीतिक विनियामक सुधारों के माध्यम से** सकल घरेलू उत्पाद में इस क्षेत्र के योगदान को 15% से बढ़ाकर 25% करने का एक महत्त्वाकांक्षी दृष्टिकोण है। **मशीनरी और विद्युत उपकरण सुरक्षा (सर्वव्यापी तकनीकी विनियमन) आदेश, 2024** (जो भारत में मशीनरी एवं विद्युत उपकरणों के लिये अनिवार्य सुरक्षा मानक निर्धारित करता है) की शुरुआत **उत्पाद की गुणवत्ता को मानकीकृत करने, वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ाने तथा औद्योगिक विकास के लिये एक सुदृढ़ पारिस्थितिकी तंत्र** बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करती है। यह रणनीतिक हस्तक्षेप एक ऐसे विनिर्माण क्षेत्र के निर्माण के लिये भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो **अभिनव,** संधारणीय **और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्द्धी है।**

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वर्तमान स्थिति क्या है?

- **विनिर्माण** भारत की आर्थिक वृद्धि के एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभर रहा है, जो सकल घरेलू उत्पाद और रोज़गार में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है।
  - महामारी से पूर्व, इस क्षेत्र ने **भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 16-17% का योगदान** दिया था, जिसमें **27.3 मिलियन श्रमिकों को रोज़गार** मिला था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- सरकार का लक्ष्य **वर्ष 2025 तक इस हिस्सेदारी को 25% तक बढ़ाना** है।
- वर्ष 2030 तक भारत का लक्ष्य वैश्विक अर्थव्यवस्था में **प्रतिवर्ष 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक जोड़ना** है, जो **वैश्विक आपूर्ति शृंखला में इसकी रणनीतिक भूमिका** को दर्शाता है।

- **क्षेत्रीय विकास और प्रदर्शन:** भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में मज़बूत वृद्धि प्रदर्शित की है, जो उत्पादन, निर्यात और घरेलू मांग में वृद्धि से प्रेरित है।
  - **HSBC मैन्युफैक्चरिंग PMI मार्च 2024 में 59.1 के 16 वर्षों के उच्चतम स्तर** पर पहुँच गया जो उत्पादन, नए ऑर्डर और रोज़गार सृजन में प्रबल वृद्धि का संकेत देता है।
  - **वित्त वर्ष 2023 में विनिर्माण निर्यात 447.46 बिलियन अमेरिकी डॉलर** के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुँच गया, जो वित्त वर्ष 2022 की तुलना में **6.03% की वृद्धि** दर्ज करता है।
- **निवेश और रोज़गार रुझान: विनिर्माण क्षेत्र में FDI प्रवाह 165.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर** तक पहुँच गया, जो **पिछले दशक की तुलना में 69% की वृद्धि** दर्शाता है।
  - विनिर्माण क्षेत्र में रोज़गार में लगातार वृद्धि हुई है, जो सत्र 2017-18 में **5.7 करोड़ से बढ़कर सत्र 2019-20 में 6.24 करोड़** हो गया है तथा PLI प्रोत्साहनों से रोज़गार सृजन में भी वृद्धि हुई है।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख विकास चालक कौन-से हैं?

- **सरकारी पहल और नीतिगत सुधार:** सरकार ने विनिर्माण प्रतिस्पर्द्धात्मकता और बुनियादी अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिये **'मेक इन इंडिया' एवं 'प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना' जैसी प्रमुख पहल** शुरू की हैं।
  - **उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (PLI) योजना** 14 क्षेत्रों को कवर करती है, जिससे 500 बिलियन डॉलर मूल्य का विनिर्माण उत्पादन सृजित होने की उम्मीद है।
  - **इसके अलावा, विनिर्माण उद्योग में वित्त वर्ष 2022 में लगभग 21.34 बिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश** हुआ, जो नीति प्रभावशीलता को दर्शाता है।
- **बढ़ती घरेलू मांग:** भारत का बढ़ता **मध्यम वर्ग, शहरीकरण और बढ़ती प्रयोज्य आय** ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता वस्तुओं एवं इलेक्ट्रॉनिक्स की मांग को बढ़ाती है, जिससे विनिर्माण के लिये एक मज़बूत घरेलू बाज़ार का निर्माण होता है।
  - भारत का **इलेक्ट्रॉनिक्स का घरेलू बाज़ार वर्ष 2025 तक 400 बिलियन डॉलर तक पहुँचने की उम्मीद** है, जो स्मार्टफोन और उपकरणों की बिक्री से प्रेरित है।
  - वर्ष 2023 में ऑटो सेक्टर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जिसे **इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण और विनिर्माण (FAME) योजना** जैसे **सरकारी EV प्रोत्साहनों से समर्थन** मिला।
- **रणनीतिक व्यापार समझौते और निर्यात संवृद्धि: भारत का संयुक्त अरब अमीरात के साथ CEPA** जैसे प्रमुख व्यापार समझौतों और **यूरोपीय संघ व ब्रिटेन के साथ वार्ता पर भारत का ध्यान केंद्रित होने से निर्मित वस्तुओं के लिये नए निर्यात बाज़ार खुलेंगे।**
  - यह चीनी आयात से विविधीकरण द्वारा पूरित है।
  - वित्त वर्ष 2023 में भारत का निर्यात **6% बढ़कर 447 बिलियन डॉलर** हो गया। **अकेले भारत-संयुक्त अरब अमीरात CEPA से** वर्ष 2030 से पूर्व द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर **100 बिलियन डॉलर हो जाने का अनुमान** है।
- **तकनीकी उन्नति और उद्योग 4.0: स्वचालन, IoT, AI और रोबोटिक्स** के अंगीकरण से भारतीय विनिर्माण एक उच्च-मूल्य, प्रौद्योगिकी-संचालित क्षेत्र में परिवर्तित हो रहा है, जिससे उत्पादकता बढ़ रही है और लागत कम हो रही है।
  - **भारतीय विनिर्माण में उद्योग 4.0** एक महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है, जिसमें **वर्ष 2025 तक दो तिहाई से अधिक भारतीय निर्माता** डिजिटल परिवर्तन को अपना लेंगे।
  - सरकार का **डिजिटल इंडिया अभियान**, विशेष रूप से SME के बीच तकनीक अपनाने को बढ़ावा देकर, इसकी पूर्ति करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **हरित विनिर्माण में बढ़ता निवेश:** स्थिरता और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान भारत में हरित विनिर्माण प्रथाओं को बढ़ावा दे रहा है।
  - राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएँ उद्योगों को पर्यावरणीय दृष्टि से संधारणीय तरीके अपनाने के लिये प्रोत्साहित करती हैं।
  - **भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक सालाना 5 मिलियन मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 125 गीगावाट (वर्ष 2023) है,** जो सस्ती, हरित/स्वच्छ विद्युत ऊर्जा के साथ विनिर्माण प्रक्रियाओं का समर्थन करती है।
- **वैश्विक मूल्य शृंखलाओं (GVC) में समुत्थानशीलन:** वैश्विक विनिर्माण कंपनियों के लिये चीन का विकल्प बनने पर भारत का ध्यान **वैश्विक विविधीकरण प्रवृत्तियों के अनुरूप** है।
  - PLI योजना जैसी नीतियों का उद्देश्य भारत को **इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे महत्त्वपूर्ण GVC में एकीकृत करना है।**
  - अप्रैल 2021 में भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने तथा उन्हें सुदृढ़ करने के लिये **आपूर्ति शृंखला सुदृढ़ीकरण पहल (SCRI)** की शुरुआत की।
  - भारत सक्रिय औषधीय अवयवों (API) **का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक** है, जिसकी **वैश्विक API उद्योग** में **8% हिस्सेदारी** है, जिससे GVC में इसकी स्थिति मज़बूत हुई है।
- **विनिर्माण में MSME के लिये समर्थन:** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) विनिर्माण की रीढ़ हैं तथा इन्हें आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ECLGS) और प्रौद्योगिकी उन्नयन कार्यक्रम जैसे सरकारी उपायों द्वारा समर्थन दिया जाता है।
  - MSME भारत के **सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30%** और **भारत के निर्यात में 45% से अधिक का योगदान** करते हैं। ECLGS ने 3.68 लाख करोड़ रुपए के **1.19 करोड़ ऋणों की गारंटी** दी है, जिससे इन उद्यमों को महत्त्वपूर्ण वित्तीय सहायता मिली है।
- **क्षेत्र-विशिष्ट विकास उत्प्रेरक: ऑटोमोटिव, फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल** जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सुधारों, निवेश प्रोत्साहनों एवं वैश्विक साझेदारियों के माध्यम से लक्षित विकास देखा गया है।
  - **भारत अब विश्व का सबसे बड़ा दोपहिया वाहन निर्माता है। वित्त वर्ष 2021-22 में** भारत का वस्त्र और परिधान निर्यात 44.4 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया, जिसे "तकनीकी वस्त्र मिशन (NTTM)" जैसी योजनाओं से समर्थन मिला।
- **आत्मनिर्भरता पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करना (आत्मनिर्भर भारत):** आत्मनिर्भरता अभियान **इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और अर्द्धचालक जैसे महत्त्वपूर्ण वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देता है,** आयात निर्भरता को कम करता है तथा स्थानीय रोज़गार सृजन करता है।
  - भारत ने वर्ष 2023 में 10 बिलियन डॉलर की सेमीकंडक्टर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना का अनावरण किया, जिसका उद्देश्य घरेलू सेमीकंडक्टर उद्योग विकसित करना है।
    - दिसंबर 2021 में, **केंद्र ने सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले फैब के साथ-साथ चिप पैकेजिंग, असेंबल व परीक्षण केंद्रों** की स्थापना को बढ़ावा देने के लिये उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (PLI) योजना की घोषणा की थी।
  - वित्त वर्ष 2023 में रक्षा विनिर्माण **उत्पादन 1 लाख करोड़ रुपए** तक पहुँच गया, जबकि **सत्र 2017-2022 में निर्यात में 334% की वृद्धि** हुई।

भारत का विनिर्माण क्षेत्र वैश्विक मानकों से पीछे क्यों है?

- **कमज़ोर बुनियादी अवसंरचना और रसद बाधाएँ:** भारत **निम्न स्तरीय रसद बुनियादी अवसंरचना से ग्रस्त** है, जो लागत बढ़ाती है और प्रतिस्पर्द्धा को प्रभावित करती है। बिजली की कमी और अपर्याप्त परिवहन नेटवर्क आपूर्ति शृंखलाओं एवं उत्पादन दक्षता में बाधा डालते हैं।
  - भारत में **लॉजिस्टिक्स लागत सकल घरेलू उत्पाद का 14-18%** है, जबकि **विकसित देशों में यह 8-10%** है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- गति शक्ति पहल के बावजूद, विश्व बैंक का लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (LPI)- 2023 में भारत **38वें स्थान पर** है।

- **नीतिगत असंगतियाँ और नौकरशाही बाधाएँ: व्यापार और कराधान नीतियों** में लगातार बदलाव, साथ ही बोझिल विनियामक आवश्यकताओं के कारण अस्थिर निवेश वातावरण बनता है। जटिल भूमि अधिग्रहण कानून परियोजनाओं में और विलंब करते हैं।
  - भारत इज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस रैंकिंग **(वर्ष 2020) में 63वें स्थान पर है** और **अनुबंध प्रवर्तन (163वें स्थान पर)** तथा भूमि अधिग्रहण में विलंब जैसे मुद्दे अभी भी निवेशकों को हतोत्साहित करते हैं।
    - उदाहरणों में **ओडिशा में विलंबित POSCO स्टील संयंत्र परियोजना** (जिसे बाद में निलंबित कर दिया गया) **शामिल है।**
- **श्रम बाज़ार की चुनौतियाँ:** चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन में अवरोध उद्योगों के लिये मापनीयता/स्केलेबिलिटी और लचीलेपन को बाधित करती है। **अनौपचारिक कार्यबल विनिर्माण पर हावी** है, जिससे अकुशलता व कम उत्पादकता होती है।
  - भारत के औपचारिक विनिर्माण कार्यबल में संविदा कर्मचारियों की हिस्सेदारी सत्र 2002-03 में **23.1% से बढ़कर सत्र 2021-22 में 40.2%** हो गई है।
  - उदाहरण के लिये, **अक्तूबर 2024** में, तमिलनाडु में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के घरेलू उपकरण संयंत्र में 1,000 से अधिक श्रमिकों ने **उच्च वेतन एवं यूनियन मान्यता के लिये विरोध प्रदर्शन किया।**
- **अपर्याप्त अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी अंगीकरण:** भारत का विनिर्माण **कम अनुसंधान एवं विकास निवेश** तथा **नवाचार की कमी के कारण** बहुत हद तक पुरानी प्रौद्योगिकी पर निर्भर करता है। इससे मूल्य संवर्द्धन तथा विविधीकरण में बाधा आती है।
  - भारत का अनुसंधान एवं विकास व्यय सकल घरेलू उत्पाद **का 0.7%** है, जो **दक्षिण कोरिया** (4.8%) या **चीन** (2.4%) **से बहुत कम** है।
  - उदाहरण के लिये, भारत का EV बाज़ार लिथियम-आयन बैटरी के लिये **चीनी आयात पर बहुत अधिक निर्भर** करता है तथा **सॉलिड स्टेट बैटरी या सोडियम-आयन प्रौद्योगिकी जैसे विकल्पों पर स्थानीय अनुसंधान सीमित** है।
- **प्रमुख इनपुट के लिये आयात पर निर्भरता** आयातित कच्चे माल और घटकों पर अत्यधिक निर्भरता वैश्विक आपूर्ति शृंखला व्यवधानों के प्रति भेद्यता को बढ़ाती है। इससे आत्मनिर्भरता प्रभावित होती है तथा इनपुट लागत बढ़ जाती है।
  - सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे महत्त्वपूर्ण इनपुट पर निर्भरता के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में **चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 85 बिलियन डॉलर** तक पहुँच गया। यह 'मेक इन इंडिया' जैसी पहल को कमज़ोर करता है।
- **वैश्विक व्यापार एकीकरण की कमियाँ:** वैश्विक मूल्य शृंखलाओं (GVC) में भारत की सीमित भागीदारी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा करने की इसकी क्षमता को सीमित करती है। व्यापार नीतियों पर संरक्षणवादी रुख इस मुद्दे को और भी बढ़ा देता है।
  - **वैश्विक वस्तु निर्यात** में भारत की हिस्सेदारी **1.8%** है, जबकि **चीन की हिस्सेदारी 14.7%** है।
  - **वर्ष 2021** में भारत ने RCEP में शामिल न होने का निर्णय लिया, जिससे इसने संभवत: GVC में एकीकृत होने के अवसर खो दिये।
- **उभरते बाज़ारों से प्रतिस्पर्द्धा: वियतनाम और बांग्लादेश** जैसे देश कम श्रम एवं परिचालन लागत के साथ बेहतर कारोबारी माहौल प्रदान करते हैं, जिससे उद्योग चीन से दूर जा रहे हैं।
  - **बांग्लादेश परिधान क्षेत्र में एक शक्तिशाली देश** है, जिसका **निर्यात** वर्ष 2023 तक **92% बढ़कर 47 बिलियन डॉलर** हो जाएगा (हालाँकि **वर्तमान में राजनीतिक अशांति के कारण इसमें गिरावट आ रही है तथा भारत अभी भी पूरी क्षमता का दोहन करने में पीछे है।**)

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **डिजिटल और कौशल अंतराल:** **डिजिटल बुनियादी अवसंरचना और कुशल जनशक्ति** की कमी उन्नत विनिर्माण तकनीकों के अंगीकरण में बाधा डालती है। उद्योग की ज़रूरतों को पूरा करने के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम अपर्याप्त हैं।
  - इंडिया स्किल्स रिपोर्ट- 2023 से पता चला है कि **भारत का केवल 48.7% कार्यबल ही रोज़गार योग्य** है। इस बीच, वर्ष 2023 में ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत की रैंक **सुधर कर 40वें स्थान पर आ गई** है, लेकिन SME में तकनीकों के अंगीकरण की दर कम बनी हुई है।
- **खंडित MSME क्षेत्र:** भारत के विनिर्माण क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) का प्रभुत्व है, जिनके पास **ऋण, प्रौद्योगिकी एवं निर्यात बाज़ार तक पहुँच का अभाव** है, जिससे **उनकी विकास क्षमता सीमित** हो जाती है।
  - देश में 64 मिलियन MSME में से **केवल 14% के पास ही ऋण तक पहुँच है।** आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना जैसी पहलों ने इस मुद्दे को केवल आंशिक रूप से ही हल किया है।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र को वैश्विक मानक तक बढ़ाने के लिये क्या उपाय किये जा सकते हैं?

- **बुनियादी अवसंरचना को बढ़ाना और रसद लागत को कम करना:** गति शक्ति पहल के तहत **मल्टी-मॉडल परिवहन प्रणालियों, बंदरगाह संपर्क** और **समर्पित माल गलियारों** में निवेश में तेज़ी लाई जानी चाहिये।
  - बेहतर बुनियादी अवसंरचना से परिवहन लागत कम हो सकती है और आपूर्ति शृंखला दक्षता बढ़ सकती है, जिससे वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा।
  - **माल ढुलाई लागत को 25% तक कम करने** के लिये **ईस्ट-वेस्ट डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को** सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। प्रमुख बंदरगाहों पर बंदरगाह क्षमता और स्वचालन का विस्तार किया जाना चाहिये, जैसे कि **हाल ही में आधुनिकीकृत JNPT टर्मिनल।**
  - स्थानीय सोर्सिंग को बढ़ाने के लिये प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में **"घटक विनिर्माण क्लस्टर" स्थापित** करना चाहिये।
- **विनियामक फ्रेमवर्क को सरल बनाना: श्रम कानूनों, भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाओं और पर्यावरणीय अनुमोदन** को सरल बनाने से अनुपालन लागत कम हो सकती है तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) आकर्षित हो सकता है।
  - विनिर्माण परियोजनाओं के लिये एकीकृत एकल-खिड़की अनुमोदन प्रणाली लागू की जानी चाहिये।
  - ज़मीनी स्तर पर कारोबार को आसान बनाने के लिये MSME के लिये संपूर्ण अनुमोदन प्रक्रिया को डिजिटल बनाना चाहिये।
- **अनुसंधान एवं विकास (R&D) को बढ़ावा देना:** अनुसंधान एवं विकास में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ाना तथा **कर छूट व सब्सिडी के माध्यम से नवाचार को प्रोत्साहित** किया जाना चाहिये।
  - **टेस्ला की गीगाफैक्ट्रीज़** से सीख लेते हुए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जाना चाहिये।
  - **उन्नत सामग्री, AI-संचालित उत्पादन और अर्द्धचालक** जैसे उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास को वित्तपोषित करने के लिये **'विनिर्माण नवाचार निधि'** की शुरुआत की जानी चाहिये।
- **प्रौद्योगिकी अंगीकरण और उद्योग 4.0 को बढ़ावा देना: उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार** के लिये विनिर्माण प्रक्रियाओं में स्वचालन, रोबोटिक्स, IoT एवं AI के व्यापक रूप से अंगीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिये।
  - MSME के लिये सब्सिडी वाली प्रौद्योगिकी अपनाने की योजनाएँ उन्नत उपकरणों तक पहुँच को लोकतांत्रिक बना सकती हैं।
  - **उद्योग 4.0 प्रथाओं को अपनाने वाली फर्मों के लिये प्रोत्साहनों को शामिल करने हेतु PLI योजना** के दायरे का विस्तार किया जाना चाहिये। उदाहरण के लिये, IoT-सक्षम मशीनों में निवेश करने वाले **निर्माताओं के लिये कर क्रेडिट** प्रस्तावित किया जा सकता है।
- **वैश्विक मूल्य शृंखलाओं (GVC) में एकीकरण: इलेक्ट्रॉनिक्स, वस्त्र और फार्मास्यूटिकल्स** में वैश्विक

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

आपूर्ति शृंखलाओं के साथ भारत के विनिर्माण को संरेखित करने के लिये व्यापार समझौतों पर वार्ता की जानी चाहिये। निर्यात-उन्मुख बुनियादी अवसंरचना, जैसे कि **SEZ को सुदृढ़ करना इस एकीकरण को और भी सुविधाजनक बना सकता है।**

- कर छूट और त्वरित अनुमोदन के साथ बंदरगाहों के निकट **निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र स्थापित** किया जाना चाहिये।
- **मध्य पूर्व और अफ्रीका** में भारतीय वस्तुओं की पहुँच बढ़ाने के लिये **भारत-संयुक्त अरब अमीरात CEPA का** लाभ उठाया जाना चाहिये।
- आपूर्ति शृंखला व्यवधान, महामारी या भू-राजनीतिक तनाव जैसे वैश्विक संकटों के प्रति संवेदनशीलता को कम करने के लिये सुदृढ़ रणनीति विकसित की जानी चाहिये।
  - **अर्द्धचालक और दुर्लभ मृदा तत्त्वों** जैसे क्षेत्रों के लिये एक "महत्त्वपूर्ण इनपुट रिज़र्व" स्थापित किया जाना चाहिये।

- **क्षेत्र-विशिष्ट रणनीति विकसित करना: इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स** और रक्षा विनिर्माण जैसे उच्च-संभावना वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिये।
  - इन क्षेत्रों में उच्च मूल्य विनिर्माण और उत्पाद विविधीकरण के लिये लक्षित प्रोत्साहन लागू किया जाना चाहिये।
  - एक सुदृढ़ सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिये **फॉक्सकॉन के साथ साझेदारी करके** सेमीकंडक्टर मिशन **को** आगे बढ़ाया जाना चाहिये।
  - **EV बैटरी विनिर्माण हेतु प्रोत्साहनों को शामिल करने के लिये FAME-II योजना का** विस्तार किया जाना चाहिये।
  - मेगा फूड पार्क योजना और **टेक्सटाइल क्लस्टर** जैसी पहलों का विस्तार किया जाना चाहिये।
- **प्रौद्योगिकी और ऋण सुलभता के साथ MSME को सशक्त बनाना:** MSME, जो भारतीय विनिर्माण की रीढ़ है, के लिये किफायती वित्तपोषण और आधुनिक प्रौद्योगिकी अंगीकरण की सुविधा प्रदान किया जाना चाहिये।
  - MSME को वैश्विक बाज़ारों से जोड़ने के लिये **ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का भी लाभ** उठाया जाना चाहिये।
- **कौशल विकास पर ध्यान: अपस्किलिंग और रीस्किलिंग कार्यक्रमों को आयरलैंड की औद्योगिक अपस्किलिंग पहलों के अनुरूप उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियों** एवं वैश्विक उत्पादन मानकों की आवश्यकताओं के अनुरूप होना चाहिये।
  - प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसे कार्यक्रमों में **विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल को एकीकृत किया जाना चाहिये।**
  - विशिष्ट प्रशिक्षण के लिये वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के सहयोग से **उत्कृष्टता केंद्र (CoE)** स्थापित किया जाना चाहिये।
- **हरित-संधारणीय-चक्रीय विनिर्माण को प्रोत्साहन: भारतीय विनिर्माण को वैश्विक पर्यावरण मानकों के अनुरूप बनाने** के लिये हरित प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता है। उद्योगों को नवीकरणीय ऊर्जा अंगीकरण और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिये।
  - स्टील और सीमेंट जैसे **ऊर्जा-गहन उद्योगों को कार्बन-मुक्त करने के लिये राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन का** विस्तार किया जाना चाहिये। संधारणीय विनिर्माण प्रथाओं के वित्तपोषण के लिये **ग्रीन बॉण्ड में तीव्रता लाने की आवश्यकता है।**
  - इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) फ्रेमवर्क को अनिवार्य किया जाना चाहिये।
- **डिजिटल परिवर्तन का लाभ उठाना: आपूर्ति शृंखला प्रबंधन के लिये ब्लॉकचेन** जैसे डिजिटल उपकरणों को अपनाने और **बाज़ार के रुझानों का पूर्वानुमान लगाने के लिये बड़े डेटा विश्लेषण** की आवश्यकता है। हितधारकों के बीच कुशल समन्वय के लिये डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म को बढ़ावा दिया जाना चाहिये।
  - **विनिर्माण इकाइयों, विशेष रूप से SME को डिजिटल बनाने** के लिये डिजिटल इंडिया पहल का विस्तार किया जाना चाहिये। पारदर्शिता और पता लगाने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिये फार्मास्यूटिकल्स जैसे उच्च-निर्यात क्षेत्रों में ब्लॉकचेन को लागू किया जाना चाहिये।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) को बढ़ावा देना:** PPP मॉडल का लाभ उठाकर **बुनियादी अवसंरचना, प्रौद्योगिकी और कौशल विकास** में निजी उद्यमों की भूमिका का विस्तार किया जाना चाहिये।
  - जापान के सहयोगी विनिर्माण केंद्रों के समान **स्मार्ट विनिर्माण पार्कों** में सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) विकसित की जानी चाहिये।
  - बंगलूरू-**BIAL ITIR (सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र)** बुनियादी अवसंरचना और औद्योगिक विकास के लिये एक सफल PPP मॉडल है।
- **गुणवत्ता मानकों और प्रमाणन को बढ़ावा देना: ISO और CE** जैसे अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन के अनुपालन को बढ़ावा दिया जाना चाहिये तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये कि भारतीय उत्पाद वैश्विक मानदंडों पर खरे उतरें।
  - वस्त्र, ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिये **क्षेत्र-विशिष्ट "गुणवत्ता उन्नयन मिशन"** शुरू किया जाना चाहिये।
  - उदाहरण के लिये, यूरोपीय संघ को निर्यात के लिये CE प्रमाणन प्राप्त करने हेतु सब्सिडी से उत्पाद की स्वीकार्यता में सुधार हो सकता है।
- **पारंपरिक एवं विरासत उद्योगों को पुनर्जीवित करना:** प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाकर, उनका विस्तार करके भारत के समृद्ध हस्तशिल्प और चीनी मिट्टी जैसे पारंपरिक उद्योगों को **मुख्यधारा की विनिर्माण अर्थव्यवस्था में एकीकृत** किया जाना चाहिये।
  - तकनीक-सक्षम हस्तशिल्प इकाइयों को शामिल करने के लिये '**SFURTI योजना**' **(कारीगरों के लिये क्लस्टर विकास)** का विस्तार किया जाना चाहिये।
  - वैश्विक प्रीमियम बाज़ारों को लक्षित करने के लिये **आधुनिक खादी और हथकरघा उत्पादों के लिये निर्यात प्रोत्साहन** प्रदान किया जाना चाहिये।

निष्कर्ष:

भारत के विनिर्माण क्षेत्र में **आर्थिक विकास, रोज़गार सृजन और वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएँ हैं।** बुनियादी अवसंरचना की कमी, नीतिगत विसंगतियों और तकनीकी पिछड़ेपन जैसी महत्त्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करके, यह **क्षेत्र वैश्विक मानकों के अनुरूप हो सकता है। PLI योजना, राष्ट्रीय विनिर्माण नीति और हरित विनिर्माण प्रयास** जैसी सरकारी पहल सतत विकास के लिये एक मज़बूत आधार तैयार कर रही हैं।

■■■

सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज

सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) की दिशा में भारत की यात्रा महत्त्वपूर्ण चुनौतियों और वृद्धिशील प्रगति से चिह्नित है। वर्ष 1948 से विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को लागू करने के बावजूद, **केवल 41% भारतीय परिवारों के पास स्वास्थ्य बीमा** है और आधे लोग **स्वास्थ्य देखभाल की निम्न गुणवत्ता व अपर्याप्तता के कारण सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं से बचते हैं।** वास्तव में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का मार्ग एक केंद्रित दृष्टिकोण की मांग करता है जो **असमानताओं को कम करने, सेवा की गुणवत्ता में सुधार करने और** सभी सामाजिक-आर्थिक समूहों व क्षेत्रों में सुसंगत स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने को प्राथमिकता दे।

भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की वर्तमान स्थिति क्या है?

- **स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के संदर्भ में:** स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र वर्ष 2023 में 372 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन पर पहुँच गया, जिसमें 7.5 मिलियन लोगों को रोज़गार मिला, साथ ही **टेलीमेडिसिन, स्वास्थ्य-तकनीक एवं चिकित्सा पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि** हुई।
  - भारत का अस्पताल बाज़ार, जिसका मूल्य वर्ष **2023 में 98.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा,** वर्ष 2032 तक दोगुना होने का अनुमान है।
  - टेलीमेडिसिन बाज़ार वर्ष **2025 तक 5.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ जाएगा,** जबकि ई-हेल्थ बाज़ार उसी अवधि में **10.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच सकता है।**
- **डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात और चिकित्सा पर्यटन:** भारत का डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात 1:854 है, जिसमें एलोपैथिक और आयुष चिकित्सक दोनों शामिल हैं।
  - इसके अतिरिक्त, **मेडिकल टूरिज़्म ने भारत को एक वैश्विक केंद्र** के रूप में स्थापित कर दिया है, जो **वर्ष**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

2024 में 7.69 बिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देगा तथा वर्ष 2029 तक 14.31 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है।

- **विदेशी निवेश:** मार्च 2024 तक ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स में विदेशी निवेश **22.57 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक** पहुँच गया, जो भारत के स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र में प्रबल विकास और वैश्विक विश्वास का संकेत है।

भारत में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में बाधा डालने वाले मुद्दे क्या हैं?

- **अपर्याप्त सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय और कमज़ोर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली:** विश्व के सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद, भारत अपने **सकल घरेलू उत्पाद का केवल 1.9% स्वास्थ्य सेवा पर खर्च (** आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 **)** करता है।
  - भारत का स्वास्थ्य देखभाल संरचना विपरीत है, जिसमें तृतीयक देखभाल पर अत्यधिक निर्भरता **और प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणालियों की उपेक्षा की जाती है।**
    - मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियाँ, जिन्हें प्रारंभिक जाँच तथा इंटरवेंशन के माध्यम से प्राथमिक स्तर पर प्रबंधित किया जा सकता है, प्राय: तब तक निदान नहीं हो पातीं, जब तक जटिलताएँ उत्पन्न नहीं हो जाती, जिससे रोगियों को उच्च स्तरीय देखभाल की आवश्यकता पड़ती है।
    - **उत्तर प्रदेश** एवं **बिहार** जैसे राज्यों में प्राथमिक स्तर पर **सुदृढ़ स्क्रीनिंग कार्यक्रमों का अभाव** इस समस्या को और बढ़ा देता है।
- **स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में क्षेत्रीय असमानताएँ:** स्वास्थ्य सेवा का बुनियादी अवसंरचना असमान रूप से वितरित है, **शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में बेहतर सुविधाएँ** हैं।
  - उदाहरण के लिये, **यद्यपि भारत के 70% स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर शहरी क्षेत्रों में केंद्रित** हैं, 65% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है।
  - हाल ही में जारी **ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी** में ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बहुत बड़ी कमी को उजागर किया गया है, जहाँ **शल्य चिकित्सकों, फिज़ीशियनों, बाल रोग विशेषज्ञों की संख्या में 80% से अधिक** तथा **प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की संख्या में लगभग 75% की कमी है।**
- **गैर-संक्रामक रोगों का उच्च बोझ:** भारत में गैर-संक्रामक रोगों की ओर तीव्र बदलाव **(WHO, 2022)** देखने को मिल रहा है, जो अब **कुल मौतों का 65-66% है।**
  - **मधुमेह, हृदय संबंधी विकार और कैंसर** जैसी बीमारियाँ स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर दबाव डालती हैं, जो अभी भी संक्रामक रोगों पर ही केंद्रित है।
  - प्रदूषण, अपर्याप्त स्वच्छता और कुपोषण जैसे कारक स्वास्थ्य असमानताओं को बढ़ाते हैं।
    - अकेले वायु प्रदूषण के कारण **भारत में** वर्ष **2019 में 1.67 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई।** इसके अलावा **40% ग्रामीण परिवारों के पास सुरक्षित पेयजल की सुलभता नहीं है, जिससे हैज़ा और टाइफाइड** जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।
- **सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में अकुशलता:** आयुष्मान भारत जैसी प्रमुख योजनाओं का लक्ष्य **50 करोड़ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज** प्रदान करना है, फिर भी उनका अभिगम अपर्याप्त जागरूकता और असमान कार्यान्वयन से बाधित है।
  - हाल ही में आई CAG रिपोर्ट के अनुसार, **आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी डेटाबेस में लगभग 7.5 लाख लोग एक ही सेल फोन नंबर** से जुड़े हुए थे।
  - रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि **जिन मरीज़ों को पहले मृत दिखाया गया था, वे भी इस योजना के तहत उपचार प्राप्त कर रहे हैं।**
    - ऐसे मामलों की अधिकतम संख्या छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखंड, केरल और मध्य प्रदेश में थी।
- **स्वास्थ्य बीमा की अपर्याप्त सुलभता:** भारत की **95% आबादी बीमा रहित** है, 73% के पास स्वास्थ्य कवरेज नहीं है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- असंगठित क्षेत्र और अनौपचारिक श्रमिक, जो **कार्यबल का 90% हिस्सा हैं,** नियोक्ता-आधारित बीमा से बाहर रखे गए हैं।
- परिणामस्वरूप, स्वास्थ्य पर उच्च आउट-ऑफ-पॉकेट व्यय **के कारण** प्रतिवर्ष लगभग **55 मिलियन भारतीय गरीब हो रहे हैं** तथा 17% से अधिक परिवार स्वास्थ्य पर अत्यधिक व्यय कर रहे हैं।

- **स्वास्थ्य सेवा प्रशासन में विखंडन:** भारत का संघीय संरचना प्राय: विखंडित स्वास्थ्य सेवा नीतियों की ओर ले जाता है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सीमित समन्वय होता है।
  - उदाहरण के लिये, कोविड-19 के दौरान **एक समान परीक्षण नीति की कमी से रोग प्रबंधन में भ्रम और अकुशलता** की स्थिति उत्पन्न हुई।
  - **केरल** जैसे बेहतर स्वास्थ्य प्रशासन वाले राज्यों ने प्रकोपों के प्रबंधन में अन्य राज्यों से बेहतर प्रदर्शन किया, **जो प्रशासनिक क्षमता में असमानताओं** को दर्शाता है।
- **निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर कम ध्यान: टीकाकरण, जाँच और जीवनशैली में हस्तक्षेप** जैसे निवारक उपायों का लागत-प्रभावशीलता के बावजूद कम उपयोग किया जाता है।
  - वर्ष 2021 (NFHS-5) में केवल 76.4% भारतीय बच्चों का पूर्ण टीकाकरण किया गया, जिससे लाखों बच्चे ऐसी बीमारियों के जोखिम में पड़ गए, जिनसे बचा जा सकता था।
  - इसके अतिरिक्त, फिट इंडिया मूवमेंट **और** पोषण अभियान **का कार्यान्वयन धीमा है,** जिससे दीर्घकालिक स्वास्थ्य बोझ को कम करने पर उनका प्रभाव सीमित हो रहा है।
- **प्रौद्योगिकी और डिजिटल स्वास्थ्य का सीमित उपयोग:** यद्यपि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) जैसी पहलों का **उद्देश्य स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल बनाना** है, ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पहुँच अभी भी कम है।
  - **मानकीकृत डेटा विनिमय प्रोटोकॉल का अभाव** विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल तंत्रों के बीच निर्बाध सूचना साझाकरण को जटिल बनाता है, जिससे समन्वित रोगी देखभाल और ABDM जैसी राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न होती है।
- **निजी क्षेत्र पर निर्भरता:** अत्यधिक बोझ से दबे सार्वजनिक अस्पताल प्राय: लोगों को महंगे निजी क्षेत्र में उपचार कराने के लिये विवश करते हैं।
  - निजी क्षेत्र **70% बाह्य रोगी देखभाल** और **60% से अधिक अस्पताल-भर्ती सेवाएँ** (स्वास्थ्य के सामाजिक उपभोग पर NSSO का 75वें दौर का सर्वेक्षण, 2017-18) **प्रदान** करता है।
  - निजी स्वास्थ्य सेवा की अनियमित प्रकृति के कारण **मूल्य संवृद्धि और असमान अभिगम को बढ़ावा मिलता है,** जिससे किफायती UHC का लक्ष्य कमज़ोर होता है।

भारत में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में तेज़ी लाने के लिये क्या उपाय अपनाए जा सकते हैं?

- **सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय और स्वास्थ्य बीमा में वृद्धि: भारत को** राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति- 2017 में परिकल्पित अनुसार वर्ष 2025 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य पर व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के कम से कम 2.5% तक बढ़ाना होगा।
  - इससे बेहतर बुनियादी अवसंरचना, **अधिक स्वास्थ्य कर्मियों के लिये धन** जुटाया जा सकेगा तथा **सार्वजनिक सुविधाओं पर आवश्यक दवाएँ** उपलब्ध कराई जा सकेंगी।
  - **प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन** जैसे कार्यक्रमों का विस्तार, जो प्रत्येक ज़िले में गहन देखभाल अस्पताल बनाने पर केंद्रित है, अवसंरचना संबंधी अंतराल को कम कर सकता है।
  - **लक्षित योजनाओं के माध्यम से बीमा का विस्तार करने से** कमज़ोर आबादी पर वित्तीय बोझ और कम हो जाएगा।
  - भारत करों के माध्यम से वित्तपोषित सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा को लागू करके तथा आवश्यक सेवाओं तक समान अभिगम सुनिश्चित करके **बेवरिज मॉडल (यू.के., नॉर्डिक देश)** से सीख ले सकता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **बिस्मार्क मॉडल (फ्राँस, जापान) से सीख लेते हुए,** भारत नियोक्ता और कर्मचारी दोनों के योगदान के साथ बीमा-आधारित स्वास्थ्य सेवा की रूपरेखा अपना सकता है।

- **प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को सुदृढ़ बनाना:** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHC) और उप-केंद्रों को **पर्याप्त स्टाफ, उपकरण तथा दवाओं के साथ पुनर्जीवित करना आवश्यक है।**
  - आयुष्मान भारत के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैसी पहलों का विस्तार किया जाना चाहिये तथा गैर-संक्रामक रोगों (NCD) **की निवारक देखभाल और प्रबंधन पर अधिक ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।**
  - उदाहरण के लिये, **ई-संजीवनी जैसी टेलीमेडिसिन सेवाओं को इन केंद्रों के साथ एकीकृत करने से** ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँच में सुधार हो सकता है।
  - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर NCD और अन्य बीमारियों के लिये अनिवार्य निवारक स्वास्थ्य जाँच से दीर्घकालिक रोग बोझ को कम किया जा सकता है।
    - **राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना (RSBY)** के समान बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करके समस्याओं का शीघ्र पता लगाया जा सकता है, विशेष रूप से ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में।

- **कार्यबल की कमी को दूर करना: एक सुदृढ़ स्वास्थ्य कार्यबल के लिये** कार्य स्थितियों में सुधार के साथ-साथ **चिकित्सा और पैरामेडिकल शिक्षा** को प्रोत्साहन की आवश्यकता है।
  - **नर्सों, प्रसाविकाओं** और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं के लिये स्वास्थ्य देखभाल-विशिष्ट प्रशिक्षण को शामिल करने की दिशा में कौशल भारत पहल **का विस्तार** करने से यह कमी दूर हो जाएगी।
  - उदाहरण के लिये, **मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाना** तथा **उच्च वेतन और कैरियर उन्नति के** अवसरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नियुक्ति को प्रोत्साहित करना, ग्रामीण-शहरी विभाजन को समाप्त कर सकता है।
    - **असम ने दूर-दराज़ के क्षेत्रों में डॉक्टरों के लिये वित्तीय प्रोत्साहन** की शुरुआत की, जिससे एक अनुकरणीय मिसाल कायम हुई।

- **डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना: एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य ID बनाने के लिये आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM)** के क्रियान्वयन में तीव्रता लाने से रोगी रिकॉर्ड को सुव्यवस्थित किया जा सकता है और स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार किया जा सकता है।
  - भारतनेट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी स्थापित करना और स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण प्रदान करना समावेशिता सुनिश्चित करेगा।
  - मानसिक स्वास्थ्य के लिये टेली-मानस जैसे टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्मों का एकीकरण **अपूर्ण आवश्यकताओं** को पूरा कर सकता है।

- **निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रन: टीकाकरण, स्वास्थ्य शिक्षा और जीवनशैली में संशोधन** जैसे निवारक उपाय रोग के बोझ एवं लागत को कम कर सकते हैं।
  - **बाल कुपोषण के साथ-साथ वयस्क कुपोषण को दूर करने के लिये पोषण अभियान** के दायरे का विस्तार करने से बढ़ती गैर-संक्रामक बीमारियों से निपटा जा सकेगा।
  - स्वच्छ भारत मिशन 2.0 **के तहत शहरी स्वच्छता** को सुदृढ़ करने और **गैर-संक्रामक रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NPCDCS)** जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिये वित्तपोषण बढ़ाने से दूरगामी प्रभाव होंगे।

- **सार्वजनिक-निजी भागीदारी:** बुनियादी अवसंरचना के विकास, निदान और तृतीयक देखभाल के लिये सार्वजनिक-निजी भागीदारी का लाभ उठाया जा सकता है।
  - **वंचित क्षेत्रों में निजी अस्पतालों के लिये** व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (VGF) योजना जैसी योजनाएँ अत्यधिक लागत के बिना पहुँच में सुधार ला सकती हैं।
  - उदाहरण के लिये, **राजस्थान की** मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना ने सस्ती दवाइयों की आपूर्ति के लिये **फार्मा कंपनियों के साथ साझेदारी** की। **इसी तरह के सहयोग का विस्तार करके सेवा वितरण को बढ़ाया जा सकता है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना:** केंद्रीय योजनाओं को **कम स्वास्थ्य सूचकांक वाले राज्यों को** स्वास्थ्य सेवा बुनियादी अवसंरचना और कार्यबल विकास में निवेश करने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिये।
  - NITI आयोग की स्वास्थ्य सूचकांक रैंकिंग को 15वें वित्त आयोग के तहत प्रदर्शन-आधारित अनुदानों के साथ जोड़ने से बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे पिछड़े राज्यों को सुधार के लिये प्रेरित किया जा सकता है।
  - **केरल का विकेंद्रीकृत शासन मॉडल,** जो स्थानीय स्वास्थ्य संस्थाओं को अधिक बजट आवंटित करता है, सफलता का रोडमैप प्रदान करता है।
- **नियामक तंत्र को सुदृढ़ करना:** आवश्यक दवाओं के मूल्य नियंत्रण को सुनिश्चित करना और निजी अस्पतालों में उपचार लागत का मानकीकरण करना आवश्यक है।
  - **राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (NPPA)** के दायरे का विस्तार करने तथा क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट अधिनियम के तहत अस्पतालों के लिये पारदर्शी मूल्य निर्धारण प्रदर्शन अनिवार्य करने से शोषण पर अंकुश लगेगा।
  - हृदय संबंधी स्टेंट और घुटने के प्रत्यारोपण की कीमतों में कमी से पहले ही मरीज़ों के व्यय में कमी आई है, जो विनियमन की प्रभावकारिता को दर्शाती है।
- **अनुसंधान और स्वदेशी नवाचारों में निवेश: भारत को किफायती, स्वदेशी स्वास्थ्य देखभाल समाधान विकसित करने** के लिये ICMR जैसे संस्थानों को वित्तपोषित करके अनुसंधान और नवाचार को सुदृढ़ करना चाहिये।
  - **कोविड-19 के दौरान स्थानीय स्तर पर विकसित कोवैक्सिन** जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य नवाचार, आत्मनिर्भरता की क्षमता को प्रदर्शित करते हैं।
  - क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों की स्थापना से स्थानीय स्वास्थ्य चुनौतियों, जैसे कि पूर्वोत्तर में रोगवाहक जनित रोगों का समाधान किया जा सकता है।
- **पारंपरिक चिकित्सा को आधुनिक स्वास्थ्य सेवा के साथ एकीकृत करना:** आयुष (आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) के माध्यम से भारत की पारंपरिक चिकित्सा का विशाल भंडार आधुनिक स्वास्थ्य सेवा का पूरक बन सकता है।
  - आयुष्मान भारत के अंतर्गत आयुष चिकित्सकों को स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों (HWC) में एकीकृत करने से एलोपैथिक चिकित्सकों पर बोझ कम हो सकता है तथा सामाजिक रूप से स्वीकार्य विकल्प उपलब्ध हो सकते हैं।
- **व्यापक मानसिक स्वास्थ्य कवरेज:** बढ़ती आवश्यकताओं के बावजूद मानसिक स्वास्थ्य को अपर्याप्त वित्तपोषण प्राप्त है तथा इसे सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है।
  - राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) **का विस्तार** करना तथा इसे टेली-मानस जैसे टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्मों के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के साथ एकीकृत करना, सेवाओं को सुलभ बना सकता है।
- **एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण को एकीकृत करना:** एक **स्वास्थ्य दृष्टिकोण,** जो मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के अंतर्संबंध का अभिनिर्धारण करता है, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के लिये आवश्यक है।
  - **निपाह और एवियन इन्फ्लूएंज़ा** जैसी **ज़ूनोटिक बीमारियों के लिये एकीकृत निगरानी तंत्र** स्थापित किया जाना चाहिये, ताकि त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र सुनिश्चित हो सके।
  - पशु चिकित्सा और वन्यजीव विभागों के साथ सहयोग करने के लिये **राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (NCDC) के दायरे का** विस्तार किया जाना चाहिये।

निष्कर्ष:

यद्यपि **भारत ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में प्रगति** की है, फिर भी कई महत्त्वपूर्ण चुनौतियाँ बनी हुई हैं। इनमें अपर्याप्त सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय, क्षेत्रीय असमानताएँ, बीमा की अपर्याप्त सुलभता और अत्यधिक बोझ वाली स्वास्थ्य सेवा प्रणाली शामिल हैं। UHC को प्राप्त करने के लिये, भारत को **सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय बढ़ाने, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करने और सरकारी योजनाओं में अक्षमताओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

एक राष्ट्र, एक चुनाव की दिशा में आगे बढ़ना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महत्त्वाकांक्षी '**एक राष्ट्र, एक चुनाव (ONOE)**' योजना को मंज़ूरी दे दी है, जो पूरे भारत में चुनावी प्रक्रियाओं को समन्वित करने की दिशा में एक **ऐतिहासिक कदम** है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाले एक उच्च-स्तरीय पैनल की सिफारिशों के आधार पर, प्रस्ताव में **लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिये एक साथ चुनाव कराने के लिये कई संवैधानिक अनुच्छेदों में संशोधन करने का प्रयास** किया गया है। इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य **दो चरणों में एक साथ चुनाव मॉडल को लागू करना** है, जो संभावित रूप से **भारत के चुनावी परिदृश्य में क्रांति** ला सकता है।

भारत में ONOE का ऐतिहासिक विकास क्या है?

- **स्वतंत्रता-पूर्व संदर्भ**
  - एक साथ चुनाव की अवधारणा **भारत सरकार अधिनियम, 1935** के तहत औपनिवेशिक चुनावी प्रणाली में निहित है।
  - यद्यपि ब्रिटिश शासन के अंतर्गत विधायी निकायों के लिये विघटन के बावजूद चुनाव संरेखित थे।
- **स्वतंत्रता-उपरांत युग (वर्ष 1952-1967)**
  - **पहला आम चुनाव (1952):** भारत ने लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के लिये समकालिक चुनावों के साथ अपनी लोकतांत्रिक यात्रा शुरू की।
  - **निरंतरता:** वर्ष 1957, 1962 और 1967 में एक साथ चुनाव सफलतापूर्वक आयोजित किये गए, जिससे राजनीतिक एवं प्रशासनिक स्थिरता सुनिश्चित हुई।
- **एक साथ चुनाव का विघटन (वर्ष 1968-1969)**
  - वर्ष 1968-1969 में कुछ राज्य विधानसभाओं के समय-पूर्व भंग होने के कारण यह चक्र बाधित हो गया, विशेष रूप से हरियाणा और केरल में।
  - वर्ष 1970 में, लोकसभा अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले ही भंग हो गई, जिसके कारण लोकसभा और विभिन्न राज्य विधानसभाओं के लिये अलग-अलग चुनाव कराए गए।
- **ONOE पर पुनः विचार करने का प्रयास**
  - **भारतीय विधि आयोग (170वीं रिपोर्ट, 1999):** एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया गया, चुनाव से संबंधित व्यवधानों और लागतों को कम करने पर ज़ोर दिया गया।
  - **संसदीय स्थायी समिति (वर्ष 2015):** चुनावी खर्चों पर अंकुश लगाने और निर्बाध शासन सुनिश्चित करने सहित ONOE के लाभों पर प्रकाश डाला गया।
  - **NITI आयोग रिपोर्ट (वर्ष 2017):** ONOE को पुनः शुरू करने के लिये एक रोडमैप प्रस्तावित किया गया।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के मुख्य लाभ क्या हैं?

- **चुनावी लागत में उल्लेखनीय कमी:** एक साथ चुनाव कराने से सरकार और राजनीतिक दलों पर पड़ने वाले भारी वित्तीय बोझ में भारी कमी आ सकती है।
  - उदाहरण के लिये, **लोकसभा चुनाव- 2019** एक ऐतिहासिक चुनाव रहा, क्योंकि वर्ष 1998 में चुनाव खर्च ₹9,000 करोड़ से बढ़कर ₹55,000 करोड़ हो गया।
  - अनुमान है कि चुनावों की आवृत्ति कम करने से 7,500 करोड़ से लेकर 12,000 करोड़ तक की बचत हो सकती है।
    - इसके बजाय इस पैसे को बुनियादी अवसंरचना, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के लिये आवंटित किया जा सकता है।
- **शासन को सुव्यवस्थित करना और नीतिगत पक्षाघात को कम करना:** बार-बार होने वाले चुनाव सरकारों को लगातार अभियान चलाने के लिये मजबूर करते हैं, जिससे दीर्घकालिक निर्णय लेने में विलंब होता है।
  - उदाहरण के लिये, हाल ही में हुए चुनावों के दौरान, उत्तर प्रदेश के गाज़ियाबाद में आदर्श आचार संहिता के प्रतिबंधों के कारण 24 से अधिक प्रमुख विकास परियोजनाएँ रुकी हुई थीं।
  - ONOE **आदर्श आचार संहिता** के लागू होने को प्रत्येक पाँच वर्ष में एक बार तक सीमित कर देगा, जिससे निर्बाध शासन सुनिश्चित होगा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इसके अतिरिक्त, नीति-निर्माण अधिक कुशल हो जाता है क्योंकि सरकारें अल्पकालिक चुनावी लाभों के बजाय विकास पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

- **मतदाताओं की भागीदारी और मतदान में वृद्धि:** बार-बार चुनाव होने से मतदाता थक जाते हैं, प्राय: उपचुनावों और स्थानीय चुनावों में भागीदारी कम हो जाती है।
  - वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में 65.79% मतदान हुआ। यह देश भर में **चुनावी भागीदारी के मध्यम स्तर** को दर्शाता है।
  - चुनावों को समेकित करके, ONOE लोकतांत्रिक प्रक्रिया को फिर से सक्रिय कर सकता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि **मतदाता कम लेकिन अधिक प्रभावशाली चुनावी आयोजनों में भाग लें,** संभावित रूप से **कुल मतदान में 5-10% की वृद्धि** हो सकती है।
- **चुनावी कदाचार पर अंकुश:** चुनावों की पुनरावृत्ति वोट खरीदने, राज्य के संसाधनों के दुरुपयोग और धनबल के इस्तेमाल के कई अवसर उत्पन्न करती है।
  - उदाहरण के लिये, महाराष्ट्र और झारखंड में वर्ष 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों के साथ-साथ विभिन्न उपचुनावों में, **प्रवर्तन एजेंसियों ने 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी, शराब, मादक पदार्थ एवं निशुल्क सामान ज़ब्त किये।**
  - ONOE चुनाव की समय-सीमा को सीमित करके ऐसी प्रथाओं को बहुत हद तक कम कर सकता है, जिससे चुनाव आयोग की निगरानी अधिक केंद्रित और प्रभावी हो जाएगी।
- **सुरक्षा बलों का इष्टतम उपयोग:** चुनावों में सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की आवश्यकता होती है, जिससे उनके **प्राथमिक कर्त्तव्य प्रभावित** होते हैं।
  - उदाहरण के लिये, भारत के निर्वाचन आयोग ने **लोकसभा चुनाव- 2024** और आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा एवं सिक्किम में विधानसभा चुनावों के दौरान चरणबद्ध तरीके से तैनाती के लिये 3.4 लाख केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) कर्मियों की मांग की, जिससे **सीमा एवं आंतरिक सुरक्षा प्रबंधन में कमी रह गई।**
  - ONOE इन तैनाती को एक चक्र में समेकित करेगा, जिससे **संसाधनों का बेहतर उपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा तैयारियों में वृद्धि** सुनिश्चित होगी।
- **आर्थिक गतिविधियों में व्यवधान को कम करना:** बार-बार होने वाले चुनावों से स्थानीय **अर्थव्यवस्थाओं में व्यवधान** उत्पन्न होता है, क्योंकि इससे **व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिबंध** लग जाता है, जैसे- परिवहन प्रतिबंध, शराब की बिक्री और श्रम डायवर्जन।
  - उदाहरण के लिये, कर्नाटक सरकार को वर्ष 2023 के राज्य चुनावों के दौरान शराब पर प्रतिबंध लगाने के कारण ₹150 करोड़ के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ा।
  - चुनावी कार्यक्रमों को संरेखित करके, ONOE निर्बाध आर्थिक गतिविधि सुनिश्चित कर सकता है।
- **विकास लक्ष्यों में अधिक संरेखण:** एक साथ चुनाव केंद्र और राज्य सरकारों की शर्तों को संरेखित करके सहकारी संघवाद को सुदृढ़ कर सकते हैं।
  - वस्तु एवं सेवा कर (वर्ष 2017) के कार्यान्वयन के दौरान, केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वित प्रयासों ने नीति के क्रियान्वयन में तेज़ी लाई।
  - ONOE ऐसे सहयोग को संस्थागत बना सकता है, जिससे स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और जलवायु कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में एकीकृत रणनीति सुनिश्चित हो सके, जिससे अधिक सामंजस्यपूर्ण राष्ट्रीय विकास हो सके।

एक राष्ट्र एक चुनाव से जुड़ी मुख्य चुनौतियाँ क्या हैं?

- **संवैधानिक और विधिक जटिलताएँ:** ONOE को लागू करने के लिये कई संवैधानिक प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता होती है, जैसे कि अनुच्छेद 83, 85, 172 और 356, जो विधानसभाओं के कार्यकाल तथा विघटन को नियंत्रित करते हैं।
  - उदाहरण के लिये, राज्य चुनावों को एक साथ कराने के लिये कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करना या बढ़ाना आवश्यक होगा, जिससे उनकी लोकतांत्रिक वैधता पर प्रश्न उठेंगे।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इसके अतिरिक्त, अनुच्छेद 356 (राष्ट्रपति शासन) का दुरुपयोग होने पर समन्वित कार्यकाल बाधित हो सकता है।

- **संघवाद के लिये संभावित खतरा:** आलोचकों का तर्क है कि ONOE राज्यों की स्वायत्तता को कमज़ोर कर सकता है, क्योंकि स्थानीय मुद्दे राष्ट्रीय अभियानों और एजेंडों से प्रभावित हो सकते हैं।
  - वर्ष 2019 के लोकसभा और ओडिशा विधानसभा चुनावों के दौरान, अभियान मुख्य रूप से बालाकोट हवाई हमले जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर केंद्रित थे।
    - परिणामस्वरूप, ओडिशा में कृषि संकट और जनजातीय क्षेत्रों में बेरोज़गारी सहित महत्त्वपूर्ण राज्य-स्तरीय मुद्दों पर सार्वजनिक बहस में सीमित ध्यान दिया गया।
  - सरकारिया आयोग (वर्ष 1988) ने भी अत्यधिक केंद्रीकरण के विरुद्ध चेतावनी दी थी। यह संविधान में निहित सहकारी संघवाद की भावना को नष्ट कर सकता है।
- **तार्किक और परिचालन संबंधी चुनौतियाँ:** लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के लिये एक साथ चुनाव कराने के लिये बड़े पैमाने पर प्रशासनिक एवं तार्किक योजना की आवश्यकता होगी।
  - भारत के चुनाव आयोग (ECI) का अनुमान है कि एक साथ चुनाव कराने के लिये प्रत्येक 15 वर्ष में नई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (EVM) की खरीद और प्रतिस्थापन के लिये ₹10,000 करोड़ की आवश्यकता होगी।
  - इसके अतिरिक्त, 1 मिलियन मतदान केंद्रों (वर्ष 2019 तक) पर एक साथ 900 मिलियन से अधिक मतदाताओं का प्रबंधन करना बहुत-सी चुनौतियों का सामना करता है, खासकर दूर-दराज़ एवं संघर्ष-ग्रस्त क्षेत्रों में।
- **लोकतांत्रिक जवाबदेही में व्यवधान:** बार-बार चुनाव एक निरंतर जवाबदेही तंत्र के रूप में कार्य करते हैं, जिससे मतदाता नियमित रूप से सरकारों का आकलन कर सकते हैं।
  - उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों में शासन के प्रति जनता का असंतोष झलकता है, जिसके परिणामस्वरूप पूरी तरह से शासन बदल गया।
  - ONOE, चुनाव आवृत्ति को कम करके, आवधिक जाँच की इस प्रणाली को कमज़ोर कर सकता है, जिससे सरकारों को अपने कार्यकाल के अंत तक दबाव वाले मुद्दोंका हल करने में विलंब करने की अधिक छूट मिल सकती है।
- **राजनीतिक प्रतिरोध और आम सहमति का अभाव:** ONOE के विचार को विभिन्न राजनीतिक दलों, विशेष रूप से क्षेत्रीय दलों से प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है, जो एक समन्वित प्रणाली में अपनी प्रासंगिकता खोने से डरते हैं।
  - पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के अनुसार, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर विचार-विमर्श के दौरान 32 राजनीतिक दलों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि 15 ने इसका विरोध किया।
- **समय से पूर्व विघटन के कारण व्यवधान:** यदि किसी राज्य या केंद्र में सरकार का समय से पहले पतन हो जाता है, तो समकालिक चुनाव चक्र बाधित हो जाएगा।
  - उदाहरण के लिये, वर्ष 2019 में कर्नाटक सरकार और वर्ष 2022 में महाराष्ट्र सरकार के पतन के कारण अनियोजित चुनाव हुए।
  - समय-सीमाओं को समकालिक करने के लिये या तो बार-बार राष्ट्रपति शासन लागू करना होगा, जिससे **लोकतांत्रिक अखंडता के संदर्भ में चिंताएँ बढ़ेंगी**, या अंतरिम चुनाव कराने होंगे, जिससे **ONOE की लागत-दक्षता कम होगी।**
- **विलंबित चुनावी न्याय और विवाद समाधान:** एक साथ चुनाव होने से न्यायपालिका के लिये चुनाव संबंधी विवादों को निपटाने में बाधा उत्पन्न हो सकती है।
  - वर्तमान में, चरणों में चुनाव कराने से न्यायालय मामलों को चरणों में निपटा सकते हैं, लेकिन ONOE के कारण एक साथ याचिकाओं की संख्या में वृद्धि होगी, जिससे समाधान में विलंब होगा।
  - वर्ष 2019 के चुनावों में 130 चुनाव याचिकाएँ दायर की गईं, जो सभी आम चुनावों में सबसे अधिक है। ONOE के कारण परिणामों की घोषणा में और विलंब हो सकता है तथा शासन की निरंतरता बाधित हो सकती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

एक राष्ट्र, एक चुनाव पैनल की सिफारिशें क्या हैं?

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक राष्ट्र, एक चुनाव पैनल ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनावों को एक साथ कराने के लिये 11 सिफारिशें प्रस्तावित कीं।

- चरणबद्ध समन्वय:
  - **चरण I:** लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिये चुनाव तिथियों को एक साथ कराना।
  - **चरण II:** नगरपालिका और पंचायत चुनावों को इनके साथ एक साथ कराना, जो राज्य तथा लोकसभा चुनावों के 100 दिनों के भीतर कराए जाने चाहिये।
- समन्वय की निरंतरता:
  - राष्ट्रपति लोकसभा की पहली बैठक की तिथि को 'नियत तिथि' के रूप में घोषित कर सकते हैं, जिससे समन्वय की निरंतरता सुनिश्चित हो सके।
- **नई विधानसभाओं के लिये कार्यकाल समायोजन:** अगले आम चुनावों के साथ तालमेल बिठाने के लिये नवगठित राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल छोटा किया जा सकता है।
- **शासन और कार्यान्वयन:**
  - **कार्यान्वयन समूह:** एक समर्पित समूह को एक साथ चुनाव सुधारों के क्रियान्वयन की देखरेख और सुविधा प्रदान करनी चाहिये।
  - **विधायी संशोधन:**
    - **अनुच्छेद 324A:** पंचायतों और नगर पालिकाओं के लिये एक साथ चुनाव कराने की सुविधा के लिये प्रस्तावित प्रस्ताव।
    - **अनुच्छेद 325:** सभी चुनावों के लिये एकीकृत मतदाता सूची और फोटो पहचान-पत्र स्थापित करने के लिये सुझाया गया संशोधन।
- **अस्थिर सदन और अविश्वास परिदृश्यों का प्रबंधन**
  - **अस्थिर सदन के मामले में चुनाव:** यदि अस्थाई सदन या अविश्वास प्रस्ताव होता है, तो नए चुनाव कराए जाएंगे।
    - नव-निर्वाचित निकाय केवल तब तक कार्य करेगा जब तक कि मौजूदा लोकसभा या राज्य विधानसभा का कार्यकाल समाप्त नहीं हो जाता।
  - **कार्यकाल सीमा:** नव निर्वाचित लोकसभा के लिये, कार्यकाल केवल अगले समकालिक आम चुनाव तक ही बढ़ाया जाएगा। राज्य विधानसभाएँ तब तक जारी रहेंगी जब तक कि लोकसभा का कार्यकाल समाप्त न हो जाए और उसे पहले भंग न कर दिया जाए।
- **परिचालन संवर्द्धन**
  - **चुनाव उपकरणों की खरीद:** चुनाव आयोग को सुचारु चुनाव प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिये **EVM और VVPAT जैसे आवश्यक उपकरणों की खरीद** के लिये सक्रिय रूप से योजना बनानी चाहिये।
  - **एकीकृत चुनावी अवसंरचना:** पैनल ने सभी चुनावों में एकीकृत मतदाता सूची और पहचान-पत्र प्रणाली की सिफारिश की है, जिसके लिये संवैधानिक संशोधन एवं राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी।

एक राष्ट्र, एक चुनाव के मामले में भारत अन्य देशों से क्या सीख सकता है?

- **इंडोनेशिया:** इंडोनेशिया ने वर्ष 2019 में '**एक राष्ट्र, एक चुनाव**' प्रारूप अपनाया, जहाँ राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दोनों विधायी निकायों के सदस्यों का चुनाव एक ही दिन होता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- वर्ष 2024 में, इंडोनेशिया ने विश्व के सबसे बड़े एकल-दिवसीय चुनावों का सफलतापूर्वक संचालन किया, जिसमें पाँच स्तरों पर: **राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद, क्षेत्रीय विधानसभाएँ और नगरपालिका चुनाव में** लगभग 200 मिलियन मतदाता शामिल थे।

- **दक्षिण अफ्रीका:** मतदाता राष्ट्रीय विधानसभा और प्रांतीय विधानमंडल दोनों के लिये एक साथ मतदान करते हैं। हालाँकि नगरपालिका चुनाव पाँच वर्ष के चक्र के बाद अलग-अलग आयोजित किये जाते हैं।
- **स्वीडन:** स्वीडन एक आनुपातिक चुनावी प्रणाली संचालित करता है जहाँ संसद (रिक्सडैग), काउंटी परिषदों और नगर परिषदों में सीटें वोट शेयर के आधार पर आवंटित की जाती हैं।
  - ये चुनाव प्रत्येक चार वर्ष में होते हैं। नगरपालिका चुनाव पाँच वर्ष के चक्र का पालन करते हैं, जो प्रत्येक पाँच वर्ष में एक बार होता है।

एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रभावी कार्यान्वयन के लिये क्या उपाय अपनाए जा सकते हैं?

- **संघ शासित प्रदेशों में ONOE का पायलट:** अवधारणा के प्रमाण के रूप में संघ शासित प्रदेशों (UT) में ONOE सुधारों को लागू करना शुरू किया जाना चाहिये।
  - दिल्ली, पुदुचेरी और चंडीगढ़ जैसे केंद्रशासित प्रदेशों में छोटे निर्वाचन क्षेत्र एवं सरल शासन संरचनाएँ हैं, जो उन्हें पायलट के लिये आदर्श बनाती हैं।
  - इससे राष्ट्रीय स्तर पर रोलआउट से पहले ONOE मॉडल को परिष्कृत करने की अनुमति मिलती है।
- **क्षेत्रीय तत्परता के आधार पर लचीले चुनाव चक्र:** संघ शासित प्रदेशों को समन्वयित करने के बाद, राष्ट्रव्यापी एकरूपता लागू करने के बजाय क्षेत्र-विशिष्ट चुनाव समन्वय शुरू करने के साथ संक्रमण किया जाना चाहिये।
  - राज्यों को क्षेत्रीय रूप से समूहीकृत किया जा सकता है (जैसे- उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम) ताकि 5-10 वर्षों में उन क्षेत्रों के भीतर चुनावों को समन्वयित किया जा सके।
  - इससे झारखंड या जम्मू-कश्मीर जैसे राज्य, जो शासन या सुरक्षा मुद्दों का सामना करते हैं, राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय को बाधित किये बिना धीरे-धीरे चुनाव चक्रों को संरेखित करने की अनुमति मिलती है।
  - यह दृष्टिकोण संघीय चिंताओं के साथ तार्किक व्यवहार्यता को संतुलित करता है।
- **डिजिटल चुनावी प्रबंधन प्रणाली बनाना:** ONOE के जटिल लॉजिस्टिक्स को प्रबंधित करने के लिये एक व्यापक डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया जाना चाहिये।
  - DEMS मतदाता सूची, मतदान केंद्र आवंटन, उम्मीदवार दाखिल करना और परिणाम प्रबंधन को एकीकृत कर सकता है। पारदर्शिता और सटीकता बढ़ाने के लिये वोट रिकॉर्डिंग एवं गिनती के लिये ब्लॉकचेन-आधारित तकनीक के पायलट की आवश्यकता है।
  - यह प्रशासनिक विलंब को कम करता है और सुदृढ़ चुनाव प्रबंधन सुनिश्चित करता है।
- **क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के लिये संघीय सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करना:** सुनिश्चित किया जाना चाहिये कि राज्य-स्तरीय मुद्दों को प्रभावित होने से रोकने के लिये तंत्र मौजूद हैं।
  - स्थानीय मुद्दों को दृश्यता देने के लिये समकालिक चुनावों के दौरान अनिवार्य क्षेत्रीय बहस या टेलीविज़न राज्य-विशिष्ट मंचों की शुरुआत की जानी चाहिये।
  - बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय अभियानों के बावजूद क्षेत्रीय दलों को प्रतिस्पर्द्धी बनाए रखने के लिये राजनीतिक फंडिंग कैप को अनुकूलित किया जा सकता है।
    - यह भारत के संघीय ढाँचे के लिये महत्त्वपूर्ण लोकतांत्रिक विविधता की रक्षा करता है।
- **चुनाव संसाधन आवंटन के लिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग:** AI क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर कार्मिक, EVM और सुरक्षा बलों जैसे चुनाव संसाधनों को आवंटित करने में मदद कर सकता है।
  - AI-संचालित सिमुलेशन मतदाता मतदान का पूर्वानुमान कर सकते हैं, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों (जैसे- संघर्ष-ग्रस्त क्षेत्र) की पहचान कर सकते हैं और संसाधन अनुकूलन सुनिश्चित कर सकते हैं।
  - उदाहरण के लिये, आपदा प्रबंधन प्रणालियों में उपयोग किये जाने वाले एल्गोरिदम को चुनावों के लिये अनुकूलित किया जा सकता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- यह अक्षमताओं को कम करता है और एक साथ चुनाव प्रबंधन में विलंब को रोकता है।

- **राज्यों को शर्तों को संरेखित करने के लिये सशर्त वित्तीय प्रोत्साहन:** राज्यों को अपने चुनाव चक्रों को ONOE के साथ संरेखित करने के लिये केंद्रीय निधियों के उच्च विकेंद्रीकरण जैसे वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाना चाहिये।
  - अपने विधानसभा कार्यकाल को छोटा या बढ़ाने के लिये सहमत होने वाले राज्य विकास परियोजनाओं के लिये अतिरिक्त धन प्राप्त कर सकते हैं।
  - उदाहरण के लिये, 15वें वित्त आयोग ने राज्य प्रदर्शन-लिंक्ड अनुदान की सिफारिश की, एक मॉडल जिसे ONOE अनुपालन के लिये फिर से इस्तेमाल किया जा सकता है। यह जनादेश लगाए बिना सहयोग को प्रोत्साहित करता है।
- **विकेंद्रीकृत चुनाव निगरानी प्रकोष्ठ:** विकेंद्रीकृत तरीके से एक साथ चुनावी प्रक्रिया की देखरेख के लिये क्षेत्रीय चुनाव निगरानी प्रकोष्ठ स्थापित किया जाना चाहिये।
  - ये प्रकोष्ठ चुनाव आयोग के अधीन काम करेंगे, लेकिन विशिष्ट क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जिससे केंद्रीय चुनाव आयोग पर बोझ कम होगा।
  - यह स्थानीय दृष्टिकोण रियल टाइम समस्या-समाधान और सुचारु संचालन सुनिश्चित करता है।
- **सहभागी लोकतंत्र तंत्र के माध्यम से नागरिक जुड़ाव:** नागरिकों को समकालिक चुनावों को आकार देने में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिये।
  - जागरूकता बढ़ाने और जनता की राय जानने के लिये सार्वजनिक परामर्श, ऑनलाइन जनमत सर्वेक्षण एवं हितधारक मंचों की मेज़बानी की जानी चाहिये।
    - उदाहरण के लिये, केरल के सहभागी बजट मॉडल को ONOE सुधारों पर नागरिक इनपुट एकत्र करने के लिये अनुकूलित किया जा सकता है।
  - समकालिक चुनावों के बीच जवाबदेही बनाए रखने के लिये सरकारों के लिये अनिवार्य मध्यावधि समीक्षा शुरू की जानी चाहिये।
  - इन समीक्षाओं में सार्वजनिक प्रतिक्रिया सर्वेक्षण, संसदीय प्रदर्शन ऑडिट और RTI-आधारित पारदर्शिता तंत्र शामिल हो सकते हैं।
    - उदाहरण के लिये, MyGov जैसा एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म निर्वाचित अधिकारियों के लिये नागरिक स्कोरकार्ड होस्ट कर सकता है, जिससे निरंतर जवाबदेही सुनिश्चित होती है। यह इस चिंता को कम करता है कि ONOE शासन पर मतदाता की निगरानी को कम करता है।
- **आकस्मिक चुनाव निधि की स्थापना:** सरकार के पतन के कारण अप्रत्याशित चुनावों से निपटने के लिये विशेष रूप से आकस्मिक निधि बनाए जाने चाहिये।
  - इस निधि का प्रबंधन चुनाव आयोग द्वारा किया जाएगा और इसका उपयोग सिंक्रोनाइजेशन प्रयासों को बाधित किये बिना मध्य-चक्र चुनाव या उपचुनावों का प्रबंधन करने के लिये किया जाएगा।
  - इससे आपातकालीन स्थितियों के दौरान वित्तीय तनाव से बचा जा सकता है और साथ ही ONOE समय-सीमा को बरकरार रखा जा सकता है।
- **डिजिटल वोटिंग प्लेटफॉर्म का क्रमिक एकीकरण:** NRI या शहरी प्रवासियों जैसे कुछ श्रेणियों के मतदाताओं के लिये सुरक्षित डिजिटल वोटिंग तंत्र पेश किये जाने चाहिये।
  - डिजिटल वोटिंग से लॉजिस्टिक बोझ कम हो सकता है और सिंक्रोनाइज्ड चुनावों में व्यापक भागीदारी हो सकती है।
  - **एस्टोनिया का वर्ष 2005 का डिजिटल वोटिंग मॉडल** एक बेंचमार्क के रूप में काम कर सकता है। यह नवाचार समावेशिता को बढ़ाता है और भौतिक संसाधन आवश्यकताओं को कम करता है।

निष्कर्ष:

"एक राष्ट्र, एक चुनाव" प्रस्ताव भारत के चुनावी परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य अधिक दक्षता, कम लागत और सुव्यवस्थित शासन लाना है। ONOE के कार्यान्वयन के लिये सावधानीपूर्वक योजना, विधायी संशोधन और संघीय स्वायत्तता को राष्ट्रीय हितों के साथ संतुलित करने की क्षमता

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

की आवश्यकता होगी। वैश्विक उदाहरणों से सीखकर और चरणबद्ध दृष्टिकोण अपनाकर, यह सुनिश्चित करते हुए कि सुधार एक अधिक सुसंगत एवं कार्यात्मक चुनावी प्रणाली की ओर ले जाएँ, भारत इन चुनौतियों का समाधान कर सकता है।

■■■

वैश्वीकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता में संतुलन

वैश्वीकरण का विकास जारी है, जो **वित्तीय संकटों, महामारी और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद उल्लेखनीय समुत्थानशीलता** प्रदर्शित करता है। **भारत एक ऐसे महत्त्वपूर्ण मोड़ पर** है, जहाँ इसकी **आर्थिक क्षमता आंशिक रूप से साकार** हुई है, फिर भी **कम श्रम भागीदारी, आयात प्रतिबंध और सामाजिक-राजनीतिक जटिलताओं** जैसी चुनौतियों से बाधित है। **स्वतंत्रता काल के दौरान 2% से वर्ष 2023 में 7.93% तक** अपनी वैश्विक आर्थिक हिस्सेदारी बढ़ाने के बावजूद, वैश्विक अर्थव्यवस्था में देश का भविष्य **अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक एकीकरण के साथ आत्मनिर्भरता के संतुलन पर** टिका हुआ है।

भारत में वैश्वीकरण के प्रमुख चरण क्या हैं?

- **पूर्व-औपनिवेशिक काल (प्राचीन और मध्यकालीन भारत):**
  - **समृद्ध व्यापार:** भारत एक प्रमुख वैश्विक व्यापार केंद्र था, जो **सिल्क रोड** और **हिंद महासागर व्यापार नेटवर्क** के माध्यम से मसालों, वस्त्रों तथा रत्नों का निर्यात करता था (रोमन बाज़ारों में **उत्तम भारतीय मलमल की** बहुत मांग थी)।
  - **सांस्कृतिक आदान-प्रदान:** व्यापार और यात्रा के माध्यम से **बौद्ध धर्म का** भारत से **चीन, जापान एवं दक्षिण पूर्व एशिया तक विस्तार हुआ।**
  - **वैज्ञानिक योगदान:** भारतीय ज्ञान, जैसे **दशमलव प्रणाली का प्रसार अरब व्यापारियों के माध्यम से विश्व स्तर पर हुआ।**
- **औपनिवेशिक युग (18वीं - 20वीं शताब्दी):**
  - **आर्थिक पुनर्गठन: भारत** ब्रिटिश उद्योगों के लिये कच्चे माल (जैसे- **कपास**) के आपूर्तिकर्त्ता के रूप में परिवर्तित हो गया।
    - **उदाहरण:** तैयार उत्पाद का आयात करते हुए **ब्रिटेन को कपास और नील** का निर्यात।
  - **बुनियादी अवसंरचना का विकास:** रेलवे और बंदरगाहों का विकास किया गया, लेकिन इससे औपनिवेशिक हितों को लाभ मिला।
    - **उदाहरण: मुंबई बंदरगाह** ब्रिटिश साम्राज्य के लिये एक प्रमुख व्यापार केंद्र बन गया।
- **स्वतंत्रता के बाद संरक्षणवाद (वर्ष 1947-1991):**
  - **आर्थिक अलगाव: आयात प्रतिस्थापन** और **पंचवर्षीय योजनाओं** जैसी नीतियों के तहत **आत्मनिर्भरता** पर ध्यान केंद्रित किया गया।
    - **उदाहरण:** आर्थिक संप्रभुता के लिये **BHEL** और **LIC जैसे सार्वजनिक उपक्रमों** की स्थापना की गई।
  - **सीमित विदेशी संपर्क: व्यापार और FDI प्रतिबंधित थे;** भारत वैश्विक बाज़ारों से बहुत हद तक अलग-थलग था।
  - **चुनौतियाँ:** अकुशल उद्योग, **कम वृद्धि (जिसे "हिंदू विकास दर" कहा जाता है) और कम निर्यात** होते थे।
- **आर्थिक सुधार और उदारीकरण (वर्ष 1991 से आगे):**
  - **ट्रिगर: भुगतान संतुलन के गंभीर संकट** के कारण **मनमोहन सिंह** के मार्गदर्शन में **नरसिम्हा राव सरकार** के तहत व्यापक सुधार किये गए।
- **प्रमुख नीतियाँ:**
  - टैरिफ और व्यापार बाधाओं में कमी।
  - कुछ क्षेत्रों में **100% FDI** की अनुमति।
  - निजीकरण और बाज़ार-संचालित नीतियों की ओर बदलाव।
- **21वीं सदी में वैश्वीकरण (वर्ष 2000 के बाद):**
  - **डिजिटल एकीकरण:** भारत एक वैश्विक **IT आउटसोर्सिंग केंद्र के रूप में उभरा** है, जो फॉर्च्यून 500 कंपनियों को सेवाएँ प्रदान कर रहा है।
  - **आर्थिक साझेदारियाँ: विश्व व्यापार संगठन, BRICS** और **G20** जैसे बहुपक्षीय मंचों में भूमिका में वृद्धि।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **सांस्कृतिक आदान-प्रदान:** बॉलीवुड फिल्मों और भारतीय व्यंजनों को वैश्विक मान्यता मिली। (**स्लमडॉग मिलियनेयर** जैसी फिल्मों ने भारतीय संस्कृति को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाया)।
- **स्टार्ट-अप क्रांति: ओला, फ्लिपकार्ट** और **BYJU जैसे भारतीय स्टार्ट-अप** का वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र में एकीकरण।

- **पोस्ट-कोविड-19 और आत्मनिर्भर भारत:**
  - **आर्थिक राष्ट्रवाद:** महामारी ने आपूर्ति श्रृंखला की कमज़ोरियों को उजागर किया, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला। (**PLI योजनाओं के तहत स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा**)
  - **डिजिटल वैश्वीकरण:** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म ने वैश्विक फिनटेक प्रणालियों में क्रांति ला दी है। (**सिंगापुर और UAE जैसे देशों के साथ UPI साझेदारी**)।

भारत पर वैश्वीकरण के प्रमुख सकारात्मक प्रभाव क्या हैं?

- **आर्थिक विकास और रोज़गार सृजन:** वैश्वीकरण ने भारत को वैश्विक बाज़ारों में एकीकृत करके, **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) तक पहुँच** को सक्षम करके और **IT तथा फार्मास्यूटिकल्स जैसे निर्यात-संचालित उद्योगों का विस्तार** करके भारत की **GDP वृद्धि को महत्त्वपूर्ण रूप से बढ़ावा** दिया है।
  - उदाहरण के लिये, भारत का IT निर्यात **वित्त वर्ष 2023 में 194 बिलियन डॉलर** तक पहुँच गया, जिससे यह **विश्व का सबसे बड़ा IT आउटसोर्सिंग हब** बन गया, जबकि **वित्त वर्ष 2022 में FDI प्रवाह रिकॉर्ड 83.57 बिलियन डॉलर** तक पहुँच गया।
  - इससे लाखों नौकरियों का सृजन हुआ है, विशेषकर बंगलूरू और हैदराबाद जैसे शहरी केंद्रों में।
- **तकनीकी उन्नति और नवाचार:** वैश्वीकरण ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के आगमन को सुगम बनाया है, जिससे अंतरिक्ष, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा मिला है।
  - **ISRO की विशेषज्ञता और लागत प्रभावी प्रक्षेपण तकनीकों** ने कई विदेशी देशों को आकर्षित किया है। अपने **वाणिज्यिक प्रभागों के माध्यम से, ISRO ने** विभिन्न देशों के लिये लगभग **430 विदेशी उपग्रहों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया** है।
    - **वर्ष 2023 में अपने चंद्रयान- 3 मिशन** के साथ इसने वैश्विक ख्याति प्राप्त की और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया।
  - **इसी प्रकार, UPI** के नेतृत्व में डिजिटल भुगतान प्रणालियों के अंगीकरण से **सितंबर 2023 में 10.58 बिलियन लेन-देन** दर्ज किये गए, जिससे भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी में अग्रणी के रूप में सामने आया।
- **उन्नत जीवन स्तर:** वैश्वीकरण के उदय ने लाखों भारतीयों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाया है, विशेष रूप से वैश्विक ब्रांडों तक पहुँच, बेहतर स्वास्थ्य सेवा और उच्च आय के माध्यम से।
  - IMF के अनुमान के अनुसार, प्रति व्यक्ति आय **2,730 डॉलर तक पहुँचने में 75 वर्ष लग गए,** जबकि **इसमें 2,000 डॉलर और जोड़ने में केवल पाँच वर्ष लगेंगे।**
  - मध्यम वर्ग की संख्या सत्र 2020-21 में 432 मिलियन से बढ़कर **सत्र 2030-31 में 715 मिलियन (47%)** हो जाने की उम्मीद है।
- **सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सॉफ्ट पावर संवर्द्धन:** वैश्वीकरण ने वैश्विक स्तर पर भारत के सांस्कृतिक प्रभाव को बढ़ाया है, जिससे इसकी कला, भोजन और परंपराओं को बढ़ावा मिला है, जबकि घरेलू स्तर पर वैश्विक विविधता को अपनाया गया है।
  - **ए.आर. रहमान** के संगीत के साथ विदेशी निर्देशक द्वारा निर्देशित **स्लमडॉग मिलियनेयर** और **वर्ष 2023 में ऑस्कर जीतने वाली RRR** जैसी फिल्मों ने विश्व मंच पर **भारत की सिनेमाई प्रतिभा का प्रदर्शन** किया है।
    - **इसी प्रकार, स्पाइडर-मैन और जुरासिक वर्ल्ड** में अभिनय करने वाले **इरफान खान** जैसे अभिनेताओं की अंतर्राष्ट्रीय सफलता ने भारत की सांस्कृतिक पहुँच को और सुदृढ़ किया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इसके अतिरिक्त, भारतीय व्यंजनों की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति से पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है।

- **उद्यमशीलता और स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र में वृद्धि:** वैश्विक एकीकरण ने भारत के स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित किया है तथा नवाचार, वित्तपोषण और वैश्विक बाज़ार तक पहुँच को बढ़ावा दिया है।
  - भारत **विश्व स्तर पर** तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप हब बन गया।
  - भारतीय स्टार्टअप्स ने **वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 2.3 बिलियन डॉलर से अधिक की धनराशि** जुटाई, जिसमें स्टार्ट-अप इंडिया जैसी पहल ने **युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा** दिया।
- **मज़बूत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक कूटनीति:** वैश्वीकरण ने भारत को एक व्यापार महाशक्ति में बदल दिया है, जिससे वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में उसका एकीकरण संभव हो गया है।
  - G20 और **FTA (जैसे, वर्ष 2022 में** UAE CEPA **)** में भारत की सक्रिय भागीदारी ने इसके **वैश्विक आर्थिक प्रभाव** एवं **व्यापार प्रतिस्पर्द्धा** को बढ़ाया है।
- **उन्नत बुनियादी अवसंरचना और शहरीकरण:** वैश्वीकरण ने भारत के बुनियादी अवसंरचना में निवेश को बढ़ावा दिया है, शहरों का आधुनिकीकरण किया है और स्मार्ट शहरी केंद्रों का निर्माण किया है।
  - भारत 100 स्मार्ट शहरों **का विकास** कर रहा है। विदेशी प्रौद्योगिकी द्वारा समर्थित **दिल्ली और मुंबई** जैसे शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं ने शहरी गतिशीलता को बढ़ाया है।
- **सुदृढ़ रक्षा और सामरिक क्षमताएँ:** वैश्वीकरण ने भारत को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से अपने रक्षा क्षेत्र को आधुनिक बनाने और अपनी सामरिक स्थिति को बढ़ाने में सक्षम बनाया है।
  - फ्राँस से राफेल जेट विमानों की खरीद के साथ **वित्त वर्ष 2023-24 में** रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया।
- **पर्यावरण सहयोग और नवीकरणीय ऊर्जा विकास:** वैश्वीकरण ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में भारत के सहयोग को बढ़ावा दिया है।
  - **121 देशों के साथ साझेदारी में शुरू की गई** अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) जैसी पहल, भारत को सतत् विकास में अग्रणी बनाती है।
- **वैश्विक व्यापार को नया स्वरूप देने के लिये कनेक्टिविटी:** **अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा** और **चेन्नई-व्लादिवोस्तोक गलियारा** जैसी भारत-रूस कनेक्टिविटी परियोजनाएँ पारंपरिक मार्गों को दरकिनार करती हैं, जिससे अस्थिर समुद्री चोकपॉइंट्स पर निर्भरता कम होती है।
  - ये मार्ग **रसद दक्षता को बढ़ाते हैं** और **व्यापार समय को कम करते हैं।**
  - **INSTC शिपिंग समय को 40% तक कम** करता है, जबकि **चेन्नई-व्लादिवोस्तोक कॉरिडोर पारगमन दिनों को 40 से घटाकर 24 कर देता है,** जिससे द्विपक्षीय व्यापार दक्षता को बढ़ावा मिलता है।



- **बहुपक्षीय मंचों में भू-राजनीतिक तालमेल:** भारत और रूस **बहुध्रुवीय विश्व के लिये एक दृष्टिकोण साझा** करते हैं तथा पश्चिमी प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिये **BRICS**, **शंघाई सहयोग संगठन (SCO)** तथा **G20** जैसे मंचों पर सहयोग करते हैं।
  - वे डॉलर के वर्चस्व को कम करने के लिये स्थानीय मुद्रा व्यापार का समर्थन करते हैं। **BRICS शिखर सम्मेलन 2024** में, भारत और रूस ने वैकल्पिक वित्तीय प्रणालियों पर ज़ोर दिया, जो भारत के रुपया-मूल्यवान व्यापार के लिये जोर के साथ संरेखित है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष सहयोग:** साझेदारी **AI, जैव प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण** जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों तक फैली हुई है, जो **एक दूरदर्शी आयाम** को दर्शाती है। भारत और रूस **संयुक्त रूप से उपग्रह नेविगेशन तथा चंद्र मिशन** को बढ़ाते हैं।
  - **GLONASS उपग्रह नेविगेशन** पर साझेदारी उच्च तकनीक तालमेल को प्रदर्शित करती है।
  - **वर्ष 2024 में,** भारत और रूस ने **चंद्र तथा मानव अंतरिक्ष मिशनों** सहित उन्नत अंतरिक्ष अनुसंधान पर सहयोग करने की प्रतिबद्धताओं को नवीनीकृत किया।

रूस के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने में भारत के समक्ष क्या चुनौतियाँ हैं?

- **पश्चिमी देशों और रूस के साथ संबंधों में सामंजस्य:** भारत के **अमेरिका और यूरोपीय संघ** के साथ बढ़ते संबंध, विशेष रूप से **क्वाड जैसे मंचों तथा यूरोपीय संघ तथा ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौतों की वार्ता** के माध्यम से, रूस के साथ उसके संबंधों को जटिल बनाते हैं।
  - रूस के विरुद्ध प्रतिबंधों का समर्थन करने के **पश्चिमी दबाव के परिणामस्वरूप भारत की सामरिक स्वायत्तता खतरे में** है।
  - पश्चिमी देशों की आलोचना के बावजूद, रूस वर्ष 2023 में भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्त्ता रहा। **रूस से ऊर्जा आपूर्ति** की भारत की वृहद् खरीद ने **अमेरिकी अधिकारियों को चिंतित कर दिया** है, जिन्होंने **'परिणामों' की धमकी** भी दी है, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे **भारत के तेल आयात पर 'लाल रेखाएँ' नहीं** लगाएंगे।
- **व्यापार घाटे का प्रबंधन: रूस के साथ भारत का व्यापार** बहुत अधिक विषम है, आयात (अधिकतर तेल और उर्वरक) **निर्यात से बहुत अधिक** है, जिससे एक महत्त्वपूर्ण व्यापार असंतुलन होता है। निर्यात का सीमित विविधीकरण इस मुद्दे को और जटिल बनाता है।
  - वित्त वर्ष 2023-24 में, रूस को भारत का निर्यात 4.26 बिलियन डॉलर रहा, जबकि **आयात 61.44 बिलियन डॉलर** तक पहुँच गया, जिसके परिणामस्वरूप **57.18 बिलियन डॉलर का व्यापार घाटा** हुआ।
  - हालाँकि **दवा निर्यात में 42.7% की वृद्धि** हुई, लेकिन अंतर को कम करने के लिये अपर्याप्त है।
- **वित्तीय और रसद संबंधी चुनौतियाँ:** रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों ने भारत-रूस व्यापार के लिये वित्तीय लेन-देन, निवेश और रसद को जटिल बना दिया है, जिससे लागत एवं अनिश्चितता बढ़ गई है।
  - **रुपया-रूबल व्यापार** जैसी व्यवस्थाओं को **क्रियान्वयन संबंधी चुनौतियों का सामना** करना पड़ रहा है।
  - स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिये वोस्ट्रो खाता प्रणाली बनाई गई थी, लेकिन द्वितीयक प्रतिबंधों के भय से **निजी बैंकों** की अनिच्छा के कारण इसका **अंगीकरण धीमा रहा है।**
- **रूस-चीन निकटता को समझना:** रूस का **चीन के साथ बढ़ता गठबंधन**, विशेष रूप से **आर्कटिक और ऊर्जा परियोजनाओं** में, **भारत के लिये रणनीतिक दुविधाएँ** प्रस्तुत करता है।
  - रूस के सुदूर पूर्व में **चीन का बढ़ता प्रभाव** भारत की कनेक्टिविटी महत्त्वाकांक्षाओं को भी प्रभावित करता है।
  - वर्ष 2023 में रूस-चीन व्यापार आर्कटिक में प्रमुख निवेश के साथ $200 बिलियन से अधिक हो गया। जबकि भारत ने **चेन्नई-व्लादिवोस्तोक कॉरिडोर को चालू कर दिया** है, उत्तरी समुद्री मार्ग में चीन की भागीदारी भारत की पहुँच को सीमित कर सकती है।
- **बहुपक्षीय दबाव और मतदान से परहेज:** यूक्रेन जैसे वैश्विक संकटों पर अलग-अलग रुख के कारण भारत का संतुलन बिगड़ गया है, जहाँ भारत की तटस्थ स्थिति **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** जैसी **बहुपक्षीय संस्थाओं की अपेक्षाओं के विपरीत** है।
  - उदाहरण के लिये, जुलाई 2024 में, भारत ने संयुक्त राष्ट्र के उस प्रस्ताव से परहेज किया जिसमें **रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता बंद करने** और **ज़पोरिज़िया परमाणु संयंत्र से हटने की मांग** की गई थी। इससे **भारत की कूटनीतिक भागीदारी ध्रुवीकृत** हो गई।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- वर्ष 2024 के G20 शिखर सम्मेलन में, भारत ने तटस्थता बनाए रखते हुए रूस की निंदा करने से परहेज किया।

- **मध्य एशिया में भू-राजनीतिक अनिश्चितता:** भारत की रणनीतिक पहल, जैसे INSTC, **मध्य एशिया** (एक ऐसा क्षेत्र जो हाल ही में **चीनी उपस्थिति से काफी प्रभावित** हो रहा है) **के माध्यम से स्थायी कनेक्टिविटी** पर निर्भर करती है।
  - इन राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता भारत की पहुँच को जटिल बनाती है। उदाहरण के लिये, INSTC व्यापार की मात्रा में **ईरान के आंतरिक व्यवधानों** और इस गलियारे के लिये एक **प्रमुख पारगमन देश कज़ाकिस्तान में भू-राजनीतिक तनाव** के कारण **विलंब का सामना** करना पड़ता है।

भारत अस्त-व्यस्त वैश्विक व्यवस्था के बीच रूस के साथ संबंधों को संतुलित करने के लिये क्या उपाय अपना सकता है?

- ऊर्जा से परे आर्थिक जुड़ाव में विविधता लाना: भारत को प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स और कृषि जैसे क्षेत्रों का लाभ उठाकर **तेल एवं रक्षा से परे रूस के साथ व्यापार का विस्तार** करना चाहिये।
  - भारत-यूरेशियन आर्थिक संघ (EAEU) मुक्त व्यापार समझौते में तेज़ी लाने और निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने से गैर-ऊर्जा व्यापार को बढ़ावा मिल सकता है।
  - मशीनरी और रसायन जैसे क्षेत्रों में **सुव्यवस्थित व्यापार तंत्र के तहत** आगे विस्तार की संभावना दिखाई देती है।
- **मेक इन इंडिया के तहत रक्षा सह-विकास को बढ़ावा:** भारत रूस के साथ अपनी रक्षा **साझेदारी को खरीद से सह-विकास में बदल सकता है,** जो मेक इन इंडिया लक्ष्यों के साथ संरेखित संयुक्त उद्यमों पर केंद्रित है।
  - **सह-उत्पादन न केवल प्रौद्योगिकी अंतरण** सुनिश्चित करता है **बल्कि निर्भरता को भी कम करता है,** जो भारत के वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र बनने के लक्ष्य के साथ संरेखित है।
- **आर्कटिक सहयोग और ऊर्जा सुरक्षा पहल का विस्तार:** भारत को रूस के साथ संयुक्त आर्कटिक परियोजनाओं में शामिल होना चाहिये, जो **उत्तरी समुद्री मार्ग (NSR) के माध्यम से ऊर्जा अन्वेषण और शिपिंग** पर केंद्रित है।
  - **LNG अवसंरचना और ध्रुवीय नेविगेशन प्रशिक्षण** में निवेश भारत के दीर्घकालिक ऊर्जा एवं व्यापार हितों को सुरक्षित करेगा।
  - **अक्तूबर 2024 आर्कटिक सहयोग कार्यसमूह** ने ऊर्जा संसाधनों के आयात के लिये **NSR का प्रयोग करने के भारत के उद्देश्य** पर प्रकाश डाला, जिससे रणनीतिक और आर्थिक लाभ मिल सके।
- **सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान को बढ़ावा:** सांस्कृतिक कूटनीति और लोगों के बीच संबंधों का विस्तार दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत कर सकता है।
  - **रूस में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र** स्थापित करने और **रूसी छात्रों को भारत में अध्ययन करने के लिये प्रोत्साहित करने** जैसी पहल **सद्भावना का निर्माण** कर सकती हैं।
  - वर्ष 2024 में **भारत द्वारा कज़ान और एकातेरिनबर्ग में दो नए वाणिज्य दूतावासों की घोषणा** गहन शैक्षिक तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिये एक मंच प्रदान करती है।
- **अक्षय ऊर्जा सहयोग पर ध्यान:** भारत को **सौर, पवन और हाइड्रोजन सहित अक्षय ऊर्जा में संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा** देकर रूस के साथ अपनी ऊर्जा साझेदारी में विविधता लानी चाहिये।
  - यह रूस के साथ अपने ऊर्जा सहयोग को बनाए रखते हुए **भारत के हरित संक्रमण लक्ष्यों के अनुरूप** है।
  - भारत का **अक्षय ऊर्जा क्षेत्र 250 बिलियन डॉलर से अधिक निवेश** आकर्षित करने के लिये तैयार है, जो रूस को भारत की **हरित ऊर्जा महत्त्वाकांक्षाओं में भागीदार** बनने के लिये पर्याप्त अवसर प्रदान करता है।
- **क्षेत्र-विशिष्ट रणनीतियों के माध्यम से व्यापार घाटे को कम करना:** व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिये, भारत को उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये जहाँ उसे प्रतिस्पर्द्धात्मक लाभ हैं, जैसे कि IT सेवाएँ, वस्त्र और खाद्य प्रसंस्करण।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- भारतीय निर्यातकों के लिये **रूस में विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ)** स्थापित करने से निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है।

- **सामरिक कूटनीति के साथ रूस-चीन गतिशीलता को नेविगेट करना:** भारत को यह सुनिश्चित करने के लिये रूस के साथ युक्तिपूर्वक जुड़ना चाहिये कि **रूस-चीन संबंधों के कारण उसके रणनीतिक हित प्रभावित न हों।**
  - **आर्कटिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, दुर्लभ मृदा तत्त्व और अंतरिक्ष अन्वेषण** जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में वैकल्पिक निवेश एवं सहयोग की पेशकश भारत की प्रासंगिकता बनाए रख सकती है।
- **उर्वरक उत्पादन में संयुक्त उद्यम स्थापित करना:** भारत **कच्चे माल के निष्कर्षण में रूसी विशेषज्ञता का लाभ** उठाते हुए आयात पर अपनी निर्भरता कम करने के लिये भारत में उर्वरक **विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने में रूसी निवेश** को आमंत्रित कर सकता है।
  - वर्ष 2023 में, रूस से भारत के **आयात में उर्वरकों की हिस्सेदारी 2.63 बिलियन डॉलर** थी। उत्पादन को स्थानीय बनाने से लागत में कमी आएगी और भारत की कृषि आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।
- **साइबर सुरक्षा और डिजिटल सहयोग को बढ़ावा देना:** डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर बढ़ती वैश्विक निर्भरता को देखते हुए, भारत **साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क, AI अनुसंधान और डिजिटल बुनियादी अवसंरचना को मज़बूत करने के लिये रूस के साथ साझेदारी** कर सकता है।
  - **डेटा सुरक्षा प्रौद्योगिकियों में संयुक्त उद्यम** द्विपक्षीय संबंधों में विविधता लाते हुए पारस्परिक लाभ सुनिश्चित कर सकते हैं।
  - साइबर सुरक्षा उपकरणों में **रूस की विशेषज्ञता** भारत की बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था का पूरक है।
- **रणनीतिक पर्यटन गठबंधनों को बढ़ावा देना:** भारत और रूस विशेष यात्रा पैकेज, संयुक्त सांस्कृतिक उत्सव तथा **सरलीकृत वीज़ा प्रक्रियाएँ बनाकर द्विपक्षीय पर्यटन** को बढ़ावा दे सकते हैं।
  - सीधे हवाई मार्गों और पर्यटन विपणन अभियानों का विस्तार **लोगों से लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा** दे सकता है।
- **यूरेशियन अध्ययनों पर केंद्रित अकादमिक अनुसंधान केंद्र बनाना:** भारत **रूसी राजनीति, संस्कृति और अर्थशास्त्र पर अध्ययन को बढ़ावा** देने के लिये **यूरेशियन अनुसंधान केंद्र** स्थापित कर सकता है।
  - ये केंद्र भारतीय नीति-निर्माताओं और व्यवसायों को रूस व उसके पड़ोसियों के बारे में **सूचित निर्णय लेने के लिये मार्गदर्शन** कर सकते हैं।
  - **जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और रूसी विश्वविद्यालयों जैसे संस्थानों के बीच साझेदारी** विद्वानों के आदान-प्रदान को बढ़ा सकती है, जिससे क्षेत्र की गहन समझ में योगदान मिल सकता है।

निष्कर्ष:

भारत-रूस संबंध बदलती वैश्विक व्यवस्था के बीच भारत की रणनीतिक विदेश नीति की आधारशिला है। यद्यपि **रक्षा, ऊर्जा और बहुपक्षीय कूटनीति जैसे क्षेत्रों में साझेदारी** लगातार बढ़ रही है, फिर भी व्यापार असंतुलन, रसद बाधाओं एवं रूस की चीन के साथ बढ़ती निकटता जैसी चुनौतियों से सावधानीपूर्वक निपटने की आवश्यकता है। आर्थिक संबंधों में विविधता लाकर, कनेक्टिविटी बढ़ाकर और उभरते क्षेत्रों में संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा देकर, भारत यह सुनिश्चित कर सकता है कि रूस के साथ उसके संबंध मज़बूत बने रहें एवं वैश्विक कूटनीति में सकारात्मक योगदान दें।

खाड़ी देशों के साथ भारत का रणनीतिक सहयोग

भारत और कुवैत ने अपने सदियों **पुराने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदल दिया** है, जो चार दशकों में **किसी भारतीय प्रधानमंत्री की कुवैत की पहली यात्रा** है। यह साझेदारी पारंपरिक ऊर्जा व्यापार गतिशीलता से आगे निकल गई है, जिसमें कुवैत के पास **वैश्विक तेल भंडार का 6.5% हिस्सा** है और यह **भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्त्ता** है, जिसमें रक्षा सहयोग, प्रौद्योगिकी अंतरण और बुनियादी अवसंरचना का विकास शामिल है। यह रणनीतिक उन्नयन खाड़ी क्षेत्र **में व्यापक भू-**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

राजनीतिक बदलावों को दर्शाता है, जहाँ भारत का बढ़ता आर्थिक और कूटनीतिक प्रभाव क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि के लिये तेजी से महत्त्वपूर्ण हो गया है।

खाड़ी क्षेत्र क्या है?

- **खाड़ी क्षेत्र के संदर्भ में: खाड़ी क्षेत्र,** जिसे **फारस की खाड़ी क्षेत्र** या **अरब की खाड़ी क्षेत्र** के रूप में भी जाना जाता है, **फारस की खाड़ी** के आसपास के क्षेत्र को संदर्भित करता है, जो **अरब प्रायद्वीप और दक्षिण-पश्चिमी ईरान** के बीच स्थित हिंद महासागर का एक सीमांत सागर है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट :

- **खाड़ी क्षेत्र की मुख्य विशेषताएँ:**
  - **भूगोल:** इसमें फारस की खाड़ी के सीमावर्ती देश शामिल हैं: **बहरीन, ईरान, इराक, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब** और **संयुक्त अरब अमीरात (UAE)**।
- **सामरिक महत्त्व:** फारस की खाड़ी **होर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से ओमान की खाड़ी** और **अरब सागर** से जुड़ी हुई है, जो वैश्विक तेल परिवहन के लिये एक महत्त्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।
  - खाड़ी **भू-राजनीतिक तनावों का केंद्र** है, जिसमें **अमेरिका और ईरान के बीच विवाद, सऊदी-ईरान प्रतिद्वंद्विता** और **यमन गृह युद्ध** शामिल हैं।
- **आर्थिक विविधीकरण के प्रयास:** **सऊदी अरब और UAE** जैसे देश प्रौद्योगिकी, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के माध्यम से तेल पर निर्भरता कम करने के लिये आर्थिक विविधीकरण योजनाओं (जैसे, **सऊदी अरब का विज़न- 2030**) **का अनुसरण** कर रहे हैं।
- **वैश्विक प्रभाव:** खाड़ी देश **पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC), G-20 और संयुक्त राष्ट्र** जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में प्रभावशाली भागीदार हैं।
  - वे महत्त्वपूर्ण व्यापारिक एवं वित्तीय केंद्र (जैसे, **दुबई, अबू धाबी, दोहा**) हैं और वहाँ विशेष रूप से दक्षिण एशिया से बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिक रहते हैं।

भारत के लिये खाड़ी क्षेत्र का क्या महत्त्व है?

- **ऊर्जा सुरक्षा:** खाड़ी क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिये महत्त्वपूर्ण है, जिसने सत्र **2022-23 में भारत की कच्चे तेल की मांग की 55.3%** की पूर्ति की है और यूक्रेन युद्ध के बाद रूसी आयात में वृद्धि के कारण आई गिरावट से उबर रहा है।
  - हाल के समझौते, जैसे कि **कतर के साथ वर्ष 2048 तक प्रतिवर्ष 7.5 मिलियन टन LNG** आयात करने के लिये 78 बिलियन डॉलर का समझौता, आर्थिक विकास और ऊर्जा परिवर्तन को बनाए रखने के लिये खाड़ी संसाधनों पर भारत की निर्भरता को रेखांकित करते हैं।
- **व्यापार और आर्थिक संबंध:** खाड़ी भारत का सबसे बड़ा क्षेत्रीय व्यापारिक साझेदार है, जिसने **वित्त वर्ष 2022-23 में कुल व्यापार में 15.8% का योगदान** दिया, जो **यूरोपीय संघ** के साथ व्यापार से अधिक है।
  - संयुक्त अरब अमीरात भारत का **तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** है, तथा सऊदी अरब **भारत के बुनियादी अवसंरचना** और **विनिर्माण क्षेत्रों में चौथे स्थान पर** है।
  - इन सहयोगों के परिणामस्वरूप **विश्वास-निर्माण** हुआ है, जिसका **उदाहरण 44 बिलियन डॉलर की रत्नागिरी रिफाइनरी** जैसी संयुक्त अवसंरचना परियोजनाएँ और **क्षेत्रीय स्थिरता पर सक्रिय वार्ता है।**
- **प्रवासी और धन प्रेषण:** लगभग **8.8 मिलियन भारतीय** खाड़ी देशों में रहते हैं, जो क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं तथा भारत में **प्रतिवर्ष लगभग 60 बिलियन डॉलर का धन प्रेषण** करते हैं।
  - यह प्रवासी आबादी भारत-खाड़ी संबंधों में एक महत्त्वपूर्ण सेतु का काम करती है, विशेषकर **कोविड-19 महामारी जैसे संकट के दौरान, जब भारत ने वंदे भारत मिशन** के तहत प्रत्यावर्तन की सुविधा प्रदान की थी।
- **सामरिक और रक्षा सहयोग:** **डेज़र्ट फ्लैग (UAE) जैसे द्विपक्षीय अभ्यास** और **भारत-फ्राँस- UAE हवाई युद्ध अभ्यास (डेज़र्ट नाइट) जैसे त्रिपक्षीय सहयोग** के साथ रक्षा संबंध प्रगाढ़ हो रहे हैं।
  - प्रमुख समुद्री चौकियों से खाड़ी की निकटता, **अदन की खाड़ी और अरब सागर की** सुरक्षा के लिये भारत की **"मिशन-आधारित नौसैनिक तैनाती" में इसके महत्त्व** को सुनिश्चित करती है।
- **उभरते भू-आर्थिक फ्रेमवर्क:** भारत **कनेक्टिविटी बढ़ाने और व्यापार मार्गों में विविधता लाने** के लिये **भारत-इज़रायल- UAE-यूएसए (I2U2)** और **भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर (IMEC)** जैसी पहलों में **सक्रिय रूप से भाग ले रहा** है।
  - **हमास-इज़रायल युद्ध** की चुनौतियों के बावजूद, ये रूपरेखाएँ **क्षेत्र में भारत के बढ़ते भू-आर्थिक प्रभाव का प्रतीक** हैं।
- **गैर-तेल व्यापार और प्रौद्योगिकी:** भारत और खाड़ी क्षेत्र व्यापार में विविधता ला रहे हैं, जिसमें **प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्र** केंद्र बिन्दु के रूप में उभर रहे हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- उदाहरणों में **'मेड इन इंडिया' ऑटोमोबाइल** का बढ़ता निर्यात और UAE का **15.3 बिलियन डॉलर का FDI** शामिल है, जो इसे भारत में निवेश का **7वाँ सबसे बड़ा स्रोत** बनाता है।
- इसके अलावा, हाल ही में वर्ष 2024 **IPL की नीलामी सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित** की गई थी, जो पहली बार देश में इस पैमाने का क्रिकेट आयोजन आयोजित किया गया था।

भारत और खाड़ी के बीच टकराव के प्रमुख क्षेत्र कौन-से हैं?

- **भू-राजनीतिक संरेखण और भिन्न हित: I2U2 (भारत-इज़रायल- UAE-USA)** में भागीदारी और रक्षा सहयोग सहित इज़रायल के साथ भारत के बढ़ते संबंध, कभी-कभी फिलिस्तीन मुद्दे के प्रति संवेदनशील खाड़ी देशों के बीच असहजता उत्पन्न करते हैं।
  - जबकि भारत ने **द्वि-राज्य समाधान का समर्थन** किया है, विशेष रूप से **वर्ष 2023 के हमास-इज़रायल युद्ध** के दौरान खाड़ी देशों द्वारा **इज़रायल की कार्रवाइयों की आलोचना,** भारत के अधिक तटस्थ रुख के विपरीत है जिससे रणनीतिक तनाव उत्पन्न होने का खतरा है।
  - उदाहरण के लिये, भारत ने **गाज़ा में युद्ध विराम के लिये संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया,** इस निर्णय पर खाड़ी भागीदारों की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रिया आई।
- **ऊर्जा आपूर्ति की कमज़ोरियाँ:** यूक्रेन युद्ध के बाद भारत द्वारा तेल आयात में विविधता लाने से, जिसमें **वर्ष 2024 में भारत के कच्चे तेल के आयात का 55% हिस्सा रूस द्वारा पूरा किया जा रहा है,** खाड़ी देशों की हिस्सेदारी कम हो गई है।
  - जबकि मध्य पूर्व के तेल आयात में वर्ष 2023 के मध्य में वृद्धि हुई है, खाड़ी आपूर्तिकर्त्ताओं को प्रतिस्पर्द्धा का सामना करना पड़ रहा है, जिससे **भारत के ऊर्जा बाज़ार पर उनका पारंपरिक प्रभुत्व प्रभावित** हो रहा है।
    - **जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन साझेदारी** पर भारत का ध्यान, भारत के ऊर्जा परिदृश्य में खाड़ी की भूमिका को और कम कर सकता है।
- **व्यापार और FTA वार्ता में गतिरोध:** वर्ष 2022 में **खाड़ी सहयोग परिषद (GCC)** के साथ **मुक्त व्यापार समझौते (FTA)** के लिये वार्ता को पुनर्जीवित करने की घोषणाओं के बावजूद, टैरिफ कटौती और गैर-तेल व्यापार विविधीकरण पर असहमति के कारण प्रगति धीमी रही है।
  - GCC के साथ व्यापार **भारत के कुल व्यापार का 15.8%** है, लेकिन फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों को **मूल्य निर्धारण नीतियों** और **बाज़ार अभिगम प्रतिबंधों सहित बाधाओं का सामना** करना पड़ता है।
- **समुद्री सुरक्षा और रणनीतिक अंतराल: जबकि भारत** अरब सागर में **समुद्री सुरक्षा** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, समन्वित समुद्री डकैती विरोधी अभियानों और क्षेत्रीय नौसैनिक साझेदारियों में अंतराल बना हुआ है, जिसका आंशिक कारण खाड़ी देशों की **अमेरिका के नेतृत्व वाली सुरक्षा रूपरेखा पर निर्भरता** है।
  - **लाल सागर और अदन की खाड़ी में तनाव** के प्रत्युत्तर में वर्ष 2024 में भारतीय नौसेना द्वारा **12 जहाज़ों की तैनाती** भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, लेकिन क्षेत्रीय सुरक्षा नीतियों पर इसके सीमित प्रत्यक्ष प्रभाव को भी उजागर करती है।
  - **संयुक्त अरब अमीरात और ओमान के साथ द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास** जैसी पहल आगे की दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन यह पूरी तरह से एकीकृत **खाड़ी-भारत समुद्री सुरक्षा सहयोग** से पीछे है।
- **प्रवासी-संबंधी वीज़ा और रोज़गार नीतियाँ:** खाड़ी देश **सऊदी अरब के विज़न- 2030** और **UAE के अमीरातीकरण** जैसी **राष्ट्रीयकरण नीतियों को प्राथमिकता** दे रहे हैं, जिनका उद्देश्य भारतीयों सहित विदेशी श्रमिकों पर निर्भरता कम करना है।
  - इस बदलाव से **8.8 मिलियन भारतीय प्रवासियों की आजीविका को खतरा** है, जिनके द्वारा प्रतिवर्ष भेजी जाने वाली धनराशि **60 बिलियन डॉलर** है तथा जो भारत की अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान देती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- उदाहरण के लिये, **सऊदी अरब की नितकत नीति** के कारण वीज़ा नियम कड़े हो गए हैं, जिसके कारण कुछ भारतीय कामगारों को या तो स्वदेश लौटना पड़ा है या कम वेतन वाली नौकरियाँ करनी पड़ी हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इसके अलावा, वेतन में विलंब और असुरक्षित कार्य स्थितियों के मामलों ने, विशेष रूप से **कतर में वर्ष 2022 फीफा विश्व कप के दौरान,** घरेलू और वैश्विक छंटनी को जन्म दिया है।

- **आर्थिक गलियारा और संपर्क प्रतिद्वंद्विता: जबकि भारत, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC)** में एक प्रमुख भागीदार है, **वहीं चीन की बेल्ट एंड रोड पहल (BRI)** पर खाड़ी देशों का ध्यान क्षेत्रीय संपर्क के लिये प्रतिस्पर्द्धात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करता है।
  - उदाहरण के लिये, **वर्ष 2024 में चीन के साथ सऊदी अरब का 50 बिलियन डॉलर का समझौता** इसकी रणनीतिक धुरी को रेखांकित करता है, जो बीजिंग के नेतृत्व वाली रूपरेखाओं से परे **विविधीकरण की भारत की प्राथमिकता के विपरीत** है।
  - इन प्रतिस्पर्द्धी गठबंधनों के कारण **IMEC जैसी संयुक्त पहल कमज़ोर** पड़ने और भू-राजनीतिक जटिलताओं के कारण कार्यान्वयन में विलंब होने का खतरा है।



- **सीमा सुरक्षा और अवैध व्यापार:** यमन जैसे संघर्ष क्षेत्रों के साथ खाड़ी की निकटता के कारण भारत की समुद्री सीमाओं में **अवैध हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी** जैसी चुनौतियाँ उत्पन्न हो गई हैं।
  - **समुद्री चौकियों** की निगरानी में भारत के प्रयासों के बावजूद, वर्ष 2022 जैसी घटनाओं में, 10 चालक दल के सदस्यों को ले जा रही एक पाकिस्तानी नाव, हथियार, गोला-बारूद और **300 करोड़ रुपए मूल्य के 40 किलोग्राम मादक पदार्थों के** साथ, गुजरात तट पर रोक दी गई, जिससे खाड़ी भागीदारों के साथ समन्वित सुरक्षा प्रयासों में हुई कमी पर प्रकाश डाला गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- एक संरचित **GCC-भारत तस्करी विरोधी फ्रेमवर्क की कमी** इस क्षेत्र में कमज़ोरियों को और बढ़ा देती है।

- **खाद्य सुरक्षा और कृषि नीतियाँ:** खाड़ी देश खाद्य आयात पर बहुत अधिक निर्भर हैं, लेकिन भारत द्वारा **गेहूँ और चावल के निर्यात पर लगातार प्रतिबंध**, जैसा कि **वर्ष 2022 और 2023 के मुद्रास्फीति दबावों के दौरान** देखा गया है, संबंधों में तनाव उत्पन्न करता है।
  - उदाहरण के लिये, **वर्ष 2023 में** गैर-बासमती चावल के निर्यात पर भारत के प्रतिबंध **से खाड़ी बाज़ारों में व्यवधान** उत्पन्न हो गया, जो अपनी खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिये भारतीय खाद्य वस्तुओं पर निर्भर हैं।
  - दीर्घकालिक, स्थिर खाद्य व्यापार समझौते का अभाव अनिश्चितताओं को जन्म देता है, जिसका प्रभाव खाड़ी उपभोक्ताओं और भारतीय किसानों दोनों पर पड़ता है।

- **साइबर सुरक्षा और डिजिटल शासन:** खाड़ी देशों ने प्राय: **पश्चिमी मानकों को अपनाते हुए** या **चीन की डिजिटल पहलों के साथ सहयोग करते हुए,** विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात ने **साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क में काफी** प्रगति की है जो भारत के स्वदेशी दृष्टिकोणों के साथ संघर्ष कर सकते हैं।
  - डेटा स्थानीयकरण कानूनों और डिजिटल पारिस्थितिकी प्रणालियों पर सख्त नियंत्रण के लिये भारत का प्रयास, वैश्विक व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिये **खाड़ी देशों की मुक्त प्रणालियों पर निर्भरता के साथ टकराव** उत्पन्न करता है।
  - उदाहरण के लिये, **चीन के डिजिटल सिल्क रोड में संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देशों सहित भारत को शामिल न करना,** डिजिटल सहयोग में उभरते अंतराल को उजागर करता है।

खाड़ी देशों के साथ अपने संबंधों को बढ़ाने के लिये भारत क्या उपाय अपना सकता है?

- **तेल से परे ऊर्जा सहयोग को गहन करना: क्रेता-विक्रेता संबंध** से ध्यान हटाकर ऊर्जा में सह-विकास मॉडल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये, जैसे कि हरित हाइड्रोजन, सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं में संयुक्त उद्यम।
  - **राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन** जैसी पहलों के तहत भारत के नवीकरणीय ऊर्जा बुनियादी अवसंरचना में निवेश करने के लिये **संयुक्त अरब अमीरात के मुबाडाला और सऊदी अरब के PIF जैसे खाड़ी संप्रभु धन कोषों (SWF)** को प्रोत्साहित किया जाना चाहिये।
    - उदाहरण के लिये, भारत **खाड़ी देशों** के साथ मिलकर **हरित हाइड्रोजन सुविधाओं का विकास कर सकता है,** जिससे उनकी वित्तीय पूंजी और सौर ऊर्जा में भारत की तकनीकी बढ़त का लाभ उठाया जा सके।
- **FTA के माध्यम से आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करना: फार्मास्यूटिकल्स, खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी** जैसे क्षेत्रों में व्यापार क्षमता के लिये खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर वार्ता को गति दी जानी चाहिये।
  - **मुख्य खाद्य व्यापार स्थिरता** के लिये दीर्घकालिक रूपरेखा विकसित किया जाना चाहिये, **चावल और गेहूँ जैसे भारतीय निर्यात** पर निर्भर खाड़ी देशों के लिये निर्बाध आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित किया जाना चाहिये।
  - **भारत संयुक्त अरब अमीरात के साथ अपने व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (CEPA)** का उपयोग अन्य खाड़ी देशों के साथ व्यापार संबंधों को बढ़ाने के लिये एक टेम्पलेट के रूप में कर सकता है।
- **समुद्री एवं रसद अवसंरचना का सह-विकास: भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC)** जैसी पहलों का लाभ उठाते हुए समुत्थानशील और कुशल समुद्री गलियारों के निर्माण पर खाड़ी देशों के साथ सहयोग किया जाना चाहिये।
  - आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुव्यवस्थित करने तथा अफ्रीका और यूरोप से संपर्क बढ़ाने के लिये प्रमुख खाड़ी बंदरगाहों **(जैसे, दुबई, जेद्दा)** में संयुक्त लॉजिस्टिक्स केंद्र स्थापित किया जाना चाहिये।
  - उदाहरण के लिये, **भारतीय IT विशेषज्ञता** और खाड़ी पूंजी का उपयोग करके स्मार्ट बंदरगाहों का सह-विकास आर्थिक एवं रणनीतिक अंतरनिर्भरता को मज़बूत किया जा सकता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना: होर्मुज़ जलडमरूमध्य** जैसे महत्त्वपूर्ण **अवरोधक बिंदुओं की सुरक्षा करने** तथा **अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती से निपटने के लिये** संयुक्त नौसैनिक कार्य बलों की स्थापना करके समुद्री सुरक्षा पर सहयोग किया जाना चाहिये।
  - भारत की IT क्षमताओं और डिजिटल बुनियादी अवसंरचना में खाड़ी देशों के निवेश का लाभ उठाते हुए **साइबर खतरों का संयुक्त रूप से मुकाबला करने के लिये साइबर सुरक्षा समझौते** विकसित किया जाना चाहिये।
- **प्रवासी कूटनीति का लाभ उठाना: रोज़गार, धन प्रेषण और श्रम अधिकारों** जैसे मुद्दों को सहयोगात्मक रूप से हल करने के लिये **खाड़ी-भारत प्रवासी परिषद की** स्थापना की जानी चाहिये।
  - कुशल श्रमिकों की गतिशीलता के लिये द्विपक्षीय समझौतों को बढ़ावा दिया जाना चाहिये, स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों, जहाँ खाड़ी देशों को कमी का सामना करना पड़ रहा है, पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिये।
  - उदाहरण के लिये, **भारत की ई-माइग्रेट प्रणाली का दायरा** बढ़ाकर इसमें खाड़ी श्रम बाज़ार के पूर्वानुमानों को शामिल किया जाएगा, जिससे कुशल भारतीय श्रमिकों का सुगम प्रवाह संभव हो सकेगा।
- **स्वास्थ्य देखभाल और फार्मास्यूटिकल्स में सहयोग का विस्तार:** खाड़ी देशों में फार्मा हब का सह-विकास किया जाना चाहिये, जिससे संयुक्त उत्पादन सुविधाओं के माध्यम से **भारतीय जेनेरिक दवाओं और टीकों तक तेज़ी से पहुँच** सुनिश्चित हो सके।
  - भारतीय औषधि निर्यात के लिये विनियामक अनुमोदन को सरल बनाया जाना चाहिये, **खाड़ी-व्यापी स्वास्थ्य सेवा समझौते के तहत त्वरित मार्ग तैयार** किया जाना चाहिये।
  - उदाहरण के लिये, भारत पश्चिम एशियाई और अफ्रीकी बाज़ारों की जरूरतों को पूरा करने के लिये **खाड़ी देशों में वैक्सीन विनिर्माण इकाइयाँ स्थापित कर सकता है।**
- **खाद्य एवं जल सुरक्षा संबंधों को बढ़ाना:** कृषि-तकनीक समाधानों पर साझेदारी करना, जैसे कि **फसल विविधीकरण में भारतीय विशेषज्ञता का उपयोग करना तथा खाद्य उत्पादन** एवं आपूर्ति शृंखलाओं को बढ़ाने के लिये खाड़ी देशों से वित्तपोषण प्राप्त किया जाना चाहिये।
  - जल की कमी की साझा चुनौतियों का समाधान करते हुए, **अलवणीकरण और जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों** का सह-विकास किया जाना चाहिये।
  - भारत इन प्रयासों को **अरब प्रायद्वीप जैसे क्षेत्रों में विस्तारित करने के लिये संयुक्त अरब अमीरात के जल गठबंधन के साथ सहयोग कर सकता है।**
- **जलवायु लक्ष्यों और स्थिरता पर समन्वय: कार्बन कैप्चर, सौर विलवणीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों** में सह-निवेश के लिये **खाड़ी-भारत स्थिरता मंच का** विकास किया जाना चाहिये।
  - भारत के ऊर्जा परिवर्तन और खाड़ी देशों की विविधीकरण रणनीतियों के साथ तालमेल बिठाते हुए, स्वच्छ ऊर्जा अनुसंधान, विशेष रूप से हाइड्रोजन और जैव ईंधन में पहल को संयुक्त रूप से बढ़ावा दिया जाना चाहिये।
  - उदाहरण के लिये, **भारत वृक्षारोपण** और रेगिस्तान को हरा-भरा बनाने की प्रौद्योगिकियों के विस्तार के लिये सऊदी अरब की हरित पहल में उसके साथ साझेदारी कर सकता है।
- **बहुपक्षीय सहभागिता को सुदृढ़ बनाना:** ऊर्जा मूल्य निर्धारण, जलवायु परिवर्तन और व्यापार में साझा हितों के समर्थन के लिये **G20, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA)** जैसे वैश्विक मंचों पर खाड़ी देशों के साथ दृढ़ समन्वय का निर्माण किया जाना चाहिये।
  - उदाहरण के लिये, भारत की 2023 G20 अध्यक्षता और वैश्विक ऊर्जा प्रशासन पर सऊदी अरब एवं UAE के साथ साझेदारी ने गहन बहुपक्षीय संबंधों की संभावना को प्रदर्शित किया।
- **सांस्कृतिक और शैक्षिक कूटनीति - प्रमुख खाड़ी शहरों में BAPS हिंदू मंदिर अबू धाबी** जैसे भारतीय सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना किया जाना चाहिये, ताकि त्योहारों, भाषा प्रशिक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के माध्यम से लोगों के बीच संबंधों को गहरा किया जा सके।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- खाड़ी देशों में भारतीय विश्वविद्यालयों की शाखाएँ खोलकर शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया जाना चाहिये, जिससे भारतीय प्रवासियों और खाड़ी नागरिकों दोनों को लाभ मिल सके।
- उदाहरण के लिये, **STEM-केंद्रित शिक्षा कार्यक्रमों का सह-विकास** खाड़ी अर्थव्यवस्थाओं में कौशल की कमी को दूर कर सकता है, साथ ही भारत की सॉफ्ट पावर को भी बढ़ा सकता है।

निष्कर्ष:

भारत-कुवैत संबंधों का रणनीतिक उन्नयन **भारत-खाड़ी संबंधों में एक परिवर्तनकारी चरण** को दर्शाता है, जो समकालीन चुनौतियों और अवसरों का संतुलन बनाने के लिये सदियों पुराने संबंधों का लाभ उठाता है। **ऊर्जा, व्यापार, रक्षा एवं प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करके,** भारत और खाड़ी **वैश्विक व क्षेत्रीय गतिशीलता के साथ अपनी पूरी क्षमता का लाभ** उठा सकते हैं। जन-जन के बीच संबंधों को मज़बूत करना और साझा विकास लक्ष्यों को अपनाना उनकी साझेदारी में दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करेगा।

■■■

जलवायु परिवर्तन से हरित अर्थव्यवस्था में उभरते अवसर

भारत जलवायु परिवर्तन से गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें बाढ़ और कृषि अस्थिरता शामिल है, लेकिन इसके साथ ही **हरित आर्थिक परिवर्तन के लिये विशिष्ट अवसर** भी हैं। **वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा** के लक्ष्य और **हरित हाइड्रोजन एवं संवहनीय कृषि** में प्रगति के साथ, भारत विकासशील देशों के लिये एक मॉडल बन सकता है। हालाँकि, इसे प्राप्त करने के लिये **सीमित** वैश्विक जलवायु वित्त को देखते हुए **सार्वजनिक निधियों से परे अभिनव वित्तपोषण की आवश्यकता** है। बाधाओं के बावजूद, **नवीकरणीय ऊर्जा, संवहनीयता** और **शहरी समुत्थानशीलन** पर भारत का ध्यान इसके भविष्य को सुरक्षित कर सकता है तथा एक हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिये वैश्विक मानक स्थापित कर सकता है।

हरित अर्थव्यवस्था क्या है?

- हरित अर्थव्यवस्था एक आर्थिक प्रणाली है जिसका उद्देश्य **पर्यावरणीय संवहनीयता, सामाजिक समावेशन** और **आर्थिक विकास को एक साथ बढ़ावा** देना है।
- **यह नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, ऊर्जा दक्षता** और **संवहनीय कृषि** जैसे हरित क्षेत्रों में निवेश करके पर्यावरणीय जोखिमों एवं पारिस्थितिकीय अभावों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करता है।
- इसका लक्ष्य रोज़गार सृजन, **जीवन स्तर में सुधार**, तथा पर्यावरण के प्राकृतिक संसाधनों पर नकारात्मक प्रभाव को न्यूनतम करते हुए सतत् विकास को बढ़ावा देना है।

जलवायु परिवर्तन की संवेदनशीलता भारत की हरित अर्थव्यवस्था में किस प्रकार परिवर्तन को प्रेरित कर रही है?

- **निरंतर आपदाओं के कारण नवीकरणीय ऊर्जा का अंगीकरण : बाढ़, हीट वेव्स और चक्रवातों** जैसी चरम जलवायु घटनाओं के प्रति भारत के बढ़ते जोखिम ने **ऊर्जा आपूर्ति शृंखलाओं को बाधित** कर दिया है तथा जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता के कारण सुभेद्यता को रेखांकित किया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- उदाहरण के लिये, वर्ष 2023 में हिमाचल प्रदेश बाढ़ के कारण ऊर्जा नेटवर्क सहित व्यापक बुनियादी अवसंरचना को **व्यापक नुकसान** हुआ।
- भारत की कुल नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता केवल एक वर्ष में 13.5% की प्रभावशाली वृद्धि के साथ **अक्तूबर 2024 में 203.18 गीगावाट** तक पहुँच गई, जो वर्ष **2030 तक 500 गीगावाट तक पहुँचने के लक्ष्य** का हिस्सा है।

- **कृषि में होने वाले नुकसान से स्थायी प्रथाओं को प्रोत्साहन:** जलवायु परिवर्तन से जुड़े अनियमित मानसून और **बढ़ते तापमान** ने **फसल की उपज व किसानों की आय पर भारी प्रभाव** डाला है।
  - जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष **2050 तक गेहूँ की उपज में 19.3%** तथा वर्ष **2080 तक 40% की कमी** आ सकती है, जबकि खरीफ मक्का की उपज में समान अवधि में **18% व 23% की कमी** आ सकती है, जिसमें क्षेत्रीय तथा समय के अनुसार महत्त्वपूर्ण भिन्नताएँ होंगी।
  - इस संवेदनशीलता ने **आंध्र प्रदेश** में परिशुद्ध कृषि, शून्य बजट प्राकृतिक कृषि और जलवायु-अनुकूल बीजों के लिये अंगीकरण जैसी पहलों को प्रेरित किया है, जिससे संवहनीय कृषि पद्धतियों के लिये बाज़ार का निर्माण हुआ है।
    - **अगस्त 2024** में, भारतीय प्रधानमंत्री ने **109 जलवायु-अनुकूल** और **जैव-फोर्टिफाइड** फसलों की किस्मों को लॉन्च करने की घोषणा की, जिनमें **34 क्षेत्र फसलें एवं 27 बागवानी फसलें** शामिल हैं।
- **समुद्र का बढ़ते स्तर से तटीय अनुकूलन परियोजनाओं को बढ़ावा:** भारत की 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा समुद्र के बढ़ते स्तर के कारण खतरे का सामना कर रही है, जिससे **मुंबई और चेन्नई जैसे शहरों में आजीविका एवं बुनियादी अवसंरचना को खतरा** हो रहा है।
  - एक हालिया रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि तटीय जलप्लावन के कारण वर्ष **2050 तक 36 मिलियन भारतीय विस्थापित** हो सकते हैं।
  - इसे कम करने के लिये, तटरेखा आवास और मूर्त आय के लिये मैंग्रोव पहल (MISHTI) के तहत **मैंग्रोव वनीकरण** जैसी परियोजनाओं ने गति पकड़ी है, जो प्रकृति-आधारित समाधानों के माध्यम से भारत की हरित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के साथ संरेखित है।
- **हीटवेव-प्रेरित शहरी ऊर्जा दक्षता:** बढ़ते हीट वेव्स के कारण, भारत में वर्ष 2022 में **200 से अधिक हीटवेव दिन दर्ज किये गए,** जिससे शीतलन की मांग बढ़ गई है और परंपरागत ऊर्जा स्रोतों पर दबाव बढ़ गया है।
  - बढ़ती हुई कमज़ोरियों ने शहरी क्षेत्रों को **हरित भवन संहिता** और **ऊर्जा-कुशल शीतलन प्रौद्योगिकियों के अंगीकरण** के लिये प्रेरित किया है।
  - राष्ट्रीय शीतलन कार्य योजना (NCAP) जैसी पहलों का लक्ष्य वर्ष 2037-38 तक शीतलन ऊर्जा आवश्यकताओं को 20-25% तक कम करना है, जिससे शहरी आर्थिक विकास में स्थिरता को एकीकृत किया जा सके।
  - प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) योजना उद्योगों में ऊर्जा दक्षता को प्रोत्साहित करती है, जबकि **नवीकरणीय ऊर्जा निर्यात क्षेत्र** हरित विनिर्माण को बढ़ावा देते हैं।
- **जल की कमी से हरित नवाचारों को बढ़ावा:** भारत में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता वर्ष **1951 में 5,177 m^3 से घटकर वर्ष 2022 में 1,486 m^3 रह गई** है, जलवायु-प्रेरित जल संकट ने अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण और सौर ऊर्जा चालित सिंचाई जैसी हरित आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है।
  - उदाहरण के लिये, भूजल प्रबंधन पर केंद्रित अटल भूजल योजना, **जल निकासी के लिये नवीकरणीय ऊर्जा समाधान** को बढ़ावा देती है।
- **जैवविविधता ह्रास से पारिस्थितिकी तंत्र आधारित समाधान:** जलवायु पैटर्न में परिवर्तन के कारण वनों की कटाई और जैवविविधता के ह्रास ने **आजीविका के लिये महत्त्वपूर्ण पारिस्थितिकी सेवाओं को प्रभावित किया** है।
  - भारत ने वर्ष 2030 तक **26 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि के पुन: सृजन करने की प्रतिबद्धता** जताई है, जैसा कि

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

COP15 में वादा किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप **पारिस्थितिकी पर्यटन और कृषि वानिकी जैसी हरित अर्थव्यवस्था की पहल** को बढ़ावा मिला है, जिससे रोज़गार सृजन के साथ-साथ जलवायु जोखिमों से निपटने में भी मदद मिली है।

- **हरियाणा के गुड़गाँव में अरावली जैवविविधता पार्क** एक पुनर्स्थापित पारिस्थितिक हॉटस्पॉट के रूप में कार्य करता है जो मरुस्थलीकरण से लड़ते हुए जैवविविधता का पोषण कर रहा है।

- **जलवायु वित्त पहल को बढ़ावा देने वाले वित्तीय जोखिम:** लगातार जलवायु संबंधी आपदाओं ने वित्तीय कमज़ोरियों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। भारत में जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लिये संचयी कुल व्यय वर्ष **2030 तक ₹85.6 लाख करोड़ (सत्र 2011-12 की कीमतों पर) तक पहुँचने का अनुमान** है।
  - हरित वित्त तंत्र, जैसे कि वर्ष 2023 में जारी किये जाने वाले 16,000 करोड़ रुपए मूल्य के सॉवरेन ग्रीन बॉण्ड, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और संधारणीय बुनियादी अवसंरचना को वित्तपोषित करते हैं, जो जलवायु अनुकूलन आर्थिक नीति का एक मुख्य घटक बन जाता है।
- **सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से जलवायु कार्रवाई में तीव्रता:** जलवायु परिवर्तन से प्रेरित स्वास्थ्य संकट, जैसे तापमान में वृद्धि के कारण **वेक्टर जनित रोगों में वृद्धि, स्वास्थ्य देखभाल की लागत में वृद्धि** कर रहे हैं।
  - अध्ययनों से पता चलता है कि प्रतिवर्ष लगभग **37.7 मिलियन भारतीय जल जनित रोगों से प्रभावित** होते हैं।
  - इसने भारत को हरित अवसंरचना समाधानों को अपनाने के लिये प्रेरित किया है, जैसे कि कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिये अटल मिशन (अमृत), जो समुत्थानशील शहरी जल आपूर्ति और स्वच्छता प्रणालियों पर केंद्रित है।
  - इसके अतिरिक्त, **नमामि गंगे कार्यक्रम** जैसी पहलों का उद्देश्य नदियों को साफ और पुनर्जीवित करना, जल प्रदूषण एवं उससे जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को कम करना है।

हरित अर्थव्यवस्था की ओर भारत के कदम बढ़ाने में क्या बाधाएँ हैं?

- **अपर्याप्त नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना:** वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने के भारत के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य को **अपर्याप्त अवसंरचना** और **ग्रिड एकीकरण** के मुद्दों के कारण बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।
  - वर्तमान में, भारत में ऑन-ग्रिड अक्षय ऊर्जा का प्रतिशत **केवल 28.04%** है। इसके अलावा, **ग्रिड कनेक्टिविटी में सुधार के उद्देश्य से ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर (GEC)** जैसी परियोजनाओं में विलंब नीतिगत लक्ष्यों और निष्पादन के बीच अंतर को उजागर करता है।
- **जीवाश्म ईंधन पर उच्च निर्भरता:** नवीकरणीय ऊर्जा में प्रगति के बावजूद, **भारत का 77% बिजली उत्पादन** (वित्त वर्ष 2023 तक) **कोयले से** होता है, जिससे जीवाश्म ईंधन से आर्थिक विकास को अलग करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।
  - **कोयला मंत्रालय** ने समग्र कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जो **अगस्त 2024 तक 384.08 मिलियन टन (अनंतिम)** तक पहुँच गया है, जो भारत के ऊर्जा मिश्रण में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।
  - कोयला संयंत्रों को चरणबद्ध तरीके से धीरे-धीरे बंद करने के लिये एक **सुदृढ़ रणनीति का अभाव,** हरित अर्थव्यवस्था की ओर संक्रमण के प्रयासों को कमज़ोर करता है।
- **वित्तीय बाधाएँ और जलवायु वित्त का अभाव:** इस परिवर्तन के लिये बड़े पैमाने पर निवेश की आवश्यकता है, NITI आयोग का अनुमान है कि ***शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये वर्ष 2070 तक 10.1 ट्रिलियन डॉलर की आवश्यकता होगी।***
  - हालाँकि, हरित वित्तपोषण सीमित है, भारत का स्वच्छ ऊर्जा निवेश वर्ष **2022 में 17 बिलियन डॉलर** रहा।
  - वर्ष **2023 के लिये 16,000 करोड़ रुपए मूल्य का सॉवरेन ग्रीन बॉण्ड** जारी करना एक अगला कदम है, लेकिन मांग के पैमाने को पूरा करने के लिये यह अपर्याप्त है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **नीतिगत एवं विनियामक अनिश्चितता:** नवीकरणीय ऊर्जा शुल्कों में लगातार परिवर्तन और अस्पष्ट विनियमन, हरित परियोजनाओं में निजी निवेश को बाधित करते हैं।
  - उदाहरण के लिये, सौर आयात पर मूल सीमा शुल्क (BCD) **लगाए जाने के कारण सौर डेवलपर्स को नुकसान** उठाना पड़ा, जिससे **परियोजना लागत में 20-25% की वृद्धि** हुई।
  - ऐसी अनिश्चितता निवेशकों के विश्वास को कमज़ोर करती है और हरित पहल में विलंब करती है।
- **कार्यबल में परिवर्तन की चुनौतियाँ: कार्बन-प्रधान उद्योगों से हरित क्षेत्रों की ओर** संक्रमण से लाखों नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है, विशेष रूप से झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे कोयला-निर्भर राज्यों में।
  - त्वरित डीकार्बनाइज़ेशन से वर्ष 2050 तक **30 मिलियन से अधिक नौकरियाँ समाप्त हो सकती हैं।** सुदृढ़ कौशल विकास कार्यक्रमों की अनुपस्थिति श्रमिकों की हरित नौकरियों में बदलाव की **क्षमता को बाधित** करती है।
- **जन-जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन का अभाव:** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च ऊर्जा अपव्यय के साथ, सतत् उपभोग प्रथाएँ अविकसित बनी हुई हैं।
  - ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद के अनुसार विद्युतीकृत घरों में से केवल एक-चौथाई ने ही ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) के स्टार लेबल (मई, 2006 में शुरू) का व्यवहार किया है, तथा **ग्रामीण उपभोक्ताओं में तो इसकी जानकारी और भी कम है।**
  - सीमित जन जागरूकता अभियान और LED अंगीकरण के लिये **उजाला जैसे कार्यक्रमों** का अपर्याप्त क्रियान्वयन, **संक्रमण की गति को धीमा** कर देता है।
- **तकनीकी अंतराल और आयात पर निर्भरता:** विशेष रूप से **बैटरी भंडारण** और **सौर पैनलों** के लिये भारत का हरित प्रौद्योगिकी परिदृश्य, मुख्य रूप से **चीन से आयात पर बहुत अधिक निर्भर** है।
  - वित्त वर्ष 2024 में भारत का सौर क्षेत्र का आयात **7 बिलियन डॉलर** तक पहुँच गया, जिसमें से **3.89 बिलियन डॉलर अकेले चीन से** आया, जिससे भारत भू-राजनीतिक जोखिमों के प्रति भेद्य हो गया है।
  - **घरेलू विनिर्माण क्षमता का अभाव सौर विनिर्माण के लिये** सरकार की PLI योजना को कमज़ोर करता है, जिससे हरित प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता धीमी पड़ जाती है।
- **नवीकरणीय परियोजनाओं पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव:** विडंबना यह है कि जलवायु संबंधी कमज़ोरियाँ, जैसे कि **अनियमित मौसम** और **चरम घटनाएँ,** नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बाधित करती हैं।
  - उदाहरण के लिये, अप्रत्याशित पवन पैटर्न के कारण तमिलनाडु में पवन ऊर्जा उत्पादन सत्र 2023-24 की तुलना में **सत्र 2024-2025 में 5% कम होने का अनुमान** है।
  - इसी प्रकार, **बढ़ते तापमान के कारण सौर पैनलों की दक्षता कम** हो रही है, तथा अध्ययनों से पता चलता है कि प्रत्येक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के कारण दक्षता में महत्त्वपूर्ण कमी आ रही है।
- **शहरीकरण और संसाधनों की कमी:** तीव्र शहरीकरण, जिसके वर्ष 2031 तक **600 मिलियन शहरी निवासियों के जुड़ने की उम्मीद** है, संसाधनों पर दबाव उत्पन्न करता है जो सतत् लक्ष्यों को कमज़ोर करता है।
  - खराब शहरी अपशिष्ट प्रबंधन, जहाँ केवल **22-28% ठोस अपशिष्ट का ही प्रसंस्करण** किया जाता है, पर्यावरणीय क्षरण का कारण बनता है।
  - स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत **परियोजनाओं में विलंब** हुआ है, जिससे हरित शहरी विकास में प्रगति सीमित हो गई है।
- **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और कार्बन सीमा कर:** यूरोपीय संघ की कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM) **जैसी उभरती नीतियाँ** भारत के निर्यात, विशेष रूप से इस्पात और एल्यूमीनियम के लिये चुनौतियाँ खड़े करती हैं।
  - **CBAM से यूरोप को होने वाले भारतीय स्टील निर्यात का 15-40% हिस्सा** प्रभावित होगा। इससे आर्थिक और पर्यावरणीय प्राथमिकताओं के बीच संतुलन बनाने में संघर्ष कर रही भारतीय कंपनियों के लिये प्रतिस्पर्द्धात्मक नुकसान की स्थिति उत्पन्न होगी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **खंडित शासन और समन्वय अंतराल: पर्यावरण, ऊर्जा** और **वित्त** जैसे मंत्रालयों के बीच अंतर-विभागीय समन्वय की कमी के परिणामस्वरूप प्राय: नीति कार्यान्वयन खंडित हो जाता है।
  - उदाहरण के लिये, **नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और राज्य विद्युत बोर्डों के बीच क्षेत्राधिकार का अतिव्यापन** नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में विलंब का कारण बनता है।
- **हरित प्रौद्योगिकियों में सीमित अनुसंधान एवं विकास निवेश:** नवीकरणीय प्रौद्योगिकियों के लिये अनुसंधान एवं विकास पर भारत का व्यय **सकल घरेलू उत्पाद का केवल 0.7%** है, जो जर्मनी और अमेरिका जैसे वैश्विक भागीदारों से बहुत कम है।
  - **वित्त पोषण की कमी से** हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण और कार्बन कैप्चर जैसे क्षेत्रों में **नवाचार धीमा** हो जाता है।
  - उदाहरण के लिये, भारत वैश्विक स्तर पर CO_2 का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक होने के बावजूद **कार्बन कैप्चर परियोजनाओं में पिछड़ रहा है।**
- **विद्युतीकरण लक्ष्यों में परिवहन चुनौतियाँ:** परिवहन क्षेत्र, जो **उत्सर्जन में 14% का योगदान** देता है, अपर्याप्त चार्जिंग बुनियादी अवसंरचना और उच्च वाहन लागत के कारण EV के लिये संक्रमण में महत्त्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है।
  - वर्ष 2024 तक भारत में केवल 25,000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन होंगे। इसके अलावा, **FAME-II योजना के तहत सब्सिडी बंद होने से** इलेक्ट्रिक वाहनों के अंगीकरण की गति और भी धीमी हो गई है।
- **नवीकरणीय परियोजनाओं के लिये भूमि अधिग्रहण के प्रति सामाजिक प्रतिरोध:** भूमि संबंधी विवादों के कारण प्राय: नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में विलंब होता है, क्योंकि बड़े पैमाने पर सौर और पवन ऊर्जा फार्मों के लिये बड़ी मात्रा में भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता होती है।
  - उदाहरण के लिये, **राजस्थान में स्थित भड़ला सौर पार्क**, जो विश्व के सबसे बड़े सौर पार्कों में से एक है, को विस्थापन की चिंताओं के कारण स्थानीय समुदायों के विरोध का सामना करना पड़ा।

हरित अर्थव्यवस्था की ओर तेज़ी से बढ़ने के लिये भारत क्या उपाय अपना सकता है?

- **ग्रिड आधुनिकीकरण के साथ नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना का विस्तार: भारत को सौर और पवन** जैसे अस्थायी स्रोतों को एकीकृत करने के लिये ग्रिड अवसंरचना को उन्नत करते हुए नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये।
  - **ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर** के अंतर्गत परिकल्पित **क्षेत्रीय ग्रिड-संतुलन प्रणालियों की** स्थापना से नवीकरणीय ऊर्जा के कम उपयोग की समस्या का समाधान हो सकता है तथा स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित हो सकती है।
  - **वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड (OSOWOG)** पहल के साथ बढ़ा हुआ सहयोग निवेश को और बढ़ा सकता है तथा भारत को वैश्विक अक्षय ऊर्जा केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है।
- **हरित प्रौद्योगिकियों के लिये घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना: उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (PLI) योजना** के माध्यम से **सौर पैनलों, पवन टर्बाइनों और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के स्थानीय विनिर्माण को** बढ़ावा देने से आयात पर निर्भरता कम हो सकती है।
  - यह **सत्र 2025-26 तक 110 गीगावाट सौर मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता** का उत्पादन करने के भारत के लक्ष्य के अनुरूप है, जिससे चीनी आयात पर निर्भरता कम हो जाएगी।
  - इसे **मेक इन इंडिया पहल के साथ जोड़ने से** रोज़गार सृजन और हरित औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिल सकता है।
- **नवीन तंत्रों के माध्यम से हरित वित्त को बढ़ावा देना: भारत को अधिक संप्रभु हरित बॉण्ड** जारी करके हरित वित्तपोषण तक पहुँच का विस्तार करना चाहिये।
  - **MSME के लिये ग्रीन क्रेडिट गारंटी फंड** की स्थापना से संवहनीय प्रथाओं को प्रोत्साहन मिल सकता है और उधार लेने की लागत कम हो सकती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष (NIIF) जैसे मंचों के माध्यम से निजी निवेश का एकीकरण बड़े पैमाने पर हरित परियोजनाओं के लिये संसाधन जुटा सकता है।

- **नवीकरणीय परियोजनाओं के लिये एकीकृत भूमि उपयोग नीतियाँ विकसित करना:** भूमि अधिग्रहण चुनौतियों से निपटने की दिशा में, **भारत को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं हेतु** एक एकीकृत नीति फ्रेमवर्क की आवश्यकता है जो पारिस्थितिक और सामाजिक चिंताओं में संतुलन बनाए रखे।
  - राष्ट्रीय भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (NLRMP) को नवीकरणीय विकास के साथ जोड़ने से भूमि आवंटन को सुव्यवस्थित किया जा सकता है।
  - **थार रेगिस्तान और गुजरात के शुष्क क्षेत्रों** जैसी बंजर भूमि का उपयोग सौर एवं पवन फार्मों के लिये करने से विस्थापन एवं पर्यावरणीय क्षति न्यूनतम हो जाती है।
- **इलेक्ट्रिक वाहन पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार: चार्जिंग नेटवर्क और बैटरी रीसाइक्लिंग इकाइयों सहित सुदृढ़ EV बुनियादी अवसंरचना का निर्माण,** परिवहन क्षेत्र में संक्रमण की गति को तीव्र कर सकता है।
  - भारत को प्रतिवर्ष नए EV चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना का लक्ष्य रखना चाहिये, **उन्हें ढाबों और पेट्रोल पंपों से जोड़ना चाहिये,** तथा शहरी एवं राजमार्ग नेटवर्क पर विशेष ध्यान देते हुए महत्त्वपूर्ण प्रोत्साहन देना चाहिये।
  - **FAME योजना को बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम (वर्ष 2022)** के साथ जोड़ने से एक चक्रीय EV अर्थव्यवस्था बनाई जा सकती है, जिससे संधारणीयता को बढ़ावा मिलेगा और लिथियम-आयन सेल पर आयात निर्भरता कम हो सकती है।
- **जलवायु-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देना: परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY)** के तहत **जैविक खेती और सूक्ष्म सिंचाई** जैसी संवहनीय कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने से जलवायु-अनुकूल कृषि में सुधार हो सकता है और उत्सर्जन में कमी आ सकती है।
  - इसे **जलवायु अनुकूल कृषि में राष्ट्रीय नवाचारों (NICRA) के साथ जोड़ने से** किसान जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियों को अपनाने में सक्षम हो सकते हैं, जिससे फसल हानि में कमी आएगी।
  - उदाहरण के लिये, **ड्रोन दीदी योजना** में प्रोत्साहित **ड्रोन का उपयोग करके परिशुद्ध कृषि,** संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित कर सकती है।
- **राष्ट्रीय कार्बन मूल्य निर्धारण फ्रेमवर्क की स्थापना: उत्सर्जन व्यापार योजना (ETS)** सहित एक व्यापक कार्बन मूल्य निर्धारण तंत्र को लागू करने से उद्योगों को कम कार्बन प्रौद्योगिकियों के अंगीकरण के लिये प्रोत्साहित किया जा सकता है।
  - **गुजरात और महाराष्ट्र में पायलट ETS कार्यक्रमों** को राष्ट्रव्यापी मंच पर विस्तारित करने से प्रतिवर्ष एक बड़ी राशि प्राप्त हो सकती है, **जिससे अक्षय ऊर्जा** और **जलवायु अनुकूलन को वित्तपोषित** किया जा सकता है। **कार्बन मूल्य निर्धारण भारत को यूरोपीय संघ के CBAM** जैसे वैश्विक व्यापार फ्रेमवर्क के साथ भी जोड़ता है।
- **औद्योगिक प्रक्रियाओं में चक्रीय अर्थव्यवस्था को एकीकृत करना:** भारत को अपशिष्ट को न्यूनतम करने के लिये निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स और वस्त्र जैसे क्षेत्रों में **चक्रीय अर्थव्यवस्था प्रथाओं को** अपनाना चाहिये।
  - उदाहरण के लिये, **स्मार्ट सिटी मिशन के तहत निर्माण परियोजनाओं में 30% पुनर्चक्रित सामग्रियों के उपयोग को अनिवार्य** करने से **स्थायित्व को बढ़ावा** मिल सकता है।
- **ओडिशा (वर्ष 2021) में सिमलीपाल की वनाग्नि** 10 दिनों से अधिक समय तक चली, जिससे लगभग एक तिहाई क्षेत्र प्रभावित हुआ।

- **आपदाओं के बाद स्वास्थ्य संकट:** आपदाओं से **सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात-स्थितियाँ और भी गंभीर हो जाती हैं,** जिससे स्वच्छता व्यवस्था बाधित हो जाती है, जल आपूर्ति दूषित हो जाती है, तथा स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियाँ कमज़ोर हो जाती हैं।
  - उदाहरण के लिये, वर्ष 2018 की **केरल बाढ़** के बाद जलजनित बीमारियाँ बढ़ गईं, जिनमें **लेप्टोस्पायरोसिस** और **हैजा** सबसे आम थे।
  - मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों की सीमित तैनाती और आपदा मोचन के लिये धीमी प्रतिक्रिया समय, आपदा स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी अवसंरचना में स्पष्ट अंतराल को उजागर करते हैं।
- **कमज़ोर पूर्व चेतावनी प्रणालियाँ और समन्वय विफलताएँ:** यद्यपि तकनीकी प्रगति ने पूर्वानुमान में सुधार किया है, फिर भी लास्ट माइल कनेक्टिविटी में अंतराल गंभीर बना हुआ है।
  - **विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) रिपोर्ट-2023** में बताया गया है कि भारत पूर्व चेतावनी प्रणाली प्रभावशीलता के मामले में 21 देशों में से 14वें स्थान पर है, तथा जोखिम ज्ञान, अवलोकन, पूर्वानुमान, चेतावनी, प्रसार और तैयारी में इसे औसत से भी कम अंक प्राप्त हुए हैं।
- **आपदाओं में लैंगिक और सामाजिक असमानताएँ:** आपदाएँ मौजूदा सामाजिक भेद्यताओं को बढ़ाती हैं, जिसमें महिलाएँ, बच्चे एवं सीमांत समूह असमान रूप से प्रभावित होते हैं।
  - उदाहरण के लिये, अम्फान और यास जैसे चक्रवातों के बाद **प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों को तस्करों द्वारा निशाना बनाया गया** तथा समुदायों के पुनर्वास के लिये संघर्ष करने के कारण सामाजिक असमानताएँ और भी बदतर हो गईं।
- **संस्थागत फ्रेमवर्क और वित्तपोषण में अंतराल:** भारत का आपदा प्रबंधन फ्रेमवर्क **सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रियात्मक** बना हुआ है, तथा इसमें शमन प्रयासों के लिये वित्तपोषण अपर्याप्त है।
  - सत्र 2021-22 से सत्र 2025-26 तक NDRMF के लिये कुल ₹68,463 करोड़ आवंटित किये गए हैं, जिसमें से 80% राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष के लिये तथा **केवल 20% राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष के लिये** रखा गया है।
  - लापरवाह संस्थागत उत्तरदायित्व और खंडित नीतियाँ प्रभावी आपदा जोखिम न्यूनीकरण और समुत्थानशक्ति निर्माण में बाधा डालती हैं।

आपदा प्रबंधन में भारत अन्य देशों से क्या सीख सकता है?

- **जापान की भूकंप संबंधी तैयारी:** जापान के **सख्त भवन नियम, बुनियादी अवसंरचना का नवीनीकरण** और **नियमित भूकंप अभ्यास** भूकंपीय घटनाओं के दौरान न्यूनतम हताहत आँकड़ा सुनिश्चित करते हैं।
  - भारत हिमालय जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के भूकंपीय सुरक्षा मानदंड अपना सकता है।
- **बांग्लादेश का चक्रवात प्रबंधन: बांग्लादेश की कुशल निकासी रणनीतियों** ने चक्रवात से संबंधित मौतों में भारी कमी की है। भारत तटीय क्षेत्रों में समुदाय-आधारित आपदा नियोजन में सुधार कर सकता है।
- **नीदरलैंड का बाढ़ प्रबंधन:** नीदरलैंड में समुद्र से आने वाले तूफानी लहरों से सुरक्षा के लिये **तटबंधों, बांधों और बाढ़द्वारों का एक नेटवर्क** है।
  - भारत के शहरी बाढ़ प्रबंधन को मुंबई और चेन्नई जैसे शहरों में इन समाधानों को अपनाने से लाभ मिल सकता है।
- **दक्षिण कोरिया का तकनीकी एकीकरण:** दक्षिण कोरिया में **एजेंसियों के बीच आपदा मोचन समन्वय के लिये एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म** का उपयोग किया जाता है। भारत बेहतर अंतर-एजेंसी समन्वय के लिये केंद्रीकृत कमांड सिस्टम अपना सकता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **स्वीडन की जलवायु अनुकूलन:** स्वीडन की सक्रिय जलवायु अनुकूलन नीतियों में शहरी नियोजन के साथ आपदा जोखिम न्यूनीकरण को एकीकृत करना शामिल है।
  - भारत अपने **स्मार्ट सिटी मिशन** को जलवायु अनुकूल रणनीतियों के साथ संरेखित कर सकता है।

आपदा समुत्थानशीलता और न्यूनीकरण को बढ़ाने के लिये भारत क्या उपाय अपना सकता है?

- **जलवायु-अनुकूल बुनियादी अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण: भारत को जलवायु-अनुकूल बुनियादी अवसंरचना में निवेश करने की आवश्यकता** है जो चक्रवात, बाढ़ और हीटवेव्स जैसी चरम मौसमी घटनाओं का सामना कर सके।
  - **तटीय क्षेत्रों में हरित भवन, बाढ़ प्रतिरोधी शहरी जल निकासी प्रणालियाँ** और चक्रवात रोधी आवास विकसित करना आवश्यक है।
  - उदाहरण के लिये, **ओडिशा के चक्रवात आश्रय स्थलों** ने अनगिनत लोगों की जान बचाई है, यह एक ऐसा मॉडल है जिसे पूरे देश में अपनाया जा सकता है।
  - **स्मार्ट सिटी मिशन को जलवायु-अनुकूलन हेतु योजना** के साथ एकीकृत करने से यह सुनिश्चित हो सकता है कि शहरी विकास आपदा न्यूनीकरण लक्ष्यों के अनुरूप हो।
- **समुदाय-आधारित आपदा जोखिम न्यूनीकरण (CBDRR) का कार्यान्वयन: स्थानीय समुदायों को प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण एवं आपदा तैयारी अभ्यास** के माध्यम से जोखिमों का प्रबंधन करने के लिये सशक्त बनाया जाना चाहिये।
  - महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम **(MGNREGA) को समुदाय-आधारित जोखिम मानचित्रण** के साथ संयोजित करके तटबंधों और चेकडैम जैसी स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण किया जा सकता है।
- **शहरी और ग्रामीण बाढ़ से निपटने के लिये एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन (IWRM):** जल प्रबंधन के लिये एकीकृत दृष्टिकोण से बाढ़ और सूखे की चुनौतियों का एक साथ समाधान किया जा सकता है।
  - इसमें **आर्द्रभूमि का पुनर्भरण** करना, **शहरी वर्षा जल संचयन प्रणालियों का निर्माण** करना और **नदियों के किनारे तटबंधों का सुदृढ़ीकरण** शामिल है।
  - **नमामि गंगे** को **शहर स्तरीय बाढ़ रोकथाम योजनाओं के साथ एकीकृत** करने से शहरी बाढ़ की समस्या से निपटा जा सकता है, साथ ही नदी की स्थिति को भी बेहतर बनाया जा सकता है।
- **प्रौद्योगिकी के साथ प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों का आधुनिकीकरण:** भारत को प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को आधुनिक बनाने के लिये **AI, IoT** और **भू-स्थानिक मानचित्रण** जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाना चाहिये।
  - मोबाइल अलर्ट को **स्थानीय भाषा समर्थन** के साथ एकीकृत करने के लिये **कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (CAP)** के दायरे का विस्तार करने से अंतिम-मील संचार को बढ़ाया जा सकता है।
  - उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की निगरानी के लिये **ISRO की उपग्रह क्षमताओं** का **AI-संचालित मॉडल के साथ मिलकर** लाभ उठाना आपदा मोचन समय को कम कर सकता है।
- **भूकंपीय क्षेत्रों में पुनर्निर्माण और भवन संहिताओं को लागू करना: भारत को भूकंपीय सुरक्षा संहिताओं** के साथ कड़े अनुपालन को लागू करने की आवश्यकता है, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों और **हिमालय जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में।**
  - **पुरानी संरचनाओं,** विशेषकर स्कूलों और अस्पतालों का नवीनीकरण करने से भूकंप के दौरान होने वाली हताहतों की संख्या को कम किया जा सकता है।
  - ऐसे प्रयासों को **प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के साथ जोड़कर** यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि किफायती आवास आपदा-रोधी मानदंडों का पालन करें।
- **आपदा से होने वाले नुकसान के लिये बीमा कवरेज को बढ़ाना: किसानों, छोटे व्यवसायों और कमज़ोर आबादी** के लिये अनुकूलित सूक्ष्म बीमा योजनाएँ विकसित करने से आपदाओं के बाद होने वाले वित्तीय नुकसान को कम किया जा सकता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)** के तहत फसल बीमा को शीघ्र भुगतान के लिये पैरामीट्रिक बीमा मॉडल के साथ जोड़ने से समय पर राहत मिल सकती है।
- **जन धन खातों के अंतर्गत वित्तीय समावेशन एजेंडे में आपदा बीमा** को एकीकृत करने से व्यापक कवरेज सुनिश्चित हो सकती है, विशेष रूप से बार-बार होने वाली आपदाओं से ग्रस्त ग्रामीण क्षेत्रों में।

- **स्मार्ट सिटी मिशन के माध्यम से शहरी आपदा तैयारी को सुदृढ़ करना:** शहरी केंद्रों को अपनी विकास योजनाओं में आपदा प्रबंधन को एकीकृत करने को प्राथमिकता देनी चाहिये।
  - स्मार्ट सिटी मिशन **के अंतर्गत शहरों को** जोखिम-संवेदनशील ज़ोनिंग और स्वचालित मौसम निगरानी प्रणाली अपनाने के लिये अनिवार्य किया जा सकता है।
  - उदाहरण के लिये, **सूरत की पूर्व बाढ़ चेतावनी प्रणाली** ने मानसून के दौरान होने वाली क्षति को कम कर दिया।
  - स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत स्टार्टअप्स के साथ सहयोग करने से **शहरी आपदा सहनीयता प्रौद्योगिकियों में नवाचार को बढ़ावा** मिल सकता है।
- **जलवायु परिवर्तन शमन को आपदा जोखिम प्रबंधन के साथ एकीकृत करना:** भारत को प्रकृति आधारित समाधान अपनाकर अपनी जलवायु परिवर्तन शमन रणनीतियों को आपदा सहनीयता प्रयासों के साथ जोड़ना होगा।
  - हाल ही में किये गए एक अध्ययन में पाया गया है कि मैंग्रोव **प्रत्येक वर्ष वैश्विक स्तर पर बाढ़ से होने वाले नुकसान को 65 बिलियन डॉलर तक कम करते हैं। सुंदरबन जैसे तटीय क्षेत्रों में मैंग्रोव पुनर्भरण कार्यक्रमों** को लागू करने से कार्बन को पृथक् करते हुए चक्रवात के प्रभाव को कम किया जा सकता है।
- **संस्थागत क्षमता निर्माण और एकीकृत प्रतिक्रिया प्रणाली: NDMA, SDRF और स्थानीय सरकारों** जैसे संस्थानों के बीच समन्वय को सुव्यवस्थित करके आपदाओं के दौरान तेज़ी से आपदा मोचन सुनिश्चित किया जा सकता है।
  - रियल टाइम डेटा एनालिटिक्स से सुसज्जित **एकीकृत कमांड सेंटर** स्थापित करने से समन्वय में वृद्धि हो सकती है।
  - **राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) के कार्यों को GIS-आधारित नियोजन उपकरणों** जैसे तकनीकी प्लेटफॉर्मों से जोड़ने से दक्षता में और सुधार हो सकता है।
- **न्यायसंगत क्षतिपूर्ति के लिये लिंग-समावेशी आपदा नीतियाँ:** महिलाओं और सीमांत समूहों के समक्ष आने वाली विशिष्ट भेद्यताओं को दूर करने के लिये आपदा नीतियों में **लिंग-संवेदनशील दृष्टिकोण** को शामिल किया जाना चाहिये।
  - दीनदयाल अंत्योदय योजना **के अंतर्गत महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों (SHG) को आपदा राहत और क्षतिपूर्ति प्रयासों** में एकीकृत करने से समावेशी परिणाम सुनिश्चित हो सकते हैं।
- **सीमापार आपदा प्रबंधन फ्रेमवर्क तैयार करना: भारत को साझा आपदा जोखिमों के लिये सीमापार तंत्र विकसित** करने हेतु पड़ोसी देशों के साथ सहयोग करना चाहिये।
  - **चीन और बांग्लादेश** के साथ क्षेत्रीय सहयोग से बंगाल की खाड़ी में चक्रवात की तैयारी को बढ़ाया जा सकता है।
  - **SAARC आपदा प्रबंधन केंद्र की पहल** में सीमापार तंत्र को एकीकृत करने से क्षेत्रीय सुरक्षा संजाल का निर्माण हो सकता है।
- **आपदा शिक्षा और जागरूकता को संस्थागत बनाना:** स्कूल के पाठ्यक्रमों में आपदा तैयारी शिक्षा को शामिल करने से छोटी उम्र से ही सुरक्षा की संस्कृति का निर्माण हो सकता है।
  - **आपदा स्वयंसेवकों के लिये आपदा मित्र योजना** जैसे कार्यक्रमों को **ग्रामीण स्कूलों** तक विस्तारित किया जा सकता है ताकि छात्रों को बुनियादी मोचन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा सके।
  - **सोशल मीडिया के माध्यम से आपदा शिक्षा को** जोड़ने से अभिगम को बढ़ाया जा सकता है।

निष्कर्ष:

आपदा प्रबंधन अधिनियम- 2005 के कार्यान्वयन के साथ-साथ **आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सेंदई फ्रेमवर्क को शामिल करने से** राष्ट्रीय तैयारियों को काफी मज़बूती मिली है। हालाँकि, जलवायु-प्रेरित आपदाएँ, शहरी बाढ़ और औद्योगिक खतरे

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

जैसी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। आपदा प्रबंधन के लिये भारत के दृष्टिकोण को **प्रतिक्रियात्मक, राहत-केंद्रित मॉडल से प्रतिस्थापित कर सक्रिय, समुत्थानशील फ्रेमवर्क में बदलने की जरूरत है।**

भारत के आपदा सुरक्षा तंत्र का सुदृढ़ीकरण

वर्ष 2004 में हिंद महासागर में आई विनाशकारी सुनामी के लगभग 2 दशक बाद, जिसमें 230,000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी, भारत ने अपने **आपदा प्रबंधन दृष्टिकोण** को बदल दिया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम- 2005 के माध्यम से, इसने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल **की स्थापना** की, जो पीड़ित देश से क्षेत्रीय अग्रणी के रूप में विकसित हुआ है। फिर भी, इसकी विशाल तटरेखा, भौगोलिक विविधता और बढ़ती जलवायु सुभेद्यताओं के साथ निरंतर चुनौतियाँ बनी हुई हैं, जो **आपदा मोचन तंत्र में निरंतर सतर्कता** एवं **प्रगति की मांग** करती हैं।

भारत में आपदा प्रबंधन का दृष्टिकोण किस प्रकार विकसित हुआ है?

- **प्रारंभिक वर्ष: राहत-केंद्रित और प्रतिक्रियात्मक दृष्टिकोण (1980 के दशक से पूर्व)**
  - **राहत और पुनर्वास पर ध्यान:** स्वतंत्रता के बाद के प्रारंभिक वर्षों के दौरान, भारत में आपदा प्रबंधन प्रतिक्रियात्मक राहत प्रयासों, जैसे कि **खाद्य वितरण, अस्थायी आश्रय** और **चिकित्सा सहायता तक सीमित** था।
    - इसकी जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य सरकारों की होती है, जिन्हें बड़ी आपदाओं के दौरान केंद्रीय सहायता प्राप्त होती है।
    - **बिहार अकाल (वर्ष 1966-67)** और **वर्ष 1972 के सूखे** जैसी घटनाओं ने राहत वितरण में अकुशलता और निवारक उपायों की कमी को उजागर किया।
- **योजना और तैयारी की ओर संक्रमण (1980-2000 का दशक)**
  - **संस्थागत फोकस में वृद्धि: पर्यावरण विभाग (वर्ष 1980)** की स्थापना, जो बाद में पर्यावरण और वन मंत्रालय के रूप में विकसित हुआ, ने आपदा से जुड़ी पर्यावरणीय चिंताओं को दूर करने का प्रयास किया।
  - **प्रमुख घटनाओं पर प्रतिक्रिया: सबसे भयावह औद्योगिक आपदाओं में से एक, भोपाल गैस त्रासदी (वर्ष 1984) ने** उद्योगों में सख्त सुरक्षा नियमों और आपदा प्रबंधन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।
    - **आंध्र प्रदेश में चक्रवात (वर्ष 1990)** और **लातूर भूकंप (वर्ष 1993)** के कारण राहत समन्वय में सुधार हुआ, लेकिन रोकथाम व शमन सीमित रहा।
  - **राष्ट्रीय संगठनों का गठन:** वर्ष 1990 में, देश भर में चक्रवात चेतावनी गतिविधियों का समन्वय करने और क्षेत्रीय मार्गदर्शन प्रदान करने के लिये **क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्र-उष्णकटिबंधीय चक्रवात (RSMC-TC)** के रूप में कार्य करने के लिये नई दिल्ली में **चक्रवात चेतावनी निदेशालय की स्थापना** की गई थी।
- **आपदा प्रबंधन का संस्थागतकरण (2000 का दशक)**
  - **निर्णायक बिंदु के रूप में प्रमुख आपदाएँ: भुज भूकंप (वर्ष 2001) ने** शहरी नियोजन और बुनियादी अवसंरचना की सुरक्षा में भेद्यताओं को उजागर किया, जिससे तैयारियों में प्रणालीगत सुधारों को बढ़ावा मिला।
    - **हिंद महासागर में आई सुनामी (वर्ष 2004)** ने भारी तबाही मचाई, जिसके कारण भारत की आपदा प्रबंधन रणनीतियों में आमूलचूल परिवर्तन आया।
  - **आपदा प्रबंधन अधिनियम (वर्ष 2005) का अधिनियमन:** इस अधिनियम ने भारत में आपदा प्रबंधन को संस्थागत रूप दिया तथा एक समर्पित फ्रेमवर्क तैयार किया।
    - **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) की** स्थापना की गई, जिसमें **राज्य (SDMA)** और **ज़िला (DDMA) समकक्ष** शामिल हैं।
    - आपदा प्रबंधन के चार स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया: न्यूनीकरण, तैयारी, मोचन और पुनर्वास।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :



- **सक्रिय और समुत्थानशीलता-केंद्रित उपागम (वर्ष 2010-वर्तमान)**
  - **शमन और समुत्थानशक्ति की ओर संक्रमण:** ह्योगो फ्रेमवर्क फॉर एक्शन (वर्ष 2005-2015) और सेंदइ फ्रेमवर्क फॉर डिज़ास्टर रिस्क रिडक्शन (वर्ष 2015-2030) जैसे वैश्विक फ्रेमवर्क के तहत जोखिम में कमी पर ज़ोर।
  - **प्रौद्योगिकी का संक्रमण:** डॉपलर रडार, बाढ़ पूर्वानुमान और रियल टाइम डेटा साझाकरण शेयरिंग जैसी उन्नत प्रणालियाँ।
  - **समुदाय-केंद्रित और समावेशी रणनीतियाँ:** आपदा मित्र और स्कूल आपदा प्रबंधन योजना जैसे कार्यक्रम स्थानीय समुदायों को प्रथम मोचनकर्त्ता के रूप में कार्य करने के लिये सशक्त बनाते हैं।
  - **वैश्विक सहयोग:** भारत SAARC डिज़ास्टर मैनेजमेंट सेंटर और यूनाइटेड नेशंस ऑफिस फॉर डिज़ास्टर रिस्क रिडक्शन जैसे वैश्विक फ्रेमवर्क में योगदान देता है तथा उनसे लाभान्वित होता है।
    - कोलिशन फॉर डिज़ास्टर रेज़िलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (CDRI) में भागीदारी।
- **विकासशील फोकस क्षेत्र:**
  - **जलवायु-प्रेरित आपदाओं से निपटना:** जलवायु-संबंधी बढ़ते जोखिमों के कारण भारत ने आपदा प्रबंधन योजनाओं में जलवायु अनुकूलन को शामिल किया।
    - बाढ़ को कम करने के लिये नमामि गंगे जैसे कार्यक्रमों के अंतर्गत **मैंग्रोव पुनरुद्धार** जैसे **प्रकृति-आधारित समाधानों** पर ध्यान केंद्रित किया गया।
  - **शहरी आपदा प्रबंधन:** शहरी बाढ़ जैसे जोखिमों से निपटने के लिये स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत विकास फ्रेमवर्क में शहरी समुत्थानशक्ति को एकीकृत किया जा रहा है।
    - **वर्ष 2022 की बाढ़ के बाद बंगलुरु की बाढ़ प्रबंधन योजनाओं** में आर्द्रभूमि पुनर्भरण और स्टॉर्मवाटर अवसंरचना उन्नयन पर ज़ोर दिया गया है।

भारत के सामने प्रमुख आपदा चुनौतियाँ क्या हैं?

- **जलवायु-प्रेरित आपदाओं में वृद्धि:** भारत जलवायु परिवर्तन के कारण **चरम मौसमी घटनाओं** की बढ़ती आवृत्ति का अनुभव कर रहा है, जिससे शमन फ्रेमवर्क में अंतराल उजागर हो रहा है।
  - चक्रवात मोखा (वर्ष 2023) **ने सुंदरबन को प्रभावित किया,** जबकि हिमाचल प्रदेश (वर्ष 2023) में रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण **10,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान** हुआ, जो वनों की कटाई तथा अनियमित विकास के कारण और भी बढ़ गया।
  - एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि **भारत को वर्ष 2023 में 365 दिनों में से 314 दिनों में चरम मौसमी घटनाओं का सामना करना पड़ा।**
    - **जलवायु-अनुकूल बुनियादी अवसंरचना की कमी** से मानवीय और आर्थिक दोनों तरह की भेद्यता बढ़ जाती हैं।
- **अव्यवस्थित शहरीकरण के परिणामस्वरूप शहरी बाढ़:** संधारणीय योजना के बिना तीव्रता से शहरी विस्तार ने शहरों को बाढ़ के हॉटस्पॉट में बदल दिया है।
  - तीव्र शहरीकरण के कारण शहरी बाढ़ की चुनौती बढ़ गई है, जिसके कारण **विकसित शहरों में जल स्तर 1.8 से 8 गुना तक बढ़ गया है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **वर्ष 2021 में चेन्नई में आई बाढ़,** पुरानी जल निकासी प्रणालियों और आर्द्रभूमि पर अवैध निर्माण के कारण हुई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया तथा आर्थिक नुकसान हुआ।
- वर्ष 2022 की **बंगलुरु बाढ़** मुख्य रूप से **नगर निकाय में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण हुई,** जिसके परिणामस्वरूप झीलों, झील तलों, स्टॉर्मवाटर ड्रेन्स (**राजकालुवे**) और बफर ज़ोन पर व्यापक अतिक्रमण हुआ।

- **हिमालय की संवेदनशीलता और हिमनद-स्खलन:** पिघलते ग्लेशियर और अस्थिर हिमालयी भू-स्खलन और हिमनद झीलों आउटबर्स्ट जैसी उच्च-परिमाण वाली आपदाओं को जन्म दे रहे हैं।
  - केदारनाथ बाढ़ **(वर्ष 2013)** और **चमोली आपदा (वर्ष 2021)** ने अनियंत्रित जलविद्युत परियोजनाओं एवं निर्वनीकरण के कारण बढ़ते खतरों को उजागर किया।
  - वर्ष 1975 से 2000 तक हिमालय के ग्लेशियरों में प्रतिवर्ष औसतन 4 बिलियन टन बर्फ पिघल गई, जो **वर्ष 2000 से 2016 के बीच दोगुनी होकर 8 बिलियन टन प्रतिवर्ष** हो गई।
  - इससे न केवल आजीविका खतरे में पड़ती है, बल्कि लाखों लोगों की जल सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है।
- **औद्योगिक खतरे और बढ़ती रासायनिक आपदाएँ:** भारत में औद्योगिक सुरक्षा मानदंडों के लापरवाह क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप बार-बार औद्योगिक दुर्घटनाएँ हो रही हैं।
  - विजाग गैस रिसाव **(वर्ष 2020)** से 10,000 से अधिक लोग जहरीले धुएँ के संपर्क में आ गए, जबकि **लुधियाना गैस त्रासदी (वर्ष 2023)** ने खतरनाक सामग्रियों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की कमी को उजागर किया।
  - सरकारी आँकड़ों से पता चलता है कि अपर्याप्त सुरक्षा उपायों के कारण **भारतीय कारखानों में प्रतिदिन** औसतन 3 श्रमिक अपनी जान गँवा देते हैं, तथापि **NDMA के रासायनिक आपदा मानकों का अभी भी**, विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों में, लगातार **क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है।**

- **कृषि संबंधी भेद्यताएँ और सूखे का खतरा:** अनियमित मानसून, गर्म हवाएँ और भू-जल में कमी ने सूखे की स्थिति को और गंभीर कर दिया है, जिससे **भारत की कृषि अर्थव्यवस्था असंतुलित** हो गई है।
  - वर्ष 2022 के **लातूर सूखे** में फसलें बर्बाद हो गईं। **लातूर में 60% से अधिक लोग** खेती-बाड़ी में लगे हैं, जिससे सूखा एक गंभीर मुद्दा बन गया है
  - वर्ष **2030 तक 40% भारतीयों के पास पीने योग्य शुद्ध जल नहीं** होगा (NITI आयोग)। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना **(PMKSY) जैसी योजनाओं के बावजूद,** सिंचाई का बुनियादी अवसंरचना और वर्षा जल संचयन अपर्याप्त है।
- **वनाग्नि और कार्बन सिंक की क्षति:** जलवायु परिवर्तन और मानव-प्रेरित कारकों के कारण भारत में वनाग्नि की आवृत्ति और तीव्रता दोनों में वृद्धि हो रही है।
  - भारत वन स्थिति रिपोर्ट **(ISFR)- 2023** से पता चला है कि अकेले उत्तराखंड में **नवंबर 2022 से जून 2023 के** दौरान **5,351 वनाग्नि की घटना** दर्ज की गई।
  - **ओडिशा (वर्ष 2021) में सिमलीपाल की वनाग्नि** 10 दिनों से अधिक समय तक चली, जिससे लगभग एक तिहाई क्षेत्र प्रभावित हुआ।
- **आपदाओं के बाद स्वास्थ्य संकट:** आपदाओं से **सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात-स्थितियाँ और भी गंभीर हो जाती हैं,** जिससे स्वच्छता व्यवस्था बाधित हो जाती है, जल आपूर्ति दूषित हो जाती है, तथा स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियाँ कमज़ोर हो जाती हैं।
  - उदाहरण के लिये, वर्ष 2018 की **केरल बाढ़** के बाद जलजनित बीमारियाँ बढ़ गईं, जिनमें **लेप्टोस्पायरोसिस** और **हैजा** सबसे आम थे।
  - मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों की सीमित तैनाती और आपदा मोचन के लिये धीमी प्रतिक्रिया समय, आपदा स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी अवसंरचना में स्पष्ट अंतराल को उजागर करते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **कमज़ोर पूर्व चेतावनी प्रणालियाँ और समन्वय विफलताएँ:** यद्यपि तकनीकी प्रगति ने पूर्वानुमान में सुधार किया है, फिर भी लास्ट माइल कनेक्टिविटी में अंतराल गंभीर बना हुआ है।
  - **विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) रिपोर्ट-2023** में बताया गया है कि भारत पूर्व चेतावनी प्रणाली प्रभावशीलता के मामले में 21 देशों में से 14वें स्थान पर है, तथा जोखिम ज्ञान, अवलोकन, पूर्वानुमान, चेतावनी, प्रसार और तैयारी में इसे औसत से भी कम अंक प्राप्त हुए हैं।
- **आपदाओं में लैंगिक और सामाजिक असमानताएँ:** आपदाएँ मौजूदा सामाजिक भेद्यताओं को बढ़ाती हैं, जिसमें महिलाएँ, बच्चे एवं सीमांत समूह असमान रूप से प्रभावित होते हैं।
  - उदाहरण के लिये, अम्फान और यास जैसे चक्रवातों के बाद **प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों को तस्करों द्वारा निशाना बनाया गया** तथा समुदायों के पुनर्वास के लिये संघर्ष करने के कारण सामाजिक असमानताएँ और भी बदतर हो गईं।
- **संस्थागत फ्रेमवर्क और वित्तपोषण में अंतराल:** भारत का आपदा प्रबंधन फ्रेमवर्क **सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रियात्मक** बना हुआ है, तथा इसमें शमन प्रयासों के लिये वित्तपोषण अपर्याप्त है।
  - सत्र 2021-22 से सत्र 2025-26 तक NDRMF के लिये कुल ₹68,463 करोड़ आवंटित किये गए हैं, जिसमें से 80% राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष के लिये तथा **केवल 20% राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष के लिये** रखा गया है।
  - लापरवाह संस्थागत उत्तरदायित्व और खंडित नीतियाँ प्रभावी आपदा जोखिम न्यूनीकरण और समुत्थानशक्ति निर्माण में बाधा डालती हैं।

आपदा प्रबंधन में भारत अन्य देशों से क्या सीख सकता है?

- **जापान की भूकंप संबंधी तैयारी:** जापान के **सख्त भवन नियम, बुनियादी अवसंरचना का नवीनीकरण** और **नियमित भूकंप अभ्यास** भूकंपीय घटनाओं के दौरान न्यूनतम हताहत आँकड़ा सुनिश्चित करते हैं।
  - भारत हिमालय जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के भूकंपीय सुरक्षा मानदंड अपना सकता है।
- **बांग्लादेश का चक्रवात प्रबंधन: बांग्लादेश की कुशल निकासी रणनीतियों** ने चक्रवात से संबंधित मौतों में भारी कमी की है। भारत तटीय क्षेत्रों में समुदाय-आधारित आपदा नियोजन में सुधार कर सकता है।
- **नीदरलैंड का बाढ़ प्रबंधन:** नीदरलैंड में समुद्र से आने वाले तूफानी लहरों से सुरक्षा के लिये **तटबंधों, बांधों और बाढ़द्वारों का एक नेटवर्क** है।
  - भारत के शहरी बाढ़ प्रबंधन को मुंबई और चेन्नई जैसे शहरों में इन समाधानों को अपनाने से लाभ मिल सकता है।
- **दक्षिण कोरिया का तकनीकी एकीकरण:** दक्षिण कोरिया में **एजेंसियों के बीच आपदा मोचन समन्वय के लिये एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म** का उपयोग किया जाता है। भारत बेहतर अंतर-एजेंसी समन्वय के लिये केंद्रीकृत कमांड सिस्टम अपना सकता है।
- **स्वीडन की जलवायु अनुकूलन:** स्वीडन की सक्रिय जलवायु अनुकूलन नीतियों में शहरी नियोजन के साथ आपदा जोखिम न्यूनीकरण को एकीकृत करना शामिल है।
  - भारत अपने **स्मार्ट सिटी मिशन** को जलवायु अनुकूल रणनीतियों के साथ संरेखित कर सकता है।

आपदा समुत्थानशीलता और न्यूनीकरण को बढ़ाने के लिये भारत क्या उपाय अपना सकता है?

- **जलवायु-अनुकूल बुनियादी अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण: भारत को जलवायु-अनुकूल बुनियादी अवसंरचना में निवेश करने की आवश्यकता** है जो चक्रवात, बाढ़ और हीटवेव्स जैसी चरम मौसमी घटनाओं का सामना कर सके।
  - **तटीय क्षेत्रों में हरित भवन, बाढ़ प्रतिरोधी शहरी जल निकासी प्रणालियाँ** और चक्रवात रोधी आवास विकसित करना आवश्यक है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- उदाहरण के लिये, **ओडिशा के चक्रवात आश्रय स्थलों** ने अनगिनत लोगों की जान बचाई है, यह एक ऐसा मॉडल है जिसे पूरे देश में अपनाया जा सकता है।
- **स्मार्ट सिटी मिशन को जलवायु-अनुकूलन हेतु योजना** के साथ एकीकृत करने से यह सुनिश्चित हो सकता है कि शहरी विकास आपदा न्यूनीकरण लक्ष्यों के अनुरूप हो।

- **समुदाय-आधारित आपदा जोखिम न्यूनीकरण (CBDRR) का कार्यान्वयन: स्थानीय समुदायों को प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण एवं आपदा तैयारी अभ्यास** के माध्यम से जोखिमों का प्रबंधन करने के लिये सशक्त बनाया जाना चाहिये।
  - महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम **(MGNREGA) को समुदाय-आधारित जोखिम मानचित्रण** के साथ संयोजित करके तटबंधों और चेकडैम जैसी स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण किया जा सकता है।
- **शहरी और ग्रामीण बाढ़ से निपटने के लिये एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन (IWRM):** जल प्रबंधन के लिये एकीकृत दृष्टिकोण से बाढ़ और सूखे की चुनौतियों का एक साथ समाधान किया जा सकता है।
  - इसमें **आर्द्रभूमि का पुनर्भरण** करना, **शहरी वर्षा जल संचयन प्रणालियों का निर्माण** करना और **नदियों के किनारे तटबंधों का सुदृढ़ीकरण** शामिल है।
  - **नमामि गंगे** को **शहर स्तरीय बाढ़ रोकथाम योजनाओं के साथ एकीकृत** करने से शहरी बाढ़ की समस्या से निपटा जा सकता है, साथ ही नदी की स्थिति को भी बेहतर बनाया जा सकता है।
- **प्रौद्योगिकी के साथ प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों का आधुनिकीकरण:** भारत को प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को आधुनिक बनाने के लिये **AI, IoT** और **भू-स्थानिक मानचित्रण** जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाना चाहिये।
  - मोबाइल अलर्ट को **स्थानीय भाषा समर्थन** के साथ एकीकृत करने के लिये **कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (CAP)** के दायरे का विस्तार करने से अंतिम-मील संचार को बढ़ाया जा सकता है।
  - उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की निगरानी के लिये **ISRO की उपग्रह क्षमताओं** का **AI-संचालित मॉडल के साथ मिलकर** लाभ उठाना आपदा मोचन समय को कम कर सकता है।
- **भूकंपीय क्षेत्रों में पुनर्निर्माण और भवन संहिताओं को लागू करना: भारत को भूकंपीय सुरक्षा संहिताओं** के साथ कड़े अनुपालन को लागू करने की आवश्यकता है, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों और **हिमालय जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में।**
  - **पुरानी संरचनाओं,** विशेषकर स्कूलों और अस्पतालों का नवीनीकरण करने से भूकंप के दौरान होने वाली हताहतों की संख्या को कम किया जा सकता है।
  - ऐसे प्रयासों को **प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के साथ जोड़कर** यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि किफायती आवास आपदा-रोधी मानदंडों का पालन करें।
- **आपदा से होने वाले नुकसान के लिये बीमा कवरेज को बढ़ाना: किसानों, छोटे व्यवसायों और कमज़ोर आबादी** के लिये अनुकूलित सूक्ष्म बीमा योजनाएँ विकसित करने से आपदाओं के बाद होने वाले वित्तीय नुकसान को कम किया जा सकता है।
  - **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)** के तहत फसल बीमा को शीघ्र भुगतान के लिये पैरामीट्रिक बीमा मॉडल के साथ जोड़ने से समय पर राहत मिल सकती है।
  - **जन धन खातों के अंतर्गत वित्तीय समावेशन एजेंडे में आपदा बीमा** को एकीकृत करने से व्यापक कवरेज सुनिश्चित हो सकती है, विशेष रूप से बार-बार होने वाली आपदाओं से ग्रस्त ग्रामीण क्षेत्रों में।
- **स्मार्ट सिटी मिशन के माध्यम से शहरी आपदा तैयारी को सुदृढ़ करना:** शहरी केंद्रों को अपनी विकास योजनाओं में आपदा प्रबंधन को एकीकृत करने को प्राथमिकता देनी चाहिये।
  - स्मार्ट सिटी मिशन **के अंतर्गत शहरों को** जोखिम-संवेदनशील ज़ोनिंग और स्वचालित मौसम निगरानी प्रणाली अपनाने के लिये अनिवार्य किया जा सकता है।
  - उदाहरण के लिये, **सूरत की पूर्व बाढ़ चेतावनी प्रणाली** ने मानसून के दौरान होने वाली क्षति को कम कर दिया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट :

- स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत स्टार्टअप्स के साथ सहयोग करने से **शहरी आपदा सहनीयता प्रौद्योगिकियों में नवाचार को बढ़ावा** मिल सकता है।

- **जलवायु परिवर्तन शमन को आपदा जोखिम प्रबंधन के साथ एकीकृत करना:** भारत को प्रकृति आधारित समाधान अपनाकर अपनी जलवायु परिवर्तन शमन रणनीतियों को आपदा सहनीयता प्रयासों के साथ जोड़ना होगा।
  - हाल ही में किये गए एक अध्ययन में पाया गया है कि मैंग्रोव **प्रत्येक वर्ष वैश्विक स्तर पर बाढ़ से होने वाले नुकसान को 65 बिलियन डॉलर तक कम करते हैं। सुंदरबन जैसे तटीय क्षेत्रों में मैंग्रोव पुनर्भरण कार्यक्रमों** को लागू करने से कार्बन को पृथक् करते हुए चक्रवात के प्रभाव को कम किया जा सकता है।
- **संस्थागत क्षमता निर्माण और एकीकृत प्रतिक्रिया प्रणाली:** **NDMA, SDRF और स्थानीय सरकारों** जैसे संस्थानों के बीच समन्वय को सुव्यवस्थित करके आपदाओं के दौरान तेज़ी से आपदा मोचन सुनिश्चित किया जा सकता है।
  - रियल टाइम डेटा एनालिटिक्स से सुसज्जित **एकीकृत कमांड सेंटर** स्थापित करने से समन्वय में वृद्धि हो सकती है।
  - **राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) के कार्यों को GIS-आधारित नियोजन उपकरणों** जैसे तकनीकी प्लेटफॉर्मों से जोड़ने से दक्षता में और सुधार हो सकता है।
- **न्यायसंगत क्षतिपूर्ति के लिये लिंग-समावेशी आपदा नीतियाँ:** महिलाओं और सीमांत समूहों के समक्ष आने वाली विशिष्ट भेद्यताओं को दूर करने के लिये आपदा नीतियों में **लिंग-संवेदनशील दृष्टिकोण** को शामिल किया जाना चाहिये।
  - **दीनदयाल अंत्योदय योजना के अंतर्गत महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों (SHG) को आपदा राहत और क्षतिपूर्ति प्रयासों** में एकीकृत करने से समावेशी परिणाम सुनिश्चित हो सकते हैं।
- **सीमापार आपदा प्रबंधन फ्रेमवर्क तैयार करना: भारत को साझा आपदा जोखिमों के लिये सीमापार तंत्र विकसित** करने हेतु पड़ोसी देशों के साथ सहयोग करना चाहिये।
  - **चीन और बांग्लादेश** के साथ क्षेत्रीय सहयोग से बंगाल की खाड़ी में चक्रवात की तैयारी को बढ़ाया जा सकता है।
  - **SAARC आपदा प्रबंधन केंद्र की पहल** में सीमापार तंत्र को एकीकृत करने से क्षेत्रीय सुरक्षा संजाल का निर्माण हो सकता है।
- **आपदा शिक्षा और जागरूकता को संस्थागत बनाना:** स्कूल के पाठ्यक्रमों में आपदा तैयारी शिक्षा को शामिल करने से छोटी उम्र से ही सुरक्षा की संस्कृति का निर्माण हो सकता है।
  - **आपदा स्वयंसेवकों के लिये आपदा मित्र योजना** जैसे कार्यक्रमों को **ग्रामीण स्कूलों** तक विस्तारित किया जा सकता है ताकि छात्रों को बुनियादी मोचन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा सके।
  - **सोशल मीडिया के माध्यम से आपदा शिक्षा को** जोड़ने से अभिगम को बढ़ाया जा सकता है।

निष्कर्ष:

आपदा प्रबंधन अधिनियम- 2005 के कार्यान्वयन के साथ-साथ **आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सेंदई फ्रेमवर्क को शामिल करने से** राष्ट्रीय तैयारियों को काफी मज़बूती मिली है। हालाँकि, जलवायु-प्रेरित आपदाएँ, शहरी बाढ़ और औद्योगिक खतरे जैसी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। आपदा प्रबंधन के लिये भारत के दृष्टिकोण को **प्रतिक्रियात्मक, राहत-केंद्रित मॉडल से प्रतिस्थापित कर सक्रिय, समुत्थानशील फ्रेमवर्क में बदलने की जरूरत है।**

■■■

भारत के वनों का पुनरुद्धार

वन रिपोर्ट 2023 के अनुसार भारत का वन क्षेत्र **कुल भूमि क्षेत्र का 25% है**, जिसे सकारात्मक विकास के रूप में देखा जाता है, लेकिन आलोचकों का तर्क है कि यह **वन स्वास्थ्य और प्रबंधन में अंतर्निहित चिंताओं को उजागर नही करता है।** जबकि स्वतंत्रता के बाद के कानून जैसे कि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 और वन अधिकार अधिनियम 2006 का उद्देश्य औपनिवेशिक नीतियों में सुधार करना था, लेकिन विकास के दबाव और जलवायु परिवर्तन के कारण उनके कार्यान्वयन में कमी आई है। वन पारिस्थितिकी तंत्र को वनाग्नि में वृद्धि, संरक्षण निधि की कमी और बिगड़ती सुरक्षा से और भी अधिक खतरा है। भारत के वनों के संरक्षण के लिये, एक व्यापक रणनीति आवश्यक है जिसमें सतत् रिपोर्टिंग, बेहतर संसाधन उपयोग और सामुदायिक भागीदारी शामिल हो।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने और राष्ट्र के विकास में वनों की क्या भूमिका है?

- **आजीविका और रोज़गार सृजन:** भारत में, **भारतीय वन सर्वेक्षण (2019)** के अनुसार कुल 650,000 गाँवों में से लगभग 26% को वन सीमांत गाँवों के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, जहाँ वन महत्त्वपूर्ण सामाजिक-सांस्कृतिक और आजीविका आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- उदाहरण के लिये कागज, फार्मास्यूटिकल्स और हस्तशिल्प जैसे वन-आधारित उद्योग रोज़गार में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं।

- **जलवायु विनियमन और कार्बन पृथक्करण:** भारत के वन प्रतिवर्ष लाखों टन CO_2 को संग्रहित करके जलवायु परिवर्तन को कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
  - **यह वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन** प्राप्त करने और कार्बन क्रेडिट बनाने की भारत की प्रतिबद्धता का समर्थन करता है ।
  - हरित भारत मिशन के अंतर्गत हाल ही में किये गए वनरोपण प्रयासों का लक्ष्य **26 मिलियन हेक्टेयर** बंजर भूमि को पुन: उपजाऊ बनाना है।
- **लकड़ी और उद्योग के माध्यम से आर्थिक योगदान:** वानिकी क्षेत्र **भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 1.7% का योगदान** देता है, जो फर्नीचर, निर्माण और कागज निर्माण जैसे उद्योगों को सहायता प्रदान करता है।
  - राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति (2014) ने यूकेलिप्टस जैसी तेज़ी से बढ़ने वाली प्रजातियों के रोपण को सुविधाजनक बनाया है, जिससे उद्योगों को लाभ और ग्रामीण आय में वृद्धि हुई है।
- **जैव विविधता और पारिस्थितिकी पर्यटन: वन भारत की स्थलीय जैवविविधता का अधिकांश** भाग धारण करते हैं, जो पारिस्थितिकी पर्यटन एवं संरक्षण से जुड़ी आजीविका को बढ़ावा देते हैं।
  - **उदाहरण के लिये रणथंभौर और** कॉर्बेट जैसे बाघ अभयारण्य प्रतिवर्ष लाखों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।
  - **प्रोजेक्ट टाइगर पहल** से **वर्ष 2023 तक** बाघों की आबादी दोगुना होकर 3925 तक पहुँच गई है, जिससे भारत की वैश्विक संरक्षण छवि को बढ़ावा मिला है।
  - यह जैवविविधता **परागण जैसी पारिस्थितिकी सेवाओं को भी बढ़ावा देती है, जो कृषि और खाद्य सुरक्षा** के लिये महत्त्वपूर्ण है।
- **नवीकरणीय ऊर्जा और बायोमास उपयोग:** वन बायोमास ऊर्जा प्रदान करते हैं, जो भारत के नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन में सहायक है।
  - राष्ट्रीय जैव-ऊर्जा मिशन वन अवशेषों के सतत् उपयोग को बढ़ावा देता है, जिससे वर्ष **2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद** मिलती है।
  - **वन अवशेषों का उपयोग सतत् योजना** जैसी पहल के तहत जैव ईंधन उत्पादन के लिये भी किया जा रहा है।
- **जलग्रहण क्षेत्र और मृदा संरक्षण:** वन वर्षा, वाष्पीकरण, प्रवाह को नियंत्रित करके जल चक्र को नियंत्रित करने में मदद करते हैं तथा मृदा अपरदन को रोकते हैं, जिससे कृषि उत्पादकता सुनिश्चित होती है।
  - **वनाच्छादित जलग्रहण क्षेत्र सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र** जैसी महत्त्वपूर्ण नदी प्रणालियों में योगदान करते हैं, तथा **700 मिलियन** लोगों को जीवनयापन में सहायता करते हैं।
- **सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्त्व:** भारत में वनों का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्त्व बहुत अधिक है, जो पवित्र वनों की पूजा (जैसे, मेघालय में **खासी पवित्र वन) जैसी परंपराओं और** प्रथाओं में गहराई से निहित है।
  - इससे जैवविविधता वाले प्रमुख स्थलों को संरक्षित करने तथा पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।
  - उदाहरण के लिये चिपको आंदोलन वनों और सांस्कृतिक विरासत के बीच अंतर्संबंधित संबंधों का प्रमाण है।
- **आपदा न्यूनीकरण और लचीलापन:** वन चक्रवात, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं के विरुद्ध प्राकृतिक अवरोधक के रूप में कार्य करते हैं, जिससे प्रतिवर्ष अरबों डॉलर का आर्थिक नुकसान बचाया जा सकता है।
  - **ओडिशा के भीतरकनिका** में मैंग्रोव ने चक्रवात दाना के प्रभाव से बचाव किया, जिससे तूफानी लहरों से सुरक्षा में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित हुई।
  - मैंग्रोव इनिशिएटिव फॉर शोरलाइन हैबिटेट्स एंड टैंगिबल इनकम (MISHTI) योजना सतत् विकास में उनकी भूमिका को रेखांकित करती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

भारत के वनों की स्थिरता के लिये प्रमुख खतरे क्या हैं?

- **निर्वनीकरण और भूमि-उपयोग परिवर्तन:** भारत के वन, व्यापक रूप से **बस्तियों के विस्तार और बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं** हेतु वनों की कटाई से प्रभावित हैं।
  - सरकारी आँकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2021 और वर्ष 2023 के बीच **1,488 वर्ग किमी 'अवर्गीकृत वन'** (सरकारी स्वामित्व के तहत गैर-अधिसूचित वन) का नुकसान हुआ है, तथा आलोचकों का तर्क है कि **इसके लिये ISFR, 2023 में** कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।
  - उदाहरण के लिये **छत्तीसगढ़ में हसदेव अरंड कोयला खनन परियोजना** ने जैव विविधता से भरपूर वनों के विनाश को लेकर विरोध प्रदर्शन को जन्म दिया है।
    - ऐसे परिवर्तन पारिस्थितिकी तंत्र को अपरिवर्तनीय रूप से नष्ट तथा वनों की स्थिरता को कम कर देते हैं।
- **जलवायु परिवर्तन और वनाग्नि:** वैश्विक तापमान में वृद्धि और अनियमित वर्षा के कारण भारतीय वनाग्नि और सूखाग्रस्त के प्रति अधिक संवेदनशील हो गए हैं।
  - भारत में **705 संरक्षित क्षेत्रों** में वनाग्नि FSI द्वारा हाल ही में किये गए विश्लेषण से पता चला है कि **इस मौसम में राष्ट्रीय उद्यानों में 6,046 घटनाएँ हुईं।**
  - **आंध्र प्रदेश के पापिकोंडा राष्ट्रीय उद्यान** में सबसे अधिक मामले दर्ज किये गए, इसके बाद **छत्तीसगढ़ के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान** और **असम के मानस राष्ट्रीय उद्यान** का स्थान रहा है।
- **अवैध कटाई और लकड़ी की तस्करी:** अवैध कटाई से सागौन और चंदन जैसी बहुमूल्य वृक्ष प्रजातियाँ नष्ट हो जाती हैं, जैवविविधता को खतरा होता है तथा पारिस्थितिकी तंत्र में व्यवधान उत्पन्न होता है।
  - उदाहरण के लिये **आंध्र प्रदेश में** लाल चंदन की तस्करी के कारण संरक्षित क्षेत्रों में वनों की कटाई हुई है।
    - कठोर वन कानूनों के बावजूद, सीमित प्रवर्तन और छिद्रपूर्ण सीमाएँ इस समस्या को और बढ़ा रही हैं।
  - इसके अलावा, **भारत लकड़ी का शुद्ध आयातक बन गया** है और देश ने **वर्ष 2023 में 2.7 बिलियन डॉलर** से अधिक मूल्य की लकड़ी का आयात किया है।
- **अतिक्रमण और आवास विखंडन:** कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिये अतिक्रमण से वनों का विखंडन होता है तथा वन्यजीव गलियारे बाधित होते हैं।
  - वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत पिछले 15 वर्षों में भारत में 3 लाख हेक्टेयर से अधिक **वन भूमि को गैर-वानिकी उपयोग के लिये** हस्तांतरित किया गया है।
  - **चार धाम रोड प्रोजेक्ट** जैसे बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं ने **महत्त्वपूर्ण हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र** को खंडित कर दिया है, जिससे हिम तेंदुए और लाल पांडा जैसी प्रजातियाँ खतरे में पड़ गई हैं।
- **गैर-लकड़ी वन उत्पादों (NTFP) का अत्यधिक दोहन:** **बाँस, तेंदू के पत्ते और औषधीय पौधों** जैसे गैर-लकड़ी वन उत्पादों की अत्यधिक कटाई से वन पुनर्जनन में बाधा उत्पन्न होती है।
  - इससे **जैव विविधता और आजीविका दोनों को खतरा है। उदाहरण के लिये कर्नाटक में चंदन के जंगलों के समाप्त होने से** स्थानीय फ्रेग्रेन्स इंडस्ट्रीज पर असर पड़ा है।
- **आक्रामक प्रजातियों का उदय:** ***प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा*** जैसी आक्रामक विदेशी प्रजातियों के प्रसार से भारत के वनों और जैवविविधता में कमी आ रही है।
  - उदाहरण के लिये ***लैंटाना कैमरा***, जिसे अंग्रेज़ों द्वारा लाया गया था, अब भारत में सबसे अधिक आक्रामक पादप प्रजातियों में से एक बन गया है, जो **बाघ क्षेत्र के 40% हिस्से को कवर करता है।**
  - ये प्रजातियाँ देशी पौधों को मात देती हैं, जैसा कि **राजस्थान के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान** में देखा गया है।
- **मानव-वन्यजीव संघर्ष:** वन विखंडन से मानव-वन्यजीव संघर्ष **में वृद्धि हुई है,** जिससे मानव जीवन एवं संरक्षण प्रयास दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- वर्ष 2019 और 2024 के बीच **भारत में हाथियों के हमलों में 2,727 मृत्यु हुईं,** जबकि बाघों के हमलों में 349 लोगों की जान गई।
- **उदाहरण के लिये बंगलुरु में मानव-पशु संघर्ष के कारण मानव और पशु दोनों ही** हताहत हुए, जिसके कारण **तेंदुआ एवं हाथी टास्क फोर्स** का गठन किया गया।

- **कमज़ोर प्रवर्तन और प्रशासन:** वन कानूनों का अप्रभावी प्रवर्तन और नीतियों के विलंबित कार्यान्वयन से सतत् वन प्रबंधन कमज़ोर होता है।
  - प्रतिपूरक वनीकरण निधि अधिनियम (2016) के बावजूद, वर्ष 2021-22 में प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण के तहत स्वीकृत धनराशि का केवल 48% ही उपयोग किया गया।
  - वन अधिकार अधिनियम (2006) का भी क्रियान्वयन ठीक से नहीं हुआ है, नौकरशाही बाधाओं के कारण बड़ी संख्या में दावे खारिज कर दिये गए हैं।
  - इसके अलावा, **वन संरक्षण अधिनियम, 1980 में हाल ही में किए गए संशोधनों ने** भारत में वन संरक्षण की रूपरेखा पर विवादास्पद कानूनी बहस को जन्म दे दिया है।



- **प्रदूषण और पारिस्थितिकी तंत्र का ह्रास:** औद्योगिक और शहरी गतिविधियों से होने वाला प्रदूषण वनों की मिट्टी की उर्वरता और जल की गुणवत्ता को कम करता है, जिससे वन पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है।
  - CWC की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में **328 नदी निगरानी स्टेशनों में से 141 (43%)** में जनवरी और दिसंबर 2022 के बीच एक या एक से अधिक जहरीली भारी धातुओं की खतरनाक सांद्रता दर्ज की गई।
  - पश्चिमी घाट जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक उत्सर्जन से होने **वाली अम्लीय वर्षा** वनों की पुनर्योजी क्षमता को कम कर रही है, जिससे जैव विविधता वाले क्षेत्रों को खतरा हो रहा है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **पशुओं द्वारा अनियंत्रित चराई:** वन क्षेत्रों में अनियंत्रित चराई से प्राकृतिक वनस्पति, विशेष रूप से शुष्क और अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों में, कम हो जाती है।
  - **थार रेगिस्तान क्षेत्र** में अत्यधिक चराई के वनों का ह्रास हो रहा है। इसके अतिरिक्त, वनों पर निर्भर चरवाहे संसाधनों में कमी से जूझ रहे हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो रहा है।
  - **राष्ट्रीय पशुधन मिशन** जैसे कार्यक्रमों में प्रभावी चराई प्रबंधन योजनाओं का अभाव है।
- **असंवहनीय पर्यटन प्रथाएँ:** पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पर्यटन से प्रदूषण बढ़ता है, जिससे वन्य जीवन बाधित होता है।
  - **कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व** और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों को अनियमित पर्यटन के कारण वाहन प्रदूषण एवं आवास क्षरण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

भारत में वन संरक्षण को बढ़ाने के लिये क्या उपाय अपनाए जा सकते हैं?

- **वन-आधारित आजीविका को सुदृढ़ बनाना:** सतत् वन-आधारित आजीविका को बढ़ावा देने से आर्थिक आवश्यकताओं को संरक्षण लक्ष्यों के साथ संरेखित किया जा सकता है।
  - **वन धन विकास योजना** जैसी पहलों ने जनजातीय समुदायों को गैर-लकड़ी वन उत्पादों (NTFP) के प्रसंस्करण और विपणन के लिये प्रशिक्षण देकर सफलता दिखाई है।
  - ऐसे कार्यक्रमों का विस्तार कर उनमें कृषि वानिकी और पारिस्थितिकी पर्यटन को शामिल करने से वनों की कटाई पर निर्भरता कम हो सकती है।
- **सामुदायिक भागीदारी का विस्तार: संयुक्त वन प्रबंधन (JFM)** और **वन अधिकार अधिनियम (2006)** के माध्यम से संरक्षण प्रयासों में स्थानीय समुदायों को शामिल करने से सतत् प्रथाओं को बढ़ावा मिल सकता है।
  - **वन संरक्षण समितियों (FPC)** जैसे सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने से स्वामित्व और बेहतर प्रवर्तन सुनिश्चित होता है।
  - उदाहरण के लिये **मध्य प्रदेश में संयुक्त वन प्रबंधन संगठन ने 1.2 मिलियन हेक्टेयर से अधिक** बंजर भूमि को पुन: स्थापित किया है, जिससे सहभागिता मॉडल की प्रभावकारिता सिद्ध हुई है।
    - इस मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करने से दीर्घकालिक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।
- **वनरोपण और पुनर्वनरोपण को बढ़ावा देना: ग्रीन इंडिया मिशन** जैसे कार्यक्रमों और **बॉन चैलेंज के तहत प्रतिबद्धताओं को जैवविविधता बहाली सुनिश्चित करने के लिये देशी प्रजातियों का उपयोग करके वनरोपण** पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये।
  - **भारत ने वर्ष 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि को** पुन: उपजाऊ बनाने का संकल्प लिया है, जिसे स्थानीय रोज़गार योजनाओं जैसे **मनरेगा** के साथ एकीकृत करके तेज़ किया जा सकता है।
  - हाल ही में तमिलनाडु में **375 हेक्टेयर मैंग्रोव** को पुन: स्थापित करने में मिली सफलता, ऐसे प्रयासों की व्यापकता को दर्शाती है।
- **अतिक्रमण विरोधी सख्त उपायों को लागू करना:** उपग्रह निगरानी और डिजिटल डेटाबेस के माध्यम से अतिक्रमण के खिलाफ प्रवर्तन को मज़बूत करने से महत्त्वपूर्ण वन क्षेत्रों की रक्षा की जा सकती है।
  - **भारतीय वन सर्वेक्षण (FSI)** पहले से ही वनों की कटाई की निगरानी के लिये भू-स्थानिक उपकरणों का उपयोग करता है, जिसका विस्तार वास्तविक समय में अवैध गतिविधियों पर नज़र रखने के लिये किया जा सकता है।
  - उदाहरण के लिये असम में भू-स्थानिक निगरानी से **काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में 1,500 हेक्टेयर से अधिक** अतिक्रमित भूमि को पुन: प्राप्त करने में मदद मिली।
    - ऐसी प्रौद्योगिकी को देशव्यापी स्तर पर लागू करने से आवास क्षति को रोका जा सकता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **संरक्षण के लिये प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना: LiDAR (लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग)**, ड्रोन और AI-आधारित निगरानी प्रणाली जैसी प्रौद्योगिकियों को अपनाकर कुशल वन प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकता है।
  - **राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र (NRSC)** पहले से ही वन मानचित्रण के लिये उपग्रह इमेज़री का उपयोग कर रहा है, जिसका उपयोग वनों की आग और अवैध कटाई की वास्तविक समय पर निगरानी के लिये किया जा सकता है।
  - उदाहरण के लिये **पश्चिमी घाट में LiDAR-आधारित मानचित्रण** ने लक्षित संरक्षण के लिये महत्त्वपूर्ण जैवविविधता क्षेत्रों की पहचान की है।
- **निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना: कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) और कार्बन ऑफसेट बाज़ारों** के माध्यम से वनीकरण परियोजनाओं में निवेश करने के लिये निजी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने से संरक्षण निधि में वृद्धि हो सकती है।
  - **प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन (CAMPA)** को कॉर्पोरेट साझेदारी को एकीकृत करने के लिये सुव्यवस्थित किया जा सकता है।
  - उदाहरण के लिये **मैंग्रोव पुनरुद्धार हेतु गुजरात के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज की साझेदारी** इस बात पर प्रकाश डालती है कि किस प्रकार सार्वजनिक-निजी मॉडल परिणाम दे सकते हैं।
    - **कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग** के लिये स्पष्ट दिशा-निर्देश अधिक निवेश आकर्षित करेंगे।
- **कृषि वानिकी और सतत् कृषि का एकीकरण: राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति (NAP)** के तहत कृषि वानिकी प्रथाओं को बढ़ावा देने से कृषि के लिये वनों की कटाई को कम किया जा सकता है, साथ ही किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है।
  - कृषि वानिकी मॉडल में वृक्षों को बाज़रा या तिलहन जैसी फसलों के साथ संयोजित करने से **मृदा स्वास्थ्य और कार्बन अवशोषण में सुधार हो सकता है।**
  - **कृषि वानिकी को बढ़ावा देने में कर्नाटक की सफलता** से जैव विविधता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था दोनों को लाभ होता है।
- **आक्रामक प्रजातियों पर नियंत्रण:** लैंटाना कैमरा और प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा जैसी आक्रामक विदेशी प्रजातियों के व्यवस्थित निष्कासन और नियंत्रण को सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से प्राथमिकता दी जानी चाहिये।
  - **राष्ट्रीय जैव विविधता कार्य योजना (NBAP)** जैसे कार्यक्रमों को आक्रामक प्रजातियों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने के लिये बढ़ाया जा सकता है।
  - राजस्थान के वन अधिकारी आक्रामक **जूलीफ्लोरा को हटाने में सहायता के लिये नरेगा** की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे अभियानों के विस्तार से देश भर में वन स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।
- **जलवायु-अनुकूल वन प्रबंधन:** जलवायु-अनुकूल वन प्रबंधन प्रथाओं, जिसमें **सूखा-प्रतिरोधी प्रजातियों का रोपण** और जल संरक्षण को बढ़ावा देना शामिल है, को प्राथमिकता दी जानी चाहिये।
  - वन क्षेत्रों में जल की उपलब्धता में सुधार के लिये **कैच द रेन पहल** जैसे कार्यक्रमों को वन संरक्षण प्रयासों के साथ एकीकृत किया जा सकता है।
- **पारिस्थितिकी पर्यटन मॉडल का विकास:** सतत् पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देने से संरक्षण के लिये राजस्व उत्पन्न हो सकता है, साथ ही जैव विविधता के बारे में जागरूकता भी उत्पन्न हो सकती है।
  - केरल और उत्तराखंड जैसे राज्यों ने **पारिस्थितिकी पर्यटन परियोजनाओं में अग्रणी भूमिका निभाई है,** जो आर्थिक लाभ के साथ वन संरक्षण को संतुलित करती हैं।
  - उदाहरण के लिये केरल की **थेनमाला इको-टूरिज्म परियोजना** स्थानीय आजीविका का समर्थन करती है। जैवविविधता वाले हॉटस्पॉट में ऐसे मॉडल का विस्तार करने से वन स्थिरता में वृद्धि की जा सकता है।
- **कानूनी ढाँचे और प्रशासन को मज़बूत करना: अवैध कटाई, आक्रामक प्रजातियों और जलवायु परिवर्तन** के

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

प्रभाव जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने के लिये **भारतीय वन अधिनियम (1927)** और **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (1972)** में संशोधन करके संरक्षण प्रयासों को मज़बूत किया जा सकता है।

- **CAMPA निधि** के कार्यान्वयन के लिये, जिसमें से **वर्ष 2022 तक केवल 33% का ही उपयोग किया गया है**, सख्त जवाबदेही तंत्र की आवश्यकता है।
- वन विभागों और स्थानीय सरकारों के बीच बेहतर समन्वय से प्रवर्तन संबंधी अंतराल को कम किया जा सकता है।

- **जैवविविधता गलियारे में वृद्धि:** खंडित आवासों के बीच वन गलियारे विकसित करने से मानव-वन्यजीव संघर्ष कम हो सकता है और जैवविविधता को संरक्षित किया जा सकता है।
  - **राष्ट्रीय वन्यजीव गलियारा परियोजना** जैसी परियोजनाओं का विस्तार कर सभी महत्त्वपूर्ण बाघ और हाथी रिज़र्वों को इसमें शामिल किया जाना चाहिये।
  - उदाहरण के लिये **काज़ीरंगा-कार्बी आंगलोंग गलियारे के पुनरुद्धार** से वन्यजीव तनाव और मानव संघर्ष में कमी आई, जिससे ऐसे उपायों की प्रभावशीलता प्रदर्शित हुई।

निष्कर्ष:

भारत के वन इसके **पारिस्थितिक संतुलन, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक विरासत के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।** हालाँकि वन क्षेत्र को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण प्रगति हुई है, लेकिन **वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन एवं कमज़ोर प्रवर्तन जैसी चुनौतियों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। सतत् आजीविका, सामुदायिक भागीदारी, तकनीकी एकीकरण और सख्त शासन** पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक बहुआयामी दृष्टिकोण वन पारिस्थितिकी तंत्र के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित कर सकता है।

■■■

लिंग-संवेदनशील नीति-निर्माण

लिंग-संवेदनशील नीति-निर्माण विभिन्न लिंगों पर नीतियों के विशिष्ट और प्राय: असमान प्रभावों का अभिनिर्धारण कर उनका हल करने पर आधारित है, विशेषकर ऐसे समाजों में जहाँ ऐतिहासिक और प्रणालीगत असमानताएँ बनी हुई हैं। भारत में, अन्ना विश्वविद्यालय यौन उत्पीड़न मामले जैसी घटनाओं से ऐसी नीतियों की तत्काल आवश्यकता उजागर हुई है, जहाँ **संस्थागत असंवेदनशीलता ने पीड़ितों द्वारा सामना किये जाने वाले आघात को बढ़ा दिया है। पर्याप्त सहायता** और **न्याय प्रदान करने में विफलता** व्यापक सामाजिक चुनौतियों को दर्शाती है, जो एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करती है। लिंग-संवेदनशील नीतियों का उद्देश्य **न केवल तत्काल असमानताओं को दूर करना** है, बल्कि **न्यायसंगत ढाँचे** का निर्माण करके समय के साथ स्थायी **सामाजिक-आर्थिक** और **सांस्कृतिक समानता** प्राप्त करने के लिये **आधारभूत उपकरण** के रूप में भी काम करना है।

लिंग-संवेदनशील नीति-निर्माण क्यों आवश्यक है?

- **निरंतर लैंगिक असमानताएँ:**
  - **महिला श्रम बल भागीदारी:** आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 में पाया गया है कि महिला श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) सत्र 2017-2018 में **23.3% से बढ़कर** सत्र 2022-2023 में **37% हो गई,** जो चीन के 61.5% जैसे वैश्विक एवं क्षेत्रीय बेंचमार्क से अपेक्षाकृत कम है।
    - इससे **महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता बाधित** होती है तथा राष्ट्रीय उत्पादकता कम होती है।
  - **वेतन असमानता:** जेंडर गैप इंडेक्स के अनुसार, **भारत की आर्थिक समानता 39.8%** है, जिसका अर्थ है कि **पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपए के लिये महिलाएँ 39.8 रुपए कमाती हैं।** हालाँकि वर्ष 2024 में भारत का **लैंगिक अंतराल 64.1% अनुमानित है।**
    - वेतन अंतराल महिलाओं के काम का मूल्य कम करता है, जिससे आर्थिक निर्भरता बढ़ती है और **शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा एवं विकास में निवेश सीमित** होता है।
  - **शैक्षणिक अंतराल:** महिलाओं में साक्षरता दर में सुधार लाने में महत्त्वपूर्ण प्रगति के बावजूद, प्रणालीगत बाधाएँ बनी हुई हैं जो लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने से रोकती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इसके अलावा, CSIR रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत में वैश्विक स्तर पर महिला **STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित)** स्नातकों का उच्चतम प्रतिशत (40%) होने के बावजूद, **STEM नौकरियों में उनका प्रतिनिधित्व केवल 14% ही** है।
- **गरीबी, ग्रामीण क्षेत्रों में** अपर्याप्त बुनियादी अवसंरचना और महिलाओं की तुलना में पुरुषों की शिक्षा को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंड जैसे कारक लैंगिक असमानताओं को बढ़ाते हैं।

- **राजनीतिक अल्प प्रतिनिधित्व:** **18वीं लोकसभा** में 74 महिलाएँ निर्वाचित हुईं, जो कुल संख्या का **13.6%** है, जो **17वीं लोक सभा में 78 महिलाओं (14.4%) से थोड़ी कम** है, जो देश के सर्वोच्च निर्णय लेने वाले निकाय में उनकी सीमांत उपस्थिति को दर्शाता है।
  - **राजनीति में इस अल्प प्रतिनिधित्व के कारण महिला-केंद्रित नीतियों** को अपर्याप्त समर्थन प्राप्त होता है और व्यापक शासन के लिये आवश्यक दृष्टिकोणों की विविधता कम हो जाती है।

- **सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाएँ:**
  - **पितृसत्तात्मक मानदंड:** गहरी जड़ें जमाए हुए **पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण** महिलाओं की गतिशीलता, निर्णय लेने की शक्ति और महत्त्वपूर्ण संसाधनों तक पहुँच को बाधित करते हैं।
    - उदाहरण के लिये, **लगभग 47% भारतीय महिलाएँ घरेलू वित्तीय निर्णयों** में अपनी बात रखती हैं, जो परिवारों और समुदायों में **लैंगिक शक्ति असंतुलन की व्यापक प्रकृति** को दर्शाता है।
  - **अंतर्विभागीय भेदभाव:** दलितों और मुसलमानों जैसे सीमांत समुदायों की महिलाओं को लिंग, जाति एवं धार्मिक पूर्वाग्रहों से जुड़ी **जटिल चुनौतियों का सामना** करना पड़ता है।
    - उदाहरण के लिये, **वर्ष 2011 की जनगणना** के अनुसार, मुसलमानों का श्रमिक जनसंख्या अनुपात 32.6 था, जबकि हिंदुओं और ईसाइयों का अनुपात क्रमशः 41 और 41.9 था।
  - **हिंसा और सुरक्षा संबंधी चिंताएँ: राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) 2023 की वर्ष 2023 की रिपोर्ट** से पता चलता है कि वर्ष 2022 में **भारत में महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों में 4% की चिंताजनक वृद्धि** हुई, जिसमें क्रूरता, अपहरण, हमले और यौन उत्पीड़न के मामले शामिल हैं।
    - सामाजिक कलंक, न्याय प्रणाली में विश्वास की कमी, प्रतिशोध के भय, दुर्व्यवहार और असुरक्षा की स्थिति के कारण कई मामले दर्ज नहीं हो पाते।

- **आर्थिक एवं विकासात्मक अनिवार्यताएँ**
  - **आर्थिक विकास की संभावना:** यह अनुमान लगाया गया है कि अर्थव्यवस्था में महिलाओं की समान भागीदारी से भारत के वर्ष 2025 **सकल घरेलू उत्पाद** में **16% की वृद्धि हो** सकती है, जिससे **700 बिलियन डॉलर की वृद्धि** होगी और **विकास दर में 1.4 प्रतिशत अंकों की वृद्धि** होगी।
    - इस क्षमता को साकार करने की दिशा में महिलाओं को अर्थव्यवस्था में पूर्ण रूप से भाग लेने से रोकने वाली **बाधाओं को दूर करने के लिये लक्षित हस्तक्षेप की आवश्यकता** है।
  - **स्वास्थ्य देखभाल परिणाम:** लिंग-संवेदनशील स्वास्थ्य देखभाल नीतियाँ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने में प्रभावी सिद्ध हुई हैं।
    - भारत में **मातृ मृत्यु दर** प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर 97 है तथा लक्षित पहलों से इसमें और कमी लाई जा सकती है जिससे समतापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल पहुँच सुनिश्चित की जा सकती है।
  - **मानव विकास: लैंगिक असमानताओं को समाप्त करना संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास लक्ष्य (SDG) को** प्राप्त करने के लिये मौलिक है, **विशेष रूप से लक्ष्य 5 पर,** जो सतत् विकास के लिये आधारशिला के रूप में लैंगिक समानता पर बल देता है।

- **नैतिक और विधिक आयाम**
  - **कानूनी बाधा:** एक महत्त्वपूर्ण **कानूनी बाधा लिंग-संवेदनशील नीति-निर्माण** की अनुपस्थिति है, जो अन्याय को कायम रखती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- अन्ना विश्वविद्यालय हमला मामले में पीड़ितों को दोषी ठहराने के लिये मद्रास **उच्च न्यायालय द्वारा तमिलनाडु पुलिस की आलोचना**, कानून प्रवर्तन प्रथाओं में **सुधार की तत्काल आवश्यकता** पर बल देती है।

- **संवैधानिक अधिदेश:** **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 39(d), 42** स्पष्ट रूप से **विधि के समक्ष समता की गारंटी** देते हैं और लिंग के आधार पर **भेदभाव पर रोक लगाते हुए महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हैं।**
  - इन प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना शासन की मूलभूत ज़िम्मेदारी है।
- **वैश्विक प्रतिबद्धताएँ:** महिलाओं के साथ होने वाले सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन पर कन्वेंशन (CEDAW) जैसे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के हस्ताक्षरकर्त्ता के रूप में, भारत लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और **महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने वाली नीतियों के अंगीकरण एवं लागू करने के लिये बाध्य** है।



लिंग-संवेदनशील नीति-निर्माण की दिशा में क्या प्रमुख कदम उठाए गए हैं?

- **विधायी संरचना**
  - **मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017:** प्रसवोत्तर बेहतर देखभाल के लिये **मातृत्व अवकाश को 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया गया** है तथा महिलाओं की कार्यबल भागीदारी को समर्थन देने के लिये 50 से अधिक कर्मचारियों वाले कार्यस्थलों में क्रेच सुविधाएँ अब अनिवार्य कर दी गई हैं।
  - **कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013:** यौन उत्पीड़न से संबंधित कार्यस्थल शिकायतों के समाधान के लिये एक औपचारिक तंत्र प्रदान करने हेतु संगठनों में **आंतरिक शिकायत समितियों (ICC)** के गठन को अनिवार्य बनाया गया।
  - **आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम, 2013: यौन उत्पीड़न और पीछा करने** जैसे अपराधों के लिये **कठोर दंड का प्रावधान** किया गया, जो **लिंग आधारित हिंसा** से निपटने के लिये दृढ़ प्रतिबद्धता का संकेत देता है।
  - **बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006:** इसका उद्देश्य कानूनी दंड लगाकर और जागरूकता को बढ़ावा देकर **बाल विवाह का प्रतिषेध करना है, विशेष रूप से ग्रामीण एवं सीमांत समुदायों में जहाँ यह प्रथा अभी भी प्रचलित है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **सरकारी पहल**
  - **लिंग आधारित बजट:** भारत में सत्र 2005-06 में शुरू की गई जेंडर बजट नीति और संसाधन आवंटन में लिंग संबंधी दृष्टिकोण को एकीकृत करने के लिये एक महत्त्वपूर्ण उपागम है।
  - केंद्रीय बजट 2024-25 में महिलाओं और बालिकाओं को लाभ पहुँचाने वाली योजनाओं के लिये **3 लाख करोड़ रुपए** से अधिक का आवंटन किया गया है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देना है।
  - इसके अलावा, मंत्रालयों और विभागों ने व्यय की निगरानी एवं महिलाओं पर इसके प्रभाव का आकलन करने के लिये **जेंडर बजट प्रकोष्ठों की स्थापना** की है।
  - **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP):** जन्म के समय लिंगानुपात में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो सत्र 2014-15 में 918 से बढ़कर सत्र 2019-20 में 934 हो गया, जो लड़के बच्चों के लिये चुनौतीपूर्ण सांस्कृतिक प्राथमिकताओं पर इसके प्रभाव को उजागर करता है।
  - **बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पोषण** सुनिश्चित करने के लिये मंत्रालयों के एकीकृत प्रयासों के बावजूद, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) की रिपोर्ट के अनुसार भारत में **12.6% छात्राएँ स्कूल छोड़ देती हैं**, जिनमें से **19.8% माध्यमिक स्तर पर** और **17.5% उच्च प्राथमिक स्तर पर** पढ़ाई छोड़ देती हैं।
  - **महिलाओं को प्राथमिकता देने वाली योजनाएँ:** मनरेगा, उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी विभिन्न सरकारी योजनाएँ नौकरियों, वित्तीय सहायता, स्वास्थ्य सेवा एवं ऊर्जा तक तरजीही पहुँच प्रदान करके महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देती हैं, जिसका उद्देश्य महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, स्वास्थ्य तथा उनके समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है।
  - उदाहरण के लिये, वित्तीय वर्ष 2023-24 में **कुल मुद्रा लाभार्थियों में से 63.6% महिला उद्यमी** थीं।
  - इसके अलावा, हिंसा से प्रभावित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर योजना चिकित्सा, कानूनी, मनोवैज्ञानिक और पुलिस सहायता सहित एकीकृत सेवाएँ प्रदान करती है। **प्रशिक्षण और रोज़गार कार्यक्रम (STEP) को समर्थन** महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिये प्रशिक्षण एवं रोज़गार के अवसर प्रदान करता है।
  - **अनुसंधान एवं विकास में भागीदारी को प्रोत्साहित करना:** संस्थानों के परिवर्तन के लिये लैंगिक उन्नति (GATI) कार्यक्रम तथा जैव प्रौद्योगिकी कैरियर उन्नति और पुनः अभिविन्यास (BioCARe) योजना **STEM** एवं जैव प्रौद्योगिकी में कॅरियर विकास के अवसर, अनुसंधान अनुदान व फेलोशिप प्रदान करके अनुसंधान एवं विकास में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देती है।
  - **डिजिटल समावेशन पहल:** PMGDISHA ने वंचित क्षेत्रों की महिलाओं को लक्षित किया, उनकी वित्तीय और नागरिक भागीदारी बढ़ाने के लिये डिजिटल भुगतान प्रशिक्षण तथा ई-गवर्नेंस मॉड्यूल प्रदान किये।
- **न्यायपालिका और नीति-निर्माण व्यवस्था**
  - **लिंग-संवेदनशील पुलिसिंग:** गृह मंत्रालय (MHA) की संसदीय स्थायी समिति ने सिफारिश की है कि गृह मंत्रालय राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को प्रत्येक ज़िले में कम-से-कम **एक महिला पुलिस स्टेशन स्थापित करने** की सलाह दे।
  - पुलिस कर्मियों के लिये लिंग-संवेदनशीलता प्रशिक्षण का उद्देश्य लैंगिक मुद्दों के बारे में उनकी समझ में सुधार लाना तथा महिलाओं से जुड़े मामलों का सहानुभूतिपूर्वक निपटान सुनिश्चित करना है।
  - **न्यायिक निर्देश:** सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देश कार्यस्थलों और शैक्षणिक संस्थानों में **लैंगिक-संवेदनशील नीतियों को अनिवार्य** बनाते हैं, **जागरूकता को बढ़ावा** देते हैं एवं **समावेशी वातावरण को बढ़ावा** देते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इसके अलावा, **भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने लैंगिक रूढ़िवादिता को सुधारने** तथा न्यायिक निर्णयों और लेखन में, विशेष रूप से महिलाओं के बारे में, हानिकारक रूढ़िवादिता से बचने के लिये न्यायाधीशों को मार्गदर्शन देने के लिये **एक पुस्तिका तैयार की** है।

- **नागरिक समाज का योगदान**
  - **ज़मीनी स्तर के आंदोलन:** SEWA (स्व-नियोजित महिला संघ) जैसे **गैर-सरकारी संगठन** अनौपचारिक क्षेत्र में महिलाओं के लिये **श्रम अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा** और **वित्तीय समावेशन** का समर्थन करते हैं, यह सुनिश्चित करते हैं कि नीतिगत चर्चाओं में उनकी आवाज़ का प्रतिनिधित्व हो।
  - **जागरूकता अभियान:** मासिक धर्म स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा और आर्थिक साक्षरता से संबंधित समुदाय-आधारित कार्यक्रमों ने महिलाओं को सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने तथा समान व्यवहार की मांग करने के लिये सशक्त बनाया है।



लिंग-संवेदनशील नीति-निर्माण के लिये आगे की राह:

- **संस्थागत तंत्र को सुदृढ़ करना:** लिंग-विशिष्ट कार्यक्रमों के लिये व्यवस्थित योजना और संसाधनों का आवंटन सुनिश्चित करने के लिये मंत्रालयों में लिंग बजट प्रकोष्ठों के दायरे का विस्तार करने की आवश्यकता है।
  - महिलाओं के जीवन में सुधार के लिये **बजटीय आबंटन की प्रभावशीलता** और **प्रभाव का आकलन करने के लिये नियमित ऑडिट** आयोजित किये जाने चाहिये।
- **महिला आरक्षण अधिनियम लागू करना: विधायी निकायों में महिलाओं का 33% प्रतिनिधित्व** सुनिश्चित करने के लिये नारी शक्ति वंदन अधिनियम के कार्यान्वयन में तेज़ी लाने की आवश्यकता है, जिससे शासन और नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी बढ़े।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **कार्यस्थल समानता: समान वेतन कानूनों** का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना तथा संगठनों को रोज़गार के सभी स्तरों पर लैंगिक प्रतिनिधित्व के लिये विविधता मानदंड अपनाने के लिये प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।
- **डेटा संग्रहण और विश्लेषण: विभिन्न क्षेत्रों में लिंग-आधारित डेटा** के लिये रियल टाइम ट्रैकिंग प्रणाली को लागू करने की आवश्यकता है, जिससे साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण और मूल्यांकन संभव हो सके।
  - महिलाओं द्वारा मुख्य रूप से किये जाने वाले अवैतनिक देखभाल कार्य के आर्थिक मूल्य का आकलन करने और उनका अभिनिर्धारण करने के लिये व्यापक समय-उपयोग सर्वेक्षण आयोजित किये जाने चाहिये।
- **शिक्षा और जागरूकता:** लैंगिक समानता के संबंध में छात्रों में प्रारंभिक जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिये स्कूल पाठ्यक्रम में **लैंगिक अध्ययन को शामिल** किये जाने की आवश्यकता है।
  - यौन हिंसा और प्रजनन अधिकार जैसे मुद्दों से जुड़े कलंक को दूर करने के लिये राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने, स्वतंत्र संवाद और सामाजिक स्वीकृति को प्रोत्साहित किया जाना चाहिये।
- **डिजिटल सशक्तीकरण:** महिलाओं को साइबर सुरक्षा और डेटा साक्षरता में प्रशिक्षित करने के लिये लक्षित आउटरीच कार्यक्रम प्रदान करने, **डिजिटल विभाजन को** पाटने तथा ऑनलाइन शिक्षा एवं वित्तीय सेवाओं तक पहुँच को सक्षम बनाने की आवश्यकता है।
  - इन उच्च विकास वाले क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिये **STEM क्षेत्रों** में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार किया जाना चाहिये।
- **शिकायत निवारण के लिये ई-गवर्नेंस:** लिंग आधारित हिंसा की रिपोर्टिंग के लिये उपयोगकर्त्ता अनुकूल डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने, गुमनामी सुनिश्चित करने और त्वरित निवारण तंत्र को सक्षम करने की आवश्यकता है।
- **वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखना:** वर्ष 2014 में, **स्वीडन ने विश्व की पहली स्पष्ट रूप से नारीवादी विदेश नीति** का अंगीकरण किया, जिसमें निर्णय लेने की सभी प्रक्रियाओं में लैंगिक परिप्रेक्ष्य को एकीकृत किया गया, जिसे भारत के सामाजिक-राजनीतिक संदर्भ के साथ जोड़ा जा सकता है।
  - कनाडा, फ्राँस और मैक्सिको जैसे देशों ने भी इसी प्रकार की नीतियाँ लागू की हैं, जो लिंग-समावेशी शासन की परिवर्तनकारी शक्ति को रेखांकित करती हैं।

निष्कर्ष

लिंग-संवेदनशील नीति-निर्माण केवल एक शासन उपागम नहीं है, बल्कि एक सामाजिक-आर्थिक आवश्यकता भी है। यद्यपि भारत ने **प्रगतिशील विधि और पहलों** के माध्यम से सराहनीय प्रगति की है, फिर भी प्रणालीगत अंतराल को समाप्त करने के लिये निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। **संरचनात्मक बाधाओं को दूर करके** और **समावेशी ढाँचों को बढ़ावा देकर,** लैंगिक समानता को एक आदर्श के द्वारा **वास्तविकता में बदला जा सकता है**, जिससे सभी के लिये न्याय, सम्मान एवं सतत् विकास सुनिश्चित हो सके।

■■■

भारत के लिये सेवा-आधारित विकास मॉडल

एक ऐसे दौर में जब विकासशील देश **आर्थिक अनिश्चितताओं का सामना** कर रहे हैं, एक प्रतिमान बदलाव विश्व भर में विकास रणनीतियों को नया आयाम दे रहा है। यद्यपि **विनिर्माण-आधारित विकास** समृद्धि का पारंपरिक मार्ग रहा है, विश्व बैंक के नए शोध से पता चलता है कि **सेवाओं को केंद्र में रखा जाना चाहिये।** डिजिटल परिवर्तन इस विकास में महत्त्वपूर्ण रहा है, जिसमें सेवाओं ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा दिया है, उच्च-कुशल नौकरियों का सृजन किया है, और कार्यबल में महिलाओं के लिये नए अवसर खोले हैं। जैसा कि भारत अपने आर्थिक भविष्य की रूपरेखा बना रहा है, **यह वैश्विक प्रवृत्ति इस संदर्भ में मूल्यवान अंतर्दृष्टि** प्रदान करती है कि किस प्रकार सेवा-आधारित विकास सतत् आर्थिक विकास के लिये उत्प्रेरक हो सकता है।

भारत में सेवा क्षेत्र का विकास किस प्रकार हुआ है?

- **स्वतंत्रता-पूर्व युग (वर्ष 1947 से पूर्व)**
  - **सीमित भूमिका:** सेवा क्षेत्र अविकसित था, **मुख्य रूप से औपनिवेशिक प्रशासन, परिवहन** और **व्यापार एवं शिक्षा** जैसी पारंपरिक सेवाओं तक सीमित था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :



- **बुनियादी अवसंरचना पर ध्यान:** ब्रिटिश पहलों के कारण रेलवे, **डाक सेवाओं और टेलीग्राफ प्रणालियों का विकास** हुआ, जिसने आधुनिक सेवा उद्योगों की नींव रखी।
- **शहरी संकेंद्रण:** सेवा क्षेत्र की गतिविधियाँ **मुंबई, कोलकाता और चेन्नई** जैसे शहरी केंद्रों में केंद्रित थीं।

- **स्वतंत्रता के बाद और प्रारंभिक दशक (1947-1980)**
  - **राज्य संचालित विकास:** सरकार ने **शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग, बीमा और परिवहन** जैसी सार्वजनिक सेवाएँ प्रदान करने में **महत्त्वपूर्ण भूमिका** निभाई।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (**जैसे, LIC, SBI जैसे राष्ट्रीयकृत बैंक**) की स्थापना से **वित्तीय और प्रशासनिक सेवाएँ सुदृढ़** हुईं।

- **कृषि और औद्योगिक फोकस:** सेवा क्षेत्र के विकास के बावजूद, **पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से कृषि और औद्योगीकरण पर बल** दिया गया।
  - सकल घरेलू उत्पाद में सेवा **क्षेत्र का मामूली योगदान, लगभग 30% था,** जिसमें निम्न उत्पादकता वाली पारंपरिक सेवाओं का प्रभुत्व था।

- **आर्थिक उदारीकरण और वैश्वीकरण (वर्ष 1991 के बाद)**
  - **1991 के आर्थिक सुधार:** उदारीकरण नीतियों ने व्यापार, विदेशी निवेश और निजी उद्यम पर प्रतिबंध हटा दिये।
    - **IT और IT-सक्षम सेवा (ITES) उद्योग** एक **परिवर्तनकारी उद्योग के रूप में उभरा** है।
    - **इंफोसिस, TCS और Wipro** जैसी कंपनियाँ **सॉफ्टवेयर सेवाओं में वैश्विक अग्रणी** बन गईं।
    - भारत के कुशल, अंग्रेज़ी बोलने वाले कार्यबल और लागत लाभ के कारण **BPO (बिज़नेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग)** और **KPO (नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग) क्षेत्र का विकास** हुआ।
  - **वित्तीय एवं व्यावसायिक सेवाओं का विकास:** बैंकिंग, बीमा और शेयर बाज़ार क्षेत्रों के उदारीकरण ने विस्तार को बढ़ावा दिया।
    - घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों की सेवा करने वाली **कानूनी, परामर्शदाता और लेखा फर्मों** का उदय हुआ।
  - **पर्यटन और आतिथ्य: घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन** में संवृद्धि ने **अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान** दिया।

- **वर्तमान रुझान (2000 के दशक से आगे)**
  - **सकल घरेलू उत्पाद में प्रमुख भूमिका:** सेवा क्षेत्र **भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 5-60% का योगदान** देता है, लेकिन **केवल 32% कार्यबल को ही रोज़गार** देता है।
  - **विविध उप-क्षेत्र:**
    - **IT और डिजिटल सेवाएँ:** भारत एक **वैश्विक IT पावरहाउस** है, जो विश्व भर में सॉफ्टवेयर और डिजिटल सॉल्यूशन प्रदान करता है।
    - **दूरसंचार: इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के तेज़ी से प्रसार** के साथ, भारत दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्त्ता आधार बन गया है।
    - **ई-कॉमर्स: फ्लिपकार्ट, अमेज़न और जोमैटो** जैसी कंपनियों ने **खुदरा और सेवा वितरण में क्रांति** ला दी है।
    - **स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा: निजी अस्पतालों और विश्वविद्यालयों की वृद्धि ने भारत को चिकित्सा पर्यटन एवं वैश्विक शिक्षा सेवाओं का केंद्र बना दिया** है।
    - **मीडिया और मनोरंजन: बॉलीवुड, OTT प्लेटफॉर्म** एवं **खेल प्रसारण** GDP में महत्त्वपूर्ण योगदानकर्त्ता के रूप में उभरे हैं।

सेवा-आधारित विकास भारत के आर्थिक विकास के किस प्रकार उत्प्रेरक सिद्ध हो सकता है?

- **उभरते क्षेत्रों में रोज़गार सृजन:** सेवा क्षेत्र, **विशेष रूप से IT, डिजिटल प्लेटफॉर्म** और **ई-कॉमर्स** अपने बड़े, कुशल कार्यबल का लाभ उठाते हुए भारत में रोज़गार संवृद्धि के प्राइमरी इंजन के रूप में स्थापित हुए हैं।
  - यह विभिन्न **कौशल क्षेत्रों में अवसर** प्रदान करता है, तथा **बेरोज़गारी और अल्परोज़गार को कम करता है।**
  - उदाहरण के लिये, **IT-BPM क्षेत्र में 5.4 मिलियन पेशेवर** कार्यरत हैं (मार्च, 2023 तक), और भारत की गिग इकॉनमी वर्ष **2030 तक 23.5 मिलियन श्रमिकों तक** पहुँचने की उम्मीद है।
- **डिजिटल सेवाओं में वैश्विक नेतृत्व:** IT और उभरती प्रौद्योगिकियों में भारत की प्रतिस्पर्द्धात्मक बढ़त इसे डिजिटल सॉल्यूशन के लिये वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करती है, जो आर्थिक विकास को समर्थन प्रदान करती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **AI, ब्लॉकचेन** और **क्लाउड कंप्यूटिंग** जैसे क्षेत्र निर्यात को रणनीतिक महत्त्व देते हैं।
- भारत का IT-BPM राजस्व सत्र 2023-24 में **245 बिलियन डॉलर** था, और UPI ने **देश में डिजिटल भुगतान में क्रांति** ला दी है।

- **स्मार्ट सेवाओं के माध्यम से शहरी विकास:** सेवा-आधारित शहरी समाधान **यातायात प्रबंधन और अपशिष्ट प्रबंधन जैसी शहरीकरण चुनौतियों का समाधान** करते हैं, तथा सतत् विकास को बढ़ावा देते हैं।
  - स्मार्ट सिटीज़ जैसी परियोजनाएँ **शहरी जीवन-यापन को बेहतर** बनाती हैं तथा **बुनियादी अवसंरचना में निवेश को बढ़ावा** देती हैं।
  - उदाहरण के लिये, **100 स्मार्ट शहरों में 84,000 से अधिक CCTV निगरानी** कैमरे लगाए गए हैं, जिससे **अपराध निगरानी, शहरी सुरक्षा** और **दक्षता** में सुधार करने में मदद मिली है।
- **डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ग्रामीण समावेशन: डिजिटल सेवाएँ** ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और बैंकिंग तक अभिगम को लोकतांत्रिक बनाती हैं, जिससे **क्षेत्रीय असमानताएँ कम होती हैं।**
  - ये मंच ग्रामीण आबादी को सशक्त बनाते हैं और उन्हें राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में एकीकृत करते हैं।
  - उदाहरण के लिये, भारत में टेलीमेडिसिन बाज़ार सत्र 2020-25 की अवधि के लिये **31% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) से बढ़ने की उम्मीद** है, जबकि PMGDISHA के तहत 47.8 मिलियन ग्रामीण नागरिकों को डिजिटल रूप से साक्षर के रूप में प्रमाणित किया गया है।
- **पर्यावरणीय स्थिरता के लिये हरित सेवाएँ: हरित वित्त और नवीकरणीय ऊर्जा परामर्श** जैसी स्थिरता-केंद्रित सेवाएँ जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।
  - वे आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए **स्वच्छ ऊर्जा में निवेश** को बढ़ावा देते हैं।
  - सरकार ने वित्त वर्ष 2024 में 20,000 करोड़ रूपए मूल्य के सॉवरेन ग्रीन बॉण्ड **की नीलामी** की और राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से वर्ष 2030 तक 6 लाख नौकरियाँ सृजित होने का अनुमान है, **जो ग्रीन जॉब्स मॉडल** को दर्शाता है।
- **स्वास्थ्य और शिक्षा के माध्यम से मानव पूंजी विकास:** स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सेवाओं का विस्तार एक **स्वस्थ, कुशल कार्यबल को बढ़ावा** देता है, जो **दीर्घकालिक विकास के लिये महत्त्वपूर्ण** है।
  - एडटेक और स्वास्थ्य योजनाएँ अभिगम और परिणामों में बदलाव ला रही हैं।
  - स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार हुआ है, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खातों से 42 करोड़ से अधिक **स्वास्थ्य रिकॉर्ड** जोड़े गए हैं, जिससे चिकित्सा इतिहास तक आसान अभिगम संभव हो रहा है। इसके अतिरिक्त भारत का **एडटेक मार्केट वर्ष 2023 में 5 बिलियन डॉलर** तक पहुँच गया है, जिससे सेवा वितरण एवं गुणवत्ता में सुधार हुआ है।
- **फिनटेक के माध्यम से वित्तीय समावेशन:** फिनटेक नवाचार बैंकिंग में क्रांति ला रहे हैं, वित्तीय अभिगम सुनिश्चित कर रहे हैं और आर्थिक असमानताओं को कम कर रहे हैं।
  - यह **डिजिटल परिवर्तन** बचत और औपचारिक आर्थिक गतिविधि को बढ़ाता है।
  - यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) **लेन-देन** वित्त वर्ष 2017-18 में 92 करोड़ से बढ़कर **वित्त वर्ष 2023-24 में 13,116 करोड़ हो गया है** और PM जन-धन योजना खाते **अगस्त 2023 में 500 मिलियन को पार कर गए हैं,** जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है।
- **सेवा निर्यात से व्यापार संतुलन को बढ़ावा:** सेवा निर्यात **भारत के वस्तु व्यापार घाटे की भरपाई और विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिये महत्त्वपूर्ण** है।
  - IT और व्यावसायिक सेवाओं में भारत की मज़बूत पकड़ इस रणनीति का आधार है।
  - भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, भारत का सेवा निर्यात सत्र **2022-23 (वित्त वर्ष**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

23) में रिकॉर्ड 26.6% बढ़कर 322 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया, जिससे वस्तु व्यापार घाटे की भरपाई हुई और भारत की वैश्विक आर्थिक स्थिति मज़बूत हुई।

- **PPP के माध्यम से बुनियादी अवसंरचना के विकास को बढ़ावा देना:** लॉजिस्टिक्स और परिवहन जैसी सेवाओं में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) बुनियादी अवसंरचना के विकास को बढ़ाती है, तथा आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देती है।
  - **17 बिलियन डॉलर के निवेश** के साथ दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स सेवाओं को एकीकृत करता है, जिससे आर्थिक उत्पादकता बढ़ती है।
    - ऐसी पहल **संधारणीय विकास रणनीतियों को आधार** प्रदान करती हैं।

भारत के लिये सेवा-आधारित विकास मॉडल से संबंधित प्रमुख मुद्दे क्या हैं?

- **सेवा क्षेत्र में बेरोज़गारी वृद्धि:** यद्यपि सेवा क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद पर हावी है, लेकिन **बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन** करने की इसकी क्षमता **कृषि और विनिर्माण की तुलना में सीमित** है।
  - अधिकतर नौकरियाँ या तो कम वेतन वाली हैं या फिर उनके लिये विशेष कौशल की ज़रूरत होती है, जिससे असमानताएँ बढ़ती हैं। सेवा क्षेत्र **भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग आधे का योगदान देता है,** लेकिन यह **अपने कार्यबल के केवल एक-तिहाई हिस्से को ही रोज़गार** देता है।
    - इसके अतिरिक्त, **भारत की बेरोज़गारी दर 8.1% (CMIE, अप्रैल 2024)** है, जो रोज़गार सृजन और कार्यबल की मांग के बीच असंतुलन को दर्शाती है।
- **विनिर्माण और कृषि पर ध्यान का अभाव: सेवाओं पर अत्यधिक बल देने से विनिर्माण और कृषि से ध्यान हट जाता है, जो बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन एवं ग्रामीण विकास** के लिये आवश्यक क्षेत्र हैं।
  - आर्थिक सर्वेक्षण (2023-24) के अनुसार, **भारत का कार्यबल लगभग 56.5 करोड़** है, जिसमें से **45% से अधिक कृषि में** और **11.4% विनिर्माण में कार्यरत** हैं।
  - केवल सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने से **असमान क्षेत्रीय विकास होगा, जिससे समग्र आर्थिक विकास प्रभावित होगा।**
- **विषम क्षेत्रीय विकास:** सेवा-आधारित विकास अनुपातहीन रूप से **शहरी क्षेत्रों में केंद्रित** है, जिससे ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्र अविकसित रह जाते हैं।
  - इससे क्षेत्रीय असंतुलन उत्पन्न होता है और ग्रामीण गरीबी बढ़ती है।
  - उदाहरण के लिये, **कर्नाटक के IT निर्यात** (बंगलुरु जैसे शहरों के नेतृत्व में) **में 27% की प्रभावशाली संवृद्धि** हुई, जिससे **भारत के IT निर्यात में राज्य की हिस्सेदारी बढ़कर 42%** हो गई।
    - NITI आयोग के अनुसार **बिहार और झारखंड जैसे राज्य** कृषि पर निर्भर हैं, जहाँ गरीबी क्रमशः **33.76%** और **28.81%** है।
- **बाह्य मांग पर निर्भरता:** भारत का सेवा निर्यात, विशेषकर **IT और BPO,** वैश्विक बाज़ारों पर बहुत अधिक निर्भर करता है, जिससे अर्थव्यवस्था **अमेरिका या यूरोपीय संघ में मंदी जैसे बाह्य झटकों के प्रति संवेदनशील** हो जाती है।
  - इस तरह की निर्भरता **वैश्विक मांग में अस्थिरता** के लिये इस क्षेत्र को उजागर करती है। **निर्मल बंग सिक्योरिटीज़** की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत की मज़बूत आर्थिक स्थिति के बावजूद, देश संभावित अमेरिकी मंदी से पूरी तरह से अछूता नहीं है।
    - यहाँ तक कि "सामान्य" आर्थिक परिस्थितियों में भी, **वैश्विक आर्थिक दबावों ने भारत की घरेलू संवृद्धि को लगभग 1.5-2.5% तक धीमा** कर दिया है, जिसका अर्थ है कि **अमेरिका में मंदी का भारत की अर्थव्यवस्था पर और अधिक प्रभाव** पड़ सकता है।
- **कौशल अंतराल और कार्यबल बेमेल:** कार्यबल के कौशल और उद्योग की मांग के बीच संरेखण की कमी सेवा क्षेत्र की मापनीयता को सीमित करती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- यद्यपि इस क्षेत्र में तकनीक-प्रेमी और उच्च-कुशल पेशेवरों की मांग है, फिर भी भारत की अधिकांश श्रम शक्ति अर्द्ध-कुशल बनी हुई है।
- भारत के ग्रेजुएट स्किल इंडेक्स-2023 से पता चला है कि रोज़गार अभ्यर्थी भारतीय स्नातकों में से **केवल 45% के पास** उद्योगों की तेज़ी से विकसित हो रही मांगों को पूरा करने के लिये **आवश्यक कौशल** हैं।
- NSSO के 68वें दौर के अनुसार, **भारत के केवल 4.69% कार्यबल को औपचारिक कौशल प्रशिक्षण** प्राप्त हुआ है, जबकि **अमेरिका में यह 52%, ब्रिटेन में 68%** और **जर्मनी में 75%** है।

- **शहरी भीड़भाड़ और बुनियादी अवसंरचना पर दबाव:** सेवा-आधारित शहरीकरण के कारण प्रमुख शहरों में भीड़भाड़, यातायात की भीड़भाड़ और अपर्याप्त बुनियादी अवसंरचना की समस्या उत्पन्न हो गई है।
  - इससे उत्पादकता और जीवनयापन में कमी आती है। उदाहरण के लिये, **बंगलुरु** को **विश्व स्तर पर दूसरा सबसे खराब यातायात वाला शहर** माना गया है।
  - भारत में वर्तमान में **35% शहरी आबादी** है, अनुमान है कि **वर्ष 2047 तक यह आँकड़ा बढ़कर 53% हो जाएगा।** इसका मतलब है कि शहरी आबादी लगभग दोगुनी हो जाएगी, **अतिरिक्त 400 मिलियन लोग शहरों की ओर रूख करेंगे,** जिससे शहरी सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ेगा।
- **अनौपचारिक अर्थव्यवस्था का बहिष्कार:** अनौपचारिक क्षेत्र, जो **90% से अधिक कार्यबल को रोज़गार** देता है, सेवा-आधारित विकास मॉडल के लाभों से बहुत हद तक बाहर रखा गया है।
  - इससे असुरक्षा की स्थिति बनी रहती है तथा श्रमिकों के लिये सामाजिक सुरक्षा और आय स्थिरता का अभाव रहता है।
  - उदाहरण के लिये, **स्विगी और उबर** जैसे प्लेटफॉर्म के उदय के बावजूद, गिग वर्कर्स को अधिक काम के बावजूद **वेतन शोषण का सामना** करना पड़ता है **(77% से अधिक लोग सालाना 2.5 लाख रुपए से कम अर्जित कर पाते हैं)।**
    - हाल ही में भारत के 32 शहरों में किये गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि **85% गिग वर्कर्स ड्राइवर और राइडर के रूप में प्रतिदिन आठ घंटे से अधिक काम करते हैं,** तथा **21% कर्मचारी प्रतिदिन 12 घंटे से अधिक काम** करते हैं।
- **सेवाओं की कम घरेलू खपत:** सेवा-आधारित विकास बहुत हद तक निर्यात पर निर्भर करता है, क्योंकि निम्न आय स्तर और अपर्याप्त बुनियादी अवसंरचना के कारण सेवाओं की घरेलू खपत सीमित रहती है।
  - उदाहरण के लिये, कम घरेलू मांग के कारण मई 2024 में भारत के सेवा क्षेत्र की संवृद्धि धीमी पड़ गई, तथा **क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) गिरकर 60.2 पर आ गया।**

भारत सेवा-आधारित विनिर्माण और कृषि विकास को आगे बढ़ाते हुए सेवा क्षेत्र के विकास को किस प्रकार कायम रख सकता है?

- **कौशल विकास और उद्योग सहयोग को बढ़ावा देना:** भारत को कौशल विकास कार्यक्रमों को उद्योग की मांगों के अनुरूप बनाना होगा, ताकि सेवाओं और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों में कार्यबल के अंतर को कम किया जा सके।
  - **स्किल इंडिया** और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना **(PMKVY)** जैसी पहलों के तहत निजी भागीदारों के साथ सहयोग करके रोज़गारपरकता और मापनीयता सुनिश्चित की जा सकती है।
  - उदाहरण के लिये, **इंफोसिस जैसी दिग्गज़ IT कंपनियों के साथ साझेदारी से युवाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकियों में कौशल प्रदान किया जा सकता है, IT सेवाओं को समर्थन** दिया जा सकता है, जबकि उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन **(PLI) योजनाओं के तहत** उन्नत विनिर्माण तकनीकों में प्रशिक्षण से **औद्योगिक उत्पादकता को बढ़ावा** मिल सकता है।
- **एकीकृत कृषि प्रसंस्करण और सेवा केंद्रों का विकास:** लॉजिस्टिक्स और डिजिटल सेवाओं के साथ एकीकृत कृषि

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

प्रसंस्करण क्लस्टरों की स्थापना से कृषि में मूल्य संवर्द्धन को बढ़ावा मिल सकता है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक बाज़ारों से जोड़ा जा सकता है।

- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (PMFME) जैसी पहल, e-NAM (राष्ट्रीय कृषि बाज़ार) के साथ मिलकर ऐसे केंद्र बना सकती हैं।
- उदाहरण के लिये, किसानों को खरीददारों से जोड़ने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म कार्यकुशलता बढ़ा सकते हैं, जबकि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ ग्रामीण रोज़गार सृजन कर सकती हैं तथा निर्यात को बढ़ावा दे सकती हैं।

- **शहरी-ग्रामीण संपर्क के लिये स्मार्ट बुनियादी अवसंरचना में निवेश:** ग्रामीण सड़कों, कोल्ड चेन और वेयरहाउसिंग सहित स्मार्ट बुनियादी अवसंरचना का निर्माण, ग्रामीण कृषि उत्पादन को शहरी सेवा एवं विनिर्माण उद्योगों से जोड़ सकता है।
  - लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर के लिये PM गति शक्ति और **रूर्बन मिशन** के अभिसरण से इन अंतरालों को दूर किया जा सकता है।
  - उदाहरण के लिये, सुविकसित लॉजिस्टिक्स नेटवर्क **पंजाब जैसे खाद्य अधिशेष वाले राज्यों को शहरी बाज़ारों से जोड़ सकता है,** जिससे बर्बादी में कमी आ सकती है और आपूर्ति श्रृंखला दक्षता बढ़ सकती है।
- **डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के साथ MSME समर्थन को बढ़ावा:** यदि डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से समर्थन दिया जाए तो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य कर सकते हैं।
  - **पंजीकरण में सुविधा के लिये उद्यम पोर्टल** जैसे प्लेटफॉर्म का विस्तार, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) के साथ मिलकर, छोटे व्यवसायों को मुख्यधारा की आपूर्ति श्रृंखलाओं में लाया जा सकता है।
  - उदाहरण के लिये, छोटे निर्माताओं को डिजिटल बनाने से वे आतिथ्य या IT जैसे बड़े **सेवा उद्योगों को कल-पुर्जे आपूर्ति करने में सक्षम** हो सकते हैं।
- **कृषि और ग्रामीण ऋण के लिये फिनटेक का लाभ उठाना:** फिनटेक नवाचारों का उपयोग करते हुए वित्तीय पहुँच का विस्तार करके किसानों और ग्रामीण उद्यमों को आधुनिक कृषि एवं कृषि-व्यवसाय में निवेश करने के लिये आवश्यक ऋण उपलब्ध कराया जा सकता है।
  - **प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY)** जैसी योजनाओं को **किसान क्रेडिट कार्ड डिजिटलीकरण** जैसे प्लेटफॉर्मों के साथ मिलाकर निर्बाध ऋण वितरण सुनिश्चित किया जा सकता है।
  - उदाहरण के लिये, ग्रामीण ऋण के साथ **AI-आधारित जोखिम मूल्यांकन उपकरणों को एकीकृत करने से** NPA में कमी आ सकती है और किसानों को उच्च उपज तकनीक अंगीकरण के लिये सशक्त बनाया जा सकता है।
- **ग्रामीण रोज़गार के लिये पर्यटन और आतिथ्य को बढ़ावा देना:** होमस्टे कार्यक्रमों, सांस्कृतिक सर्किटों और इको-टूरिज़्म के माध्यम से ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने से रोज़गार के अवसरों के सृजन हो सकते हैं, साथ ही ग्रामीण विरासत को संरक्षित किया जा सकता है।
  - स्वदेश दर्शन और प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) जैसी योजनाएँ कारीगरों व छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिये सहयोग कर सकती हैं।
  - उदाहरण के लिये, उत्तराखंड में इको-टूरिज़्म परियोजनाएँ स्थानीय लोगों को स्थायी आय प्रदान करती हैं, तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के साथ ही कृषि को आतिथ्य से जोड़ती हैं।
- **विनिर्माण को समर्थन देने के लिये नवीकरणीय ऊर्जा सेवाओं को बढ़ावा देना:** नवीकरणीय ऊर्जा सेवाओं को बढ़ाने से विनिर्माण और कृषि के लिये संधारणीय एवं कम लागत वाली बिजली उपलब्ध हो सकती है।
  - KUSUM (सौर सिंचाई) और राष्ट्रीय सौर मिशन जैसी योजनाएँ ग्रामीण उद्यमों के लिये ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में सहयोग कर सकती हैं।
  - उदाहरण के लिये, सौर ऊर्जा चालित शीत भण्डारण, फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं तथा लघु कृषि प्रसंस्करण उद्योगों को भी सहायता प्रदान कर सकते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME | UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME | IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME | दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) के माध्यम से अनुसंधान और नवाचार को सुदृढ़ करना:** PPP के माध्यम से नवाचार को प्रोत्साहित करने से सेवाओं और विनिर्माण दोनों में प्रगति हो सकती है।
  - स्टार्टअप इंडिया के तहत इंडस्ट्रियल पार्क के साथ नवाचार केंद्रों की स्थापना से **स्वचालन, कृषि-तकनीक और लॉजिस्टिक्स** में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा मिल सकता है।
  - उदाहरण के लिये, **विश्वविद्यालयों और महिंद्रा एग्री सॉल्यूशंस जैसी कंपनियों के बीच साझेदारी** से किफायती कृषि मशीनरी बनाई जा सकती है, तथा कृषि परिवर्तन के लिये विनिर्माण के साथ सेवाओं का सम्मिश्रण किया जा सकता है।
- **दक्षता के लिये आपूर्ति श्रृंखलाओं को डिजिटल बनाना:** भारत ब्लॉकचेन और IoT जैसे डिजिटल उपकरणों का लाभ उठाकर कृषि, विनिर्माण एवं सेवाओं में आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुव्यवस्थित कर सकता है।
  - **PM गति शक्ति** जैसी योजनाएँ रियल टाइम ट्रैकिंग और वितरण में सुधार के लिये तकनीकी प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत हो सकती हैं।
  - उदाहरण के लिये, **कृषि निर्यात में ब्लॉकचेन-सक्षम ट्रेसेबिलिटी** वैश्विक गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित कर सकती है, जिससे **किसानों और निर्यातकों दोनों को लाभ** होगा।
- **कौशल और सेवा एकीकरण के माध्यम से निर्यात क्षमता का विस्तार:** विनिर्माण को लॉजिस्टिक्स, वित्त और IT जैसी उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं के साथ एकीकृत करने से भारत की निर्यात प्रतिस्पर्द्धात्मकता बढ़ सकती है।
  - सेवा निर्यात के लिये PLI प्रोत्साहनों को विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) **नीतियों के साथ संरेखित करने से वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्द्धी उद्योग सृजित हो सकते हैं।**
  - उदाहरण के लिये, दवा विनिर्माण को नियामक परामर्श सेवाओं के साथ संयोजित करने से नवोदित बाज़ारों तक अभिगम में मदद मिल सकती है।
- **सेवाओं और कृषि में महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करना:** यदि महिलाओं को शिक्षा, ऋण और उद्यमशीलता के अवसरों तक पहुँच में सहायता प्रदान की जाए तो वे ग्रामीण आर्थिक विकास को गति दे सकती हैं।
  - **दीनदयाल अंत्योदय योजना** के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों (SHG) **को** डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म से जोड़ने से महिला किसानों और सेवा प्रदाताओं को सशक्त बनाया जा सकता है।
  - उदाहरण के लिये, **गुजरात में महिलाओं के नेतृत्व वाली डेयरी सहकारी समितियों ने** कृषि और सेवाओं के बीच तालमेल प्रदर्शित करते हुए **अमूल की सफलता** में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

निष्कर्ष:

भारत की **सेवा-आधारित संवृद्धि** सतत् आर्थिक विकास के लिये एक आशाजनक मार्ग प्रदान करती है, जो **SDG 8 (सभ्य कार्य और आर्थिक विकास)** एवं **SDG 9 (उद्योग, नवाचार और बुनियादी अवसंरचना) के साथ संरेखित** है। डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाकर, कौशल विकास में सुधार करके और ग्रामीण एवं शहरी संपर्कों के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देकर, भारत मौजूदा असमानताओं व क्षेत्रीय विषमताओं को दूर कर सकता है। साथ ही, समग्र और दीर्घकालिक विकास के लिये कृषि एवं विनिर्माण के साथ सेवाओं के विकास को संतुलित करने की भी आवश्यकता बनी हुई है।

■■■

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

अभ्यास प्रश्न

1. भारत में डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर बढ़ती निर्भरता के साथ, देश को उभरते साइबर खतरों से बढ़ते जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे उभरते साइबर जोखिमों के विरुद्ध भारत की आघातसहनीयता बढ़ाने के लिये क्या उपाय अपनाए जाने चाहिये?
2. भारत के कृषि क्षेत्र के संदर्भ में MSP को विधिसम्मत बनाने के संभावित लाभों और चुनौतियों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये तथा इसके प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के उपाय सुझाइये।
3. वैश्विक सुरक्षा गतिशीलता के संदर्भ में भारत के लिये उभरते परमाणु खतरों का मूल्यांकन कीजिये। इन जोखिमों को कम करने के लिये भारत को कौन से रणनीतिक उपाय अपनाने चाहिये?
4. अनेक विनियामक उपायों के बावजूद, भारत में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को अभी भी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के कार्यान्वयन में प्रमुख मुद्दों का अभिनिर्धारण करते हुए चर्चा कीजिये।
5. "भारत में जल कुप्रबंधन इसकी सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिरता के लिये एक बड़ा खतरा बन गया है।" इसके परिणामों और इस चुनौती से निपटने के लिये आवश्यक उपायों पर चर्चा कीजिये।
6. भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को वैश्विक मान्यता प्राप्त हो गई है, फिर भी फंडिंग की कमी, विनियामक बाधाएँ और सीमित नवाचार जैसी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। चर्चा कीजिये।
7. भारत में मृदा क्षरण के प्रमुख कारणों का परीक्षण कीजिये और इससे निपटने के लिये वर्तमान सरकारी उपायों की प्रभावशीलता का आकलन कीजिये। मृदा स्वास्थ्य को पुनर्स्थापित करने और संधारणीय कृषि सुनिश्चित करने के लिये अतिरिक्त रणनीतियाँ सुझाइये।
8. "वैश्विक शासन में लघुपक्षवाद एक प्रमुख दृष्टिकोण के रूप में उभर रहा है, जो क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों के लिये लचीला व केंद्रित समाधान प्रस्तुत करता है"। मिनीलेटरल फ्रेमवर्क के लाभ और सीमाओं पर चर्चा कीजिये।
9. वैश्विक मानकों को पूरा करने में भारत के विनिर्माण क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का विश्लेषण कीजिये। इसकी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धात्मकता बढ़ाने के लिये क्या उपाय किये जाने चाहिये?
10. "भारत में समतापूर्ण और समावेशी विकास प्राप्त करने के लिये सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) आवश्यक है।" UHC प्राप्त करने में चुनौतियों पर चर्चा करते हुए सभी के लिये स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता, अभिगम और सामर्थ्य सुनिश्चित करने के उपाय सुझाइये।
11. भारत में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' (ONOE) को लागू करने के संभावित लाभों और चुनौतियों का परीक्षण कीजिये। एक राष्ट्र, एक चुनाव के संबंध में भारत अन्य देशों से क्या सीख सकता है?
12. भारत की अर्थव्यवस्था, समाज और सांस्कृतिक पहचान पर वैश्वीकरण के प्रभाव का परीक्षण कीजिये। भारत को इसके लाभों का दोहन करने और इसके प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिये क्या उपाय अपनाने चाहिये।
13. भारत में पर्यटन क्षेत्र की वर्तमान स्थिति का परीक्षण कीजिये। इस क्षेत्र के सामने क्या चुनौतियाँ हैं और सरकार व निजी अभिकर्त्ता उनका समाधान करने के लिये किस प्रकार सहयोग कर सकते हैं?
14. "यद्यपि पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) फ्रेमवर्क भारत के सतत् विकास के लिये आवश्यक है, फिर इसके प्रभावी कार्यान्वयन में कई चुनौतियाँ हैं।" भारत के लिये ESG के महत्त्व पर चर्चा कीजिये और मौजूदा बाधाओं को दूर करने के उपाय सुझाइये।
15. भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास और तैनाती से जुड़े कानूनी परिदृश्य का परीक्षण किया जाना चाहिये। यह सुनिश्चित करने के लिये क्या उपाय लागू किये जा सकते हैं कि AI प्रौद्योगिकियों का ज़िम्मेदारी से उपयोग किया जाए?
16. भारत में दवाओं की गुणवत्ता, मूल्य निर्धारण और उपलब्धता सुनिश्चित करने में विनियामक निकायों और नीतियों की भूमिका का परीक्षण कीजिये। मौजूदा विनियामक फ्रेमवर्क के आलोक में दवा उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा कीजिये।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

17. "भारत-रूस संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं, लेकिन बदलती वैश्विक गतिशीलता इस साझेदारी के लिये नई चुनौतियाँ और अवसर प्रस्तुत करती है।" चर्चा कीजिये।
18. भारत के लिये खाड़ी क्षेत्र के महत्त्व पर चर्चा करें तथा क्षेत्रीय चुनौतियों के बीच इस साझेदारी को मजबूत करने के लिये रणनीति सुझाएँ
19. "भारत का हरित अर्थव्यवस्था की ओर संक्रमण, जलवायु परिवर्तन और सतत्त विकास दोनों को संबोधित करने के लिये आवश्यक माना जाता है।" इस संक्रमण को प्राप्त करने में भारत के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करें।
20. भारत में ग्रामीण विकास में बाधा डालने वाली प्रमुख चुनौतियाँ क्या हैं, तथा सतत् एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिये क्या उपाय किये जा सकते हैं?
21. भारत में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) को लागू करने के संभावित लाभों और चुनौतियों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये। वित्तीय समावेशन, मौद्रिक नीति और वाणिज्यिक बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता के लिये इसके निहितार्थों पर चर्चा कीजिये।
22. भारत के आपदा प्रबंधन फ्रेमवर्क का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये, प्रमुख नीतिगत सुधारों, मौजूदा चुनौतियों और बढ़ती जलवायु भेद्यताओं के संदर्भ में आपदा समुत्थानशीलन को सुदृढ़ करने के संभावित उपायों पर प्रकाश डालिये।
23. भारत के आपदा प्रबंधन फ्रेमवर्क का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये, प्रमुख नीतिगत सुधारों, मौजूदा चुनौतियों और बढ़ती जलवायु भेद्यताओं के संदर्भ में आपदा समुत्थानशीलन को सुदृढ़ करने के संभावित उपायों पर प्रकाश डालिये।
24. पारिस्थितिकी संतुलन, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक विरासत के लिये वन महत्त्वपूर्ण हैं। भारत में वन संरक्षण के समक्ष आने वाली चुनौतियों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिये तथा जलवायु परिवर्तन एवं विकास के दबावों के मद्देनजर उनके सतत् प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उपाय सुझाएँ।
25. भारत में महिलाओं के समक्ष कौन-सी प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक असमानताएँ हैं, तथा लिंग-संवेदनशील नीति-निर्माण से किस प्रकार इन चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है?
26. भारत में आर्थिक विकास के लिये सेवा-आधारित विकास को संभावित उत्प्रेरक के रूप में पहचाना गया है। भारत के आर्थिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने में सेवा क्षेत्र की भूमिका पर चर्चा करते हुए सतत् विकास को प्राप्त करने में इसके द्वारा प्रस्तुत अवसरों और चुनौतियों का परीक्षण कीजिये।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :